मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 100, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 16

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 15

एक नजर

बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

रांची। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को झारखंड के आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

चैंपियंस ट्रॉफी: पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

दुबई/कराची। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी। इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है।

संसद की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली। अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अब कार्यवाही 2 दिसंबर को शुरू होगी।

निचली अदालत मस्जिद सर्वेक्षण पर आगे न बढ़े

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- संभल सर्वे : तब तक यथास्थिति बरकरार रखने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है।

जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख 8 जनवरी तय की गई है।

मथुरा शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस पर विस्तार से सुनवाई होगी। हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

सर्वे मामले की सुनवाई अब 8 जनवरी को होगी

चन्दौसी। कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी।

हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से दाखिल हुईं। पुलिस गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई।

राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

- कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी
- पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। इस छापेमारी का उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन और अन्य माध्यमों से अश्लील कंटेंट बनाने के साथ इसके प्रसार, खरीद-फरोख्त में संदिग्धों की भूमिका का राजफाश करना है।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

राजकुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले अतुल के पडरौना स्थित घर में पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से पूछताछ की गई। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी सुबह 8.30 बजे ईडी ने छापेमारी की। इस दौरान अरविंद मौके पर नहीं मिला, लेकिन टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम 7 बजे तक पूछताछ और छानबीन जारी थी। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था।

सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

40 से अधिक प्रतिष्ठानों पर आयकर का छापा जारी

लखनऊ/कानपुर : आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं।

डॉ. रतन पाल सिंह बने स्वास्थ्य महानिदेशक

लखनऊ। प्रदेश में महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को नया स्वास्थ्य महानिदेशक बनाया गया है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी की ओर से जारी आदेश में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. सुषमा सिंह को महानिदेशक परिवार कल्याण बनाया गया है। साथ ही अन्य आदेश में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अपर निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. सुशील गुप्ता को बलरामपुर अस्पताल का निदेशक नियुक्त किया गया है।

तय करनी होगी जवाबदेही अब लेने होंगे कठोर निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाद्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी।

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए।

संविदा बिजली कर्मियों ने हड़ताल की तो होंगे बर्खास्त

लखनऊ। पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के संविदा कर्मियों ने हड़ताल की तो उन्हें बर्खास्त किया जाएगा। ऊर्जा निगमों के निजीकरण को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच संविदा कर्मियों को यह चेतावनी मिलना शुरू हो गई है। संविदा कर्मियों के नेता देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि चेतावनी के बाद उनकी प्रबंधन स्तर पर वार्ता हो चुकी है। प्रबंधन ने संविदा कर्मियों के साथ कोई अन्याय न होने का दावा किया है। इस संबंध में 8 दिसंबर को संगठन कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जो निर्णय होगा, उसी आधार पर संविदा कर्मी अपने आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे।

❍ गोल चौराहा से यूनिवर्सिटी तक छोटे और बड़े मिलाकर 500 से अधिक गड्ढे ❍ गुरुदेव के बाद सड़क पर चलना भी दूभर

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी जीटी रोड बदहाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली तक लोक निर्माण विभाग को सड़कें गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिया था, लेकिन नेशनल हाइवे लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों के कान पर जूं नहीं रेंगी। शहर से निकली जीटी रोड पर 10 या 20 नहीं, बल्कि पांच किलोमीटर के अंतराल में छोटे व बड़े मिलाकर लगभग 500 से अधिक गड्ढे है। गुरुदेव चौराहा के आगे तो आधी सड़क खराब है।

अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को जीटी रोड का हाल-चाल जाना। जब गोल चौराहा से कल्याणपुर की ओर आगे बढ़े तो गोल चौराहा से लेकर रावतपुर क्रासिंग तक कई जगहों पर सड़क कटी और ऊबड़-खबड़ मिली। फुटपाथ का नामोनिशान तक नहीं दिख रहा था। रावतपुर क्रासिंग से आगे बढ़े तो चौराहे के पास ही सड़क खराब है। गीता नगर क्रासिंग के पास बजरी फैली हुई थी और लाल मिट्टी तक दिखाई दे रही थी।

वही पास में ही करीब 5 से 6 गड्ढे थे। गीता नगर से आगे बढ़ने पर गुरुदेव चौराहा तक सड़क थोड़ी ठीक थी, लेकिन गुरुदेव चौराहा के जैसे ही आगे बढ़े तीन से पांच फीट के करीब यहां पर दो गड्ढे थे। मेट्रो स्टेशन के पास गड्ढे मिले। मेट्रो स्टेशन पार करने के बाद थोड़ी दूरी आगे बढ़े तो यहां पर डिवाइडर के किनारे बजरी व मिट्टी काफी इकट्ठा थी और करीब आधा किलोमीटर तक सड़क उखड़ी और गड्ढे युक्त थी। विश्वविद्यालय से लौटने पर छोटे व बड़े मिलाकर करीब 15 से 20 गड्ढे थे और गुरुदेव के पास चार बड़े गड्ढे थे। राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास तो आधी सड़क ही गायब थी, यहां पर पूरे में बजरी फैली हुई थी और सड़क कटी थी और उससे ईंट नजर आ रही थी। गीता नगर क्रासिंग के पास चार से पांच फीट तक के गड्ढे थे। रावतपुर क्रासिंग से लेकर गोलचौराहा तक सड़क खराब होने की वजह से बाइक व स्कूटी वाले डगमगा कर चल रहे थे।

जीटी रोड पर खराब सड़क पर फैली पड़ी बजरी। अमृत विचार

बारिश में सड़क और खराब होगी

- प्रतिवर्ष सर्दी के मौसम में बारिश होती है। अगर नेशनल हाइवे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सुध नहीं ली तो बारिश होने पर इस सड़क की हालत और खराब हो जाएगी। ऐसे में हादसे होने की आशंका और अधिक बढ़ जाएगा। कोहरे के कारण सड़क पर गड्ढा नहीं दिखने पर बाइक व स्कूटी सवार हादसाग्रस्त हो सकते हैं।

गुरुदेव चौराहे के आगे आधी से ज्यादा सड़क उखड़ गई है। अमृत विचार

कैंट के सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने बताया कि सौतेले व्यवहार होने की वजह से क्षेत्र की सड़कों की हालत खराब है। हर माह सड़क की मरम्मत व पैचवर्क कराने के लिए पत्र लिखा जाता है। विधायक निधि से जितना हो सकता है, उतनी सड़कें बनाई जाती हैं।

विधायक हसन रूमी

कल्याणपुर की भाजपा विधायक नीलिमा कटियार ने बताया कि जीटी रोड सड़क के मरम्मत के संबंध में प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। तब अधिकारियों ने मरम्मत का आश्वासन दिया था। आश्वासन के बाद कार्य क्यों नहीं शुरू हुआ, इस संबंध में जानकारी ली जाएगी।

विधायक नीलिमा कटियार

बोले लोग

रुचिरा त्रिपाठी ने बताया कि जीटी रोड पर बाइक से गुजरने पर पहिये डगमगाते हैं, जिसकी वजह से गिरने का डर रहता है। विभाग जल्दी सुध ले और सुधार करवाए।

जया शुक्ला ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने काफी माह से जीटी रोड खराब है। यहां पर वाहन सवार कई बार गिरते हुए बचते हैं, लेकिन अधिकारियों को फर्क नहीं पड़ता।

गोपाल मिश्रा ने बताया कि खराब व गड्ढे युक्त सड़क से गुजरने पर कई बार पीठ व कमर तक में दर्द होने लगता है। जीटी रोड कई माह से खराब है, पता नहीं कब बनेगी।

नितिन चौरसिया ने बताया कि गुरुदेव से कल्याणपुर की ओर चलने पर आधी सड़क काफी दिनों से खराब है। यहां से गुजरने पर वाहन सवार लोगों को काफी संभलकर चलना पड़ता है।

आईआईटी से गोल चौराहा तक अतिक्रमण हटवाएं

निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली
- सागर राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा संबंधी कार्य न कराने पर चेतावनी

अमृत विचार। कोहरे व धुंध का असर शुरू हो गया है। इसलिए यलो लाइन व साइनबोर्ड का सत्यापन कराया जाए। अतिव्यस्त राष्ट्रीय मार्ग-91 को आईआईटी से गोल चौराहा तक अतिक्रमण मुक्त किया जाए। यह निर्देश शुक्रवार को नवीन सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को दिए।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने हमीरपुर-सागर राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा संबंधी कार्य न कराए जाने पर परियोजना निदेशक एनएचएआई को चेतावनी देते हुए कार्यों में वित्तीय वर्ष में हुए व्यय संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के सापेक्ष कार्यवाही की समीक्षा व राज्य स्तरीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ) की एक्शन रिपोर्ट पर परिचर्चा हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने आठ बिंदुओं पर अधिकारियों से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी एक दिसंबर को उप राष्ट्रपति के प्रस्तावित शहर आगमन को लेकर तैयारियां कर ली जाएं। नगर के मुख्य व वैकल्पिक मार्गों का तत्काल निरीक्षण कर उनकी मरम्मत कराने के लिए नगर निगम, जल संस्थान, कंटोमेंट बोर्ड, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, लोक निर्माण को निर्देश दिया। बैठक में संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इन कामों में तेजी लाने का निर्देश दिया

- हमीरपुर सागर मार्ग पर अवैध मौरंग धुलाई बंद कराएं। भू गर्भ जल व बिजली विभाग मिलकर इस पर कार्रवाई करें।
- हमीरपुर सागर राजमार्ग पर लगवाए साइनबोर्ड का सत्यापन कराया जाए। येलो लाइन व साइनबोर्ड का सत्यापन समय से पूरा किया जाए।
- अतिव्यस्त व लाइफ लाइन कही जाने वाली आईआईटी से गोल चौराहे तक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।
- आईआईटी मार्ग को चौड़ा करने व लाईटिंग व्यवस्था के साथ तत्काल आगणन गठित करने के निर्देश दिए।
- आईआईटी से गोल चौराहा तक स्मार्ट रोड बनाने के लिए बिजली व टेलीफोन लाइनों को भूमिगत करते हुए यूटिलिटी बॉक्स बनाए जाएं।

दूल्हा बने बूथ अध्यक्ष, भाजपाई बाराती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बर्रा में शुक्रवार को भाजपा बर्रा मंडल के नव नियुक्त बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों को पगड़ी व माला पहनाकर सम्मानित किया।

नव नियुक्त बूथ अध्यक्षों प्रदीप पांडेय, मनीष त्रिवेदी, दयाशंकर मिश्र, संतोष दीक्षित ,शैलेंद्र सिंह, घनश्याम यादव, अंशुल मिश्रा, अखिलेश, विनोद सविता व अतुल शुक्ला को दूल्हे की तरह बग्घी पर बैठाकर क्षेत्र में घुमाया गया। बग्घी के पीछे-पीछे भाजपाई बाराती बने चल रहे थे। बारात में शामिल भाजपाई ढोल की थाप पर जमकर नाचे। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह सारथी की भूमिका में रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है। किसी भी मजबूत इमारत को तैयार करने के लिए नींव का मजबूत होना बहुत आवश्यक है। विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ता आधारित पार्टी भाजपा वटवृक्ष है। प्रमुख रूप से जसविंदर सिंह, पार्षद डॉ. अखिलेश बाजपेई, सुधीर यादव, संजय पासवान, मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, शिवपूजन सविता, अर्जुन बेरिया, बिट्टू परिहार, अजय शर्मा, संजीव बेरी, नीरज गुप्ता आदि रहे।

बूथ अध्यक्षों के साथ बग्घी पर सवार क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

वन दरोगा का शव ट्रैक के पास पड़ा मिला

कल्याणपुर संवाददाता

- बनारस में तैनात था कल्याणपुर का युवक

अमृत विचार। बनारस में तैनात एक वन दरोगा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव रेलवे ट्रैक से थोड़ी दूर पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही कल्याणपुर के सत्यम विहार निवासी उनके परिजन रोते-बिलखते हुए बनारस के लिए रवाना हो गए।

वन दरोगा राजकुमार पांडेय।

कल्याणपुर के सत्यम विहार निवासी 32 वर्षीय राजकुमार पांडेय उर्फ राजू वन विभाग में दरोगा के पद पर बनारस में तैनात थे। शुक्रवार सुबह राजकुमार का शव एक रेलवे ट्रैक से थोड़ी दूर पर पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जीप से मिले आधार कार्ड से से शिनाख्त कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही छोटा भाई अंकित व मां सरोज बनारस के लिए रवाना हो गए। पिता अंबिका प्रसाद पांडेय की मौत के बाद राजकुमार को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी मिली थी।

ओवरटेक करते समय बाइक सवार युवक खड़ी डीसीएम में घुसा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक्स आर्मी मैन नगर निगम में तैनात था

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में डयूटी से घर लौट रहा एक्स आर्मी मैन ओवरटेक करने में सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में घुस गया। हादसा देख आसपास के लोग दौड़े और परिजनों को सूचना देकर उन्हें कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अनिल कुमार।

संजीव नगर अहिरवां निवासी 42 वर्षीय अनिल कुमार सिंह दो वर्ष पूर्व आर्मी से रिटायर्ड हुए थे। दो वर्षों से वह नगर निगम मोतीझील में सुरक्षा कर्मी थे। उनके साले सर्वेश कुमार ने बताया कि रोज की तरह वह गुरुवार शाम पांच बजे ऑफिस से निकलकर घर जा रहे थे। पटेल नगर क्रासिंग के पास आगे चल रहे डीसीएम को ओवरटेक करने के चक्कर में सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में घुस गए। जिससे हेलमेट टूटकर सिर में घुस गया। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़े और पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से उन्हें कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पत्नी अंजू व बेटा अभी बदहवास हो गए। परिजनों ने बताया कि डीसीएम चालक हादसे के बाद फरार हो गया।

मोबाइल कर दिया पार

- परिजनों का आरोप था कि हादसे के बाद उनके सिर से तेजी से रक्तस्राव हो रहा था। वहां पर लोगों की भीड़ लग गई थी। किसी ने उनका मोबाइल ही पार कर दिया। परिजनों ने बताया कि कुछ देर तक तो मोबाइल की घंटी गई लेकिन इसके बाद वह बंद बताने लगा। इसकी पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है।

शिवराजपुर में 10 अपात्रों को दे दिए गए आवास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन अफसरों की जांच कमेटी गठित की गई

अमृत विचार। प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़े का आरोप बढ़ता जा रहा है। बिधनू के बाद अब शिवराजपुर ब्लाक के मधई निवादा में ग्राम विकास अधिकारी पर 10 अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास देने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने शिकायत जब सीडीओ दीक्षा जैन से की तो उन्होंने जांच के लिए तीन अफसरों की टीम गठित कर दी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में बिधनू ब्लाक के सचिव अनिल शुक्ला ने अपात्र को तीन किस्तों में 1.20 लाख रुपये की धनराशि दे दी थी। जांच में सचिव दोषी मिले। उसअब शिवराजपुर ब्लाक में अपात्रों को आवास का पैसा देने की शिकायत सीडीओ कार्यालय में की गई। मधई निवादा गांव के जितेंद्र सिंह ने शिकायती पत्र देकर बताया कि सचिव ने एक साल में करीब 28 अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास का पैसा दिया है। एक माह पहले शिकायत की गई तो पीडी और बीडीओ की जांच में करीब 10 लाभार्थी अपात्र मिले थे, लेकिन आवास पटल सहायक और ग्राम विकास अधिकारी मनोज वर्मा पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीडीओ ने परियोजना निदेशक और बीडीओ को जांच के निर्देश दिए हैं।

फजलगंज में हटाए 20 अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम दस्ते ने शुक्रवार को फजलगंज से 20 अस्थायी अतिक्रमण को बुलडोलर से तोड़कर हटवाया। इसके साथ ही 96 हजार रुपये जुर्माना भी वसूल किया।

नगर निगम जोन पांच की टीम शुक्रवार को फजलगंज पहुंची। यहां टीम ने पहले मुआयना किया, उसके बाद बुलडोजर मंगवाकर फजलगंज बैंक ऑफ बड़ौदा चौराहा से फजलगंज फायर स्टेशन तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने 20 अस्थायी अतिक्रमणों को हटवाया, जो रोड पट्टी व फुटपाथ पर अतिक्रमण किए हुए थे। मौजूद लोगों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण किया तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। नगर निगम का दस्ता देखकर कुछ लोगों ने अपने आप ही अतिक्रमण हटा लिया था। नगर निगम जोनल अधिकारी विनय प्रताप सिंह के मुताबिक अभियान के दौरान 20 अतिक्रमणकारियों से 96 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। बताया कि यह अभियान जारी रहेगा। जो दुकानदार दुकान के बाहर तक अतिक्रमण किए हैं, वह स्वयं उसे हटा लें, अन्यथा नगर निगम कार्रवाई करेगा। साथ ही उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा। अभियान के दौरान कर अधीक्षक राजेश कुमार, राजस्व निरीक्षक मिथिलेश मिश्र, मनोज विश्वकर्मा, विनीत शुक्ला, अभियंत्रण विभाग की टीम व सूबेदार अवधेश सिंह समेत आदि लोग रहे।

अतिक्रमण तोड़ता बुलडोजर। अमृत विचार

40 दुकान में दूसरे दिन भी हटाए कब्जे

कानपुर। नगर निगम जोन तीन की टीम शुक्रवार को फिर किदवई नगर 40 दुकान पहुंची और कब्जे हटवाए।

जोनल अधिकारी-3 सीपी सिंह ने बताया कि आईजीआरएस पर आई शिकायत का संज्ञान का लेते हुए टीम 40 दुकान पहुंची। यहां पर एआर टेलर्स दुकान के सामने फुटपाथ पर कई लोग अतिक्रमण किए हुए मिले, जिनके खिलाफ अभियान चलाकर अतिक्रमणों को मौके पर ढहाया गया। 50 अस्थाई अतिक्रमण ढहाए गए। गुरुवार को भी यहां बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं **रईस पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम गोछौरा, पोस्ट मानपुर, थाना जेदपुर, जिला–बाराबंकी,** मेरे दो पुत्र मो0 अरबाज व अरफाज हैं। जिसमें बडा पुत्र मो0 अरबाज उसकी पत्नी शहेर बानो मेरा कहना नहीं मानते हैं और गलत संगत में पड़ गये हैं तथा आये दिन मेरे व परिवार वालों से गाली गलौज, लडाई झगड़ा करते हुऐ घरेलू कलह का माहौल व्याप्त रखते हैं जिस कारण मैं व मेरा परिवार काफी आहत है।वह लोग मुझे जान से मारने का प्रयास करते हैं तथा जहर देकर मारने की धमकी देते हैं। जिस कारण मैं उन्हें अपनी चल–अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र व बहू को बेदखल करता है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 24/11/2024 को कैसरगंज बाजार में मेरे मकान की मूल रजिस्ट्री जिसकी गाटा संख्या 595 रकबा 0.120 हेक्टेयर ग्राम पबना, थाना व तहसील कैसरगंज कहीं गिर गई है यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त होती है तो निम्नलिखित पते पर अथवा दिए गए मोबाइल नंबर पर सूचना दे सकता है। **रश्मि साहू, पत्नी– राजेश साहू, निकट रानीबाग, थाना व तहसील– कैसरगंज, बहराइच।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित हो गया है जो सही नहीं है। मेरा सही नाम सुरेश कुमार है। अतः मेरे जिन अभिलेखों में सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित है उनके स्थान पर मेरा सही नाम सुरेश कुमार अंकित किया जाये। सुरेश कुमार एवं सुरेश रामचन्द्र यादव दोनों एक ही व्यक्ति हैं। **सुरेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी पुराफगुई बाकराबाद मछली शहर जौनपुर, उ0प्र0– 222143**

सूचना

सूचित हो कि मैं **तेजी पुत्र स्व0 मन्ना निवासी ग्राम निकरोजपुर रघुनाथपुर थाना माल जनपद लखनऊ,** मेरा पुत्र लोकेन्द्र भारती जो बुरी संगत के लोगों के साथ बुरी आदतो मे पड़कर शराबी व जुआडी हो गया है उसके इस कृत्य से मैं व मेरा पूरा परिवार काफी परेशान एव दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि मैं अर्चित यादव पुत्र राजमणि यादव, निवासी– आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद–बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, गाडी सख्या 12230 लखनऊ मेल के कोच संख्या एस2 सीट नं0–7 पर नई दिल्ली से लखनऊ जं0 दिनांक 11.05.2024 को यात्रा के दौरान मेरा एक ट्राली बैग ट्रेन से उतरते समय भीड अधिक होने के कारण कहीं गुम हो गई उक्त बैग में आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम जाति प्रमाण–पत्र व निवास प्रमाण–पत्र व हाईस्कूल अंक पत्र/प्रमाण–पत्र जिसका अनुक्रमांक 07774576 इण्टर अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र अनुक्रमाक 225594539 में बी. पी. एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर बैच–2023 के अंकपत्र व अन्य प्रपत्र वास्तव में खो गये है।

सूचना

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2020 का अंकपत्र अनुक्रमांक 1362110 तथा इंटरमीडिएट का अंकपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226015847 वास्तव में खो गए हैं। – **आजिद अली पुत्र जानिफ अली, निवासी–टड़हा, सराय प्रयाग, कन्नौज (यूपी)**

नीलामी सूचना

राही पर्यटक आवास गृह (यू0 पी0 टी0 होटल), पहलवारा, बलरामपुर मे 04 शीशम सूखा वृक्षों की नीलामी दिनांक 20.12.2024 प्रातः 11: 00 बजे की जायेगी।, **प्रबन्धक, मो0नं0 9415013781**

सूचना

मैंने अपना नाम MAHMOOD KHAN MOHAMMAD से बदलकर MOHD MAHMOOD KHAN रख लिया है, अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD AMEEN ADD-448/254 KHA G L M ROAD NAGARIYA THAKURGANJ LUCKNOW -226003 (U.P.)

सूचना

मेरी एल आईसी पॉलिसी सं0 275907425 में मेरा घरेलू नाम हरेंद्र कुमार दर्ज है। जबकि आधार व स्कूल के अभिलेखो में कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही हैं। **–कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल, निवासी–ग्राम सुल्तानपुर जाला, पोस्ट– ऐहार, जिला– रायबरेली।**

कवायद जिन जगहों पर हुए ऐसे पुल हादसे, उन जगहों से विभाग लेगा इनपुट, नावों के जरिए लोहा निकालना नमुमकिन, पीडब्ल्यूडी बनाएगा कमेटी

कैसे निकालें गंगा से पुल, पीडब्ल्यूडी कर रहा मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर-उन्नाव को जोड़ने वाला 150 साल पुराना शुक्लागंज पुल का 30 मीटर लंबा स्पैन (दो पिलर के बीच का हिस्सा) 26 नवंबर को भरभरा कर गंगा में गिर गया था, जो दो पिलरों के बीच में फंसकर और पानी के अंदर धंस गया है। यह स्पैन इतना भारी और लोहायुक्त है कि पीडब्ल्यूडी को इसे बाहर निकालने के लिए काफी मंथन करना पड़ रहा है। क्योंकि पुल में लगा लोहा निकलवाना विभाग को नामुमकिन लग रहा है।

ब्रिटिश काल में बना शुक्लागंज पुल कानपुर व उन्नाव को जोड़ने का काम करता था, जिसे अंग्रेजों ने वर्ष 1875 में बनवाया था। इस पुल की खास बात ये है कि यह अपनी उम्र से अधिक जिया यानी सौ साल से अधिक पुल ने अपनी सेवाएं दीं, लेकिन पिलरों में दिक्कत आने की वजह से इसे वर्ष 2021 में सुरक्षा के लिहाज से बंद कर दिया गया था। 26 नवंबर को इस पुल के पिलर संख्या नौ और 10 के बीच का स्पैन टूटकर गिर गया, जो दो पिलरों के बीच में बुरी तरह फंसा है और पानी के अंदर धंसा हुआ है। इस स्पैन को बाहर निकलवाना पीडब्ल्यूडी व संबंधित विभाग के अधिकारियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। संबंधित विभाग के अधिकारी वर्तमान में इस संबंध में मंथन कर रहे हैं कि इस हिस्से को बाहर कैसे और किस तरह से निकाला जाए। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक विभाग ऐसी मामले देख रहा है, जहां पर इस तरह से पुल गिरे और भारीभरकम स्पैन को बाहर निकलवाने में कामयाबी हासिल की। उन जगहों से विभाग पूरा इनपुट लेगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी संबंधित अन्य विभागों की भी मदद लेगा। तब इस स्पैन को निकलवाने के लिए कमेटी गठित की जाएगी। उसके बाद कमेटी जांच और मौके पर मुआयना करेगी।

गंगा में गिरा गंगापुल का एक हिस्सा। (फाइल फोटो)

सौ नावें भी पड़ जाएंगी कम

- पुल का जो हिस्सा गिरा है, वह पुरा लोहायुक्त है और वजन में कई टनों का है। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी के मुताबिक लोहायुक्त स्पैन को पानी के अंदर किस तरह काटेंगे और उसको कैसे बाहर निकाला जाए, अभी इसपर रणनीति तैयार की जा रही है। नावों के जरिए भी स्पैन को निकलना मुश्किल है क्योंकि अधिक वजन होने की वजह से नाव के डूबने का भी खतरा है। ऐसे में अगर सौ नाव भी लगती हैं तो भी कम पड़ सकती हैं।

पुल का कुछ और हिस्सा भी गिरने की कगार पर

- जिन पिलरों के बीच का लोहायुक्त स्पैन टूटकर गिरा है, उसके अगल व बगल वाले पिलरों की भी हालत ठीक नहीं है। पिलर नंबर आठ और 11 का हिस्सा भी काफी जर्जर हो चुका है। विभाग ने उनपर संख्या लिख दी है, साथ ही क्षेत्र में नाविकों को भी अवगत कराया है कि इन पिलरों के आसपास से न गुजरें। अधिकारियों को नाविकों ने अवगत कराया है कि पूर्व में पुल के जंग लगे एंगल और पिलर के टुकड़े अक्सर टूटकर गिरते थे। अधिकारियों के मुताबिक इस संबंध में जांच कमेटी गठित की जाएगी, जो चटके और जर्जर हिस्सों का सर्वे करेगी।

आज का मौसम

प्रात :काल के समय आसमान में हल्का या मध्यम कोहरा दिखाई देने के आसार हैं।

26.2⁰	09.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 39	सूर्यास्त 05 : 15

एक नजर

दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए एक और मौका

कानपुर। शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए छात्र-छात्राओं को एक मौका और दिया गया है। इसके लिए 25 जनवरी 2025 तक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभी तक आवेदन की अंतिम तारीख 31 दिसंबर थी। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह ने बताया कि समाज कल्याण निदेशक ने नई समयसारिणी जारी की है। इसके अनुसार मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान अब मास्टर डाटा बेस में शामिल होने के लिए 31 दिसंबर 2024 तक आवेदन करेंगे। समाज कल्याण अधिकारी की ओर से फीस सत्यापन 10 जनवरी तक, इसके बाद ऑनलाइन आवेदन 25 जनवरी तक कर सकेंगे।

पचौरी की बेटी की कीमती अंगूठी चोरी

कानपुर। कोतवाली थानाक्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित लिटिल शेफ होटल की मालिक और पूर्व सांसद की बेटी की घर से कीमती अंगूठी चोरी हो गई। होटल के मैनेजर ने घर के एक नौकर पर चोरी का शक जताते हुए कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी की बेटी नीतू सिंह सिविल लाइंस स्थित लिटिल शेफ होटल की मालिक हैं। होटल के मैनेजर शैलेश कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि नीतू सिंह के सिविल लाइंस स्थित घर से कीमती अंगूठी चोरी हो गई। इस संबंध में कोतवाली निरीक्षक प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि पूछताछ की जा रही है।

वेटलिफ्टिंग 1 दिसंबर को

कानपुर। कानपुर मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन व कानपुर जिला वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से 1 दिसंबर को अर्मापुर स्थित आरमरीना स्टेडियम में मंडल के पुरुष व महिला प्रतिभागियों की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता होगी। इच्छुक खिलाड़ी कानपुर मास्टर्स एथलेटिक्स एसो. सचिव विनय अवस्थी व जिला वेटलिफ्टिंग संगठन के सचिव कौशलेंद्र सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

खड़िया और मिट्टी मिलाकर कई नकली दवाएं बेची जा रहीं

दुस्साहस

शिव प्रकाश मिश्रा

- बीते 10 माह में लिए गए सैंपलों की चौंकाने वाली रिपोर्ट आई
- जांच में 18 दवाएं नकली और 23 अधोमानक पाई गईं
- गैस, बुखार, यूरिन और एंटीबायोटिक की दवाओं में गड़बड़ी मिली

अमृत विचार। ड्रग विभाग की छापेमारी में बीते 10 माह में कई ब्रांडेड दवाओं की जो प्रयोगशाला जांच रिपार्ट आई है वह चौंकाने वाली है। दवाओं में खड़िया और मिट्टी की मात्रा मिली है। जांच रिपोर्ट से पता चला है कि शहर में बड़े पैमाने पर गैस, बुखार, यूरिन और एंटीबायोटिक दवाएं नकली बिक रही हैं। नकली दवाओं का प्रतिशत ज्यादा है। जनवरी से अक्टूबर माह तक छापेमारी में लिए नमूनों की जांच रिपोर्ट में 18 नकली, 23 अधोमानक और दो मिस ब्रांड की दवाएं मिली हैं।

नकली व मिलावटी दवाओं का कारोबार अधिक डिस्काउंट के नाम पर फल-फूल रहा है। बीते 10 माह में लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट देखें तो 18 दवाएं नकली, 23 अधोमानक और दो मिस ब्रांड की पाई गईं।

ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान ने बताया कि ब्रांडेड कंपनियों की दवाएं भी नकली मिल रही हैं। जांच में दवाओं में खड़िया व मिट्टी की मात्रा पाई गई है। ऐसी दवाओं के सेवन से मरीज की हालत बिगड़ती है, जब लाभ न होने पर डॉक्टर दवाओं का डोज बढ़ा देता है तो मिट्टी और खड़िया की मात्रा भी शरीर में ज्यादा जाती है। इससे सेहत को और नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि मरीज को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दवा लाभ न पहुंचाए तो डॉक्टर की सलाह पर दूसरी कंपनी की दवा लेकर देखें।

जांच में यह दवाएं मिलीं अधोमानक

- टेलमा एच, अप्राइज डी थ्री, काइमोरल फोर्ट टैबलेट, जीरोडॉल SP, मॉन्टेयर एलसी टैबलेट, एमोक्सिसिलिन पोटेशियम क्लैवुलैनेट इंजेक्शन, असैमार्क प्लस टैबलेट, सेमोक्स एल कैप्सूल, सोम्प्रैज डी 40, अपराइज डी-3 60000 कैप्सूल, मिट्रेट एक्सएल 50 टैबलेट, टेम्सनिर 0.4 टैबलेट, लीडो सीवी 625 टैबलेट, फॉरक्लेव 625 टैबलेट, एल हिस्ट मॉन्ट टैबलेट, रैमनिल 2.5, पैनटिन अधोमानक मिलीं।

नकली दवा पर लाइसेंस निरस्त

- न्यू गगन केमिस्ट आरके नगर में ब्रांडेड कंपनियों की दवाएं नकली मिलीं थीं। इस पर औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि फरवरी माह में न्यू गगन केमिस्ट पर छापेमारी में कई कंपनियों की दवाएं नकली मिली थीं। जिस पर सहायक आयुक्त औषधि कानपुर मंडल के आदेश पर लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई की गई है।

बिरहाना रोड व नजीराबाद में की थी छापेमारी

- ड्रग इंस्पेक्टर के अनुसार टीम ने बिरहाना रोड स्थित मेडी लाइफ एजेंसी और निगम ड्रग्स मेडिकल स्टोर पर छापा मारा गया था। यहां 18 दवाओं के सैंपल लिए थे। जिसे जांच के लिए लैब भेजा था। जिसमें सात दवाओं की रिपोर्ट फेल रही। तीन दवाएं नकली मिलीं हैं। वहीं नजीराबाद के कौशलपुरी में पुलकित गुप्ता के न्यू गगन केमिस्ट में छापा मारा गया था। नकली दवा बेचने पर दुकान को सील किया गया। यहां भी 18 सैंपल लिए गए थे। करीब पांच लाख की दवाएं सील की गईं। दवाओं के सैंपल राजकीय जन औषधि प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया। जहां नौ दवाएं नकली और दो सब स्टैंडर्ड पाई गईं।

ये दवाएं मिलीं नकली

- पैन्टोसिड, जीरोडॉल एसपी, ओमेज डी, पैन डी कैप्सूल, पैन डी, गुड सेफ-200, एक्यूमेन्टीन 625, क्लेवम 625, यूरीमैक्स डी, काइमोरल फोर्ट टैबलेट, मोंटैयर एफएक्स टैबलेट, एसिलॉक आरडी, पैनटोप डीएसआर कैप्सूल, कैमपोड 200 टैबलेट, डेफकार्ट 6 टैबेलेट नकली मिलीं।

> नकली व अधोमानक मिलीं दवाओं के मामले में विवेचना चल रही है, जो अंतिम पड़ाव पर है। दवाओं में मिट्टी व खड़िया की मात्रा मिली थी। जल्द ही सीएमएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। -ड्रग इंस्पेक्टर, रेखा सचान

10 माह में ये ब्रांड मिले नकली

- ड्रग इंस्पेक्टर के अनुसार 10 माह में कई ब्रांडेड कंपनियों की दवाएं नकली मिली हैं। जिसमें टोरेंट फार्मा, मैकलिआड्स फार्मा, कैडिला, एल्केम, लूपिन, अरिस्टो, सिप्ला लिमिटेड, सन फार्मा, ग्लेनमार्क, एबट, डॉ. रेड्डीज समेत अन्य कंपनियों की दवाएं हैं।

उर्सला के इंजेक्शन का नमूना भी फेल

- उर्सला में कम असर वाले एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलनेट इंजेक्शन संक्रमित मरीजों को लगाए गए। ये एंटीबायोटिक बैक्टीरिया के कारण होने वाले संक्रमणों से लड़ता है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इंजेक्शन की आपूर्ति की थी। अप्रैल माह में ड्रग विभाग ने इंजेक्शन का नमूना उर्सला पहुंचकर लिया था जो जांच में फेल रहा।

अज्ञात वाहन ने डॉक्टर को मारी टक्कर, घायल

कल्याणपुर। रावतपुर थानाक्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग डॉक्टर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

लाजपत नगर निवासी डॉ अवतार सिंह बांदा मेडिकल कॉलेज से सेवानिवृत्त हैं। 10 नवंबर की रात वह नमक फैक्ट्री चौराहा के पास सड़क किनारे खड़े थे। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारकर मौके से भाग निकाला। घटना में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग डॉक्टर को परिजनों ने जीटी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पत्नी डॉ मनजीत कौर के अनुसार सिर पर गंभीर चोट लगने से अवतार सिंह कोमा में चले गए हैं। इस संबंध में रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहा है।

युवती का अधजला शव चादर में लपेटकर फेंका

सैकड़ों की भीड़ जुटी, रात तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी थानाक्षेत्र में रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला
- कहीं और हत्या करके शव यहां फेंकने की आशंका

अमृत विचार। सचेंडी थानाक्षेत्र में हत्यारों ने एक युवती का अधजला शव बेडशीट और पन्नी में लपेटकर रेलवे ट्रैक किनारे फेंक दिया। शुक्रवार शाम लोगों की नजर उस पर पड़ी तो इलाके में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन रात तक शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार कहीं और हत्या करके शव यहां फेंकने की आशंका है।

> सबसे जरूरी है युवती की पहचान होना। खुलासा करने के लिए तीन टीमों को लगाया गया है। साथ ही आसपास के जिलों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों को भी देखा जा रहा है।
> राजेश कुमार सिंह, डीसीपी पश्चिम

सचेंडी के गढ़ी गांव के रेलवे अंडरपास पुलिया के पास शुक्रवार शाम 33 वर्षीय युवती की चादर के अंदर काली पन्नी में बंधी अधजली लाश मिली। थोड़ी ही देर में मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस, फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। जांच के दौरान डॉग स्क्वॉड कुछ दूर तक गया इसके बाद लौट आया। पुलिस को आशंका है कि कहीं और युवती की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक और सड़क के बीच झाड़ियों में फेंक दिया गया।

महिला की पहचान छुपाने के लिए उसके शव को जलाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में सचेंडी प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि युवती के शव को कहीं और से लाकर यहां फेंका गया है। युवती की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

राज कुंद्रा मामले में श्यामनगर में ईडी की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

श्यामनगर में अरविंद के फ्लैट में जाता सुरक्षाकर्मी और अपार्टमेंट से निकलते ईडी के अधिकारी। अमृत विचार

- राज कुंद्रा के प्रोडेक्शन का काम देखने वाले अरविंद श्रीवास्तव के घर गई टीम
- शुक्रवार सुबह 8.30 बजे फ्लैट पर पहुंची ईडी की टीम, पिता से की पूछताछ

अमृत विचार। मुंबई में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के यहां श्यामनगर स्थित फ्लैट पर शुक्रवार सुबह 8.30 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। अरविंद मौके पर नहीं मिला। टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम सात बजे तक छानबीन जारी थी। मुंबई पुलिस ने वर्ष 2021 में राज कुंद्रा के खिलाफ पोर्नोग्राफी का मामला दर्ज किया था जिसकी जांच ईडी कर रही है।

श्यामनगर में मदर केयर चाइल्ड हॉस्पिटल वाली गली में स्थित सावित्री सदन अपार्टमेंट में नर्वदा श्रीवास्तव के बड़े बेटे अरविंद श्रीवास्तव का जी-2 फ्लैट है। वह कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद बाहर जॉब कर रहा है। अरविंद श्रीवास्तव पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था। सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव का मायका बर्रा-8 स्थित एमआईजी ब्लॉक ए में है। हर्षिता ने बर्रा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में 10 जनवरी 2008 में मां के साथ ज्वाइंट खाता खुलवाया था। उस दौरान हर्षिता के खाते में मात्र 20 हजार रुपये थे। इसके बाद मई 2019 से 2021 के बीच हर्षिता के खाते में 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये पहुंच गए। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में जांच तेज होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने कई शहरों में शुक्रवार को छापेमारी की। इस क्रम में सुबह तीन गाड़ियों से ईडी के अधिकारी श्यामनगर स्थित फ्लैट पहुंचे। टीम सीधे फ्लैट नंबर जी-2 पहुंची। यहां अरविंद श्रीवास्तव और उनकी पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव के पूछने पर घर में न होने की जानकारी मिली। इस पर ईडी की टीम ने पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। पिता नर्वदा श्रीवास्तव ने बताया कि अरविंद पिछले छह सालों से यहां नहीं आया है। बताया कि वह सिंगापुर में परिवार के साथ रहता है। ईडी के अधिकारियों ने पिता के घर में दस्तावेज और अन्य सबूत खंगाले। सूत्रों ने बताया कि बैंक अकाउंट में अचानक ट्रांसफर की गई करोड़ों की रकम को सीधे राजकुंद्रा से जोड़कर देखा जा रहा है।

परख परीक्षा पर आयोजित बैठक में मौजूद शिक्षाधिकारी। अमृत विचार

पहले स्कूल जाएंगे फील्ड इनवेस्टिगेटर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण शहर में 4 दिसंबर को होगा। तैयारियों पर शुक्रवार को बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में बैठक हुई। सभी बोर्ड के शिक्षा अधिकारियों के साथ सर्वेक्षण कार्य में लगे 159 (एफआई) फील्ड इनवेस्टिगेटर भी शामिल हुए। एफआई को निर्देश दिए गए कि वे सर्वेक्षण के एक दिन पहले 3 दिसंबर को सर्वेक्षण में शामिल सभी 159 स्कूलों में जाकर तैयारियां व संसाधन की जानकारी कर लें।

बैठक में एडी बेसिक राजेश वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार सहित सीबीएसई से भी जिला प्रतिनिधि शामिल हुए। जानकारी दी गई कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा में कक्षा तीन, छह व नौ के बच्चों को शामिल किया जाएगा। परीक्षा के लिए कक्षा तीन व छह के बच्चों से भाषा, गणिव व विश्व संबंधित प्रश्नों को पूछा जाएगा। इसी तरह कक्षा नौ के बच्चों से भाषा, गणित, सोशल साइंस और वैश्विक प्रश्नों को पूछा जाएग। कक्षा तीन व छह में पढ़ने वाले बच्चों को 90 मिनट जबकि कक्षा 9 में पढ़ने वाले बच्चों को 120 मिनट में प्रश्न पत्र हल करना होगा। यह प्रश्न पत्र ओएमआर शीट पर देना होगा।

प्रदेश में पहली बार त्वचा दान की शपथ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना जीएसवीएम में 75 लोगों को दिलाएंगे शपथ

अमृत विचार। युग दधीचि संस्था के मुताबिक प्रदेश में पहली बार पांच विशिष्ट महिलाओं समेत 75 लोग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, में त्वचा दान की शपथ लेंगे। शपथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना दिलाएंगे।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में स्किन बैंक स्थापित हो, इसके लिए युग दधीचि देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर व माधवी सेंगर प्रयासरत हैं। शनिवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पहली बार 75 लोग त्वचा दान करने की शपथ लेंगे, जिनमें मुख्य रूप से कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, असिस्टेंट कमिश्नर आयुषी दीक्षित, लेफ्टीनेंट कर्नल डॉ. प्रभा अवस्थी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पौत्री नंदिता मिश्रा व मंगलामुखी प्रमुख मन्नत मां शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण समारोह में मंगलमुखी समाज, गायत्री परिवार व इनर व्हील क्लब की महिलाएं भी रहेंगी।

अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में प्रदेश का पहला स्किन बैंक स्थापित होगा। बताया कि बैंक में दान की गई त्वचा तीन से पांच साल तक सुरक्षित रहती है। त्वचा दान नेत्रदान की तरह ही आसान है। शरीर में कोई विकृति नहीं आती। मृत्यु के छह घंटे के भीतर त्वचा दान हो सकता है। स्किन बैंक के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी भेजा गया है।

सलवार कुर्ता पहन ठेकेदार ने की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंदनगर निवासी स्पेयर पार्ट्स कारोबारी के घर चोरी का खुलासा पुलिस ने किया
- 100 से अधिक सीसीटीवी खंगालने पर मिली पुलिस को सफलता

अमृत विचार। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में स्पेयर पार्ट कारोबारी के घर चोर ने लड़की के भेष में सलवार कुर्ता पहनकर चोरी की थी। पुलिस के अनुसार घर में कंस्ट्रक्शन का काम करवा रहा ठेकेदार ही चोर निकला। डीसीपी साउथ ने खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने खुलासा करते हुए बताया कि 18 नवंबर की रात को गोविंदनगर जे ब्लॉक निवासी स्पेयर पार्ट्स कारोबारी मनीष गोयल के घर 15 लाख के जेवरात और कैश चोरी हुए थे। मनीष ताला लगाकर परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने गए थे। भोर पहर 4 बजे लौटे तो पहली मंजिल पर बने हिस्से का मेन गेट नहीं खुला। लॉक में तकनीकी खराबी समझकर दूसरी मंजिल पर रहने वाले भाई के घर में परिवार सो गया। सुबह भी जब लॉक नहीं खुला तो संदेह हुआ। देखा तो खिड़की खुली हुई थी। खिड़की के रास्ते भीतर दाखिल हुए तो आलमारी का लॉक टूटा हुआ था और दीवान का पूरा सामान बिखरा हुआ था। चोर लॉकर में रखा 1.50 लाख कैश और करीब 15 लाख के जेवरात समेट ले गए थे। डीसीपी के अनुसार करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी कैमरे में सलवार सूट में एक महिला और उसके साथ नकाबपोश युवक कैद हुआ था। महिला की मर्दाना चाल से पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने करीब से सीसीटीवी देखे तो सलवार सूट में आए चोर का चेहरा सामने आया। मकान मालिक मनीष ने देखा तो बताया कि यह शक्ल तो घर में कंस्ट्रक्शन का काम करा रहे सत्यम यादव की तरह लग रही है। इसके बाद पुलिस ने चोरी वाली रात सत्यम की लोकेशन और कॉल डिटेल चेक की तो साफ हो गया कि सत्यम ने ही चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने सत्यम को गिरफ्तार कर लिया। गुजैनी के नई बस्ती बिहारी पुरवा का रहने वाला सत्यम यादव मूल रूप से ग्राम तिगाही रोड मुडरा शाही थाना रूरा कानपुर देहात का रहने वाला है। वह मकान बनाने का काम करता है। सत्यम की निशानदेही पर साथी चोर जूही हरी कॉलोनी निवासी छात्र अमोघ शुक्ला को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस हिरासत में शातिर चोर सत्यम यादव व अमोघ शुक्ला।

स्टील कारोबारी की दुकान से हुई लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रायपुरवा थाने क्षेत्र की घटना रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। किदवईनगर थानाक्षेत्र में स्थित वाई ब्लॉक निवासी स्टील कारोबारी अरुण कुमार गुप्ता की शॉप में चोरी हो गई। छत के रास्ते दाखिल हुए नकाबपोश चोर ने कैश काउंटर और अलमारी में रखे 8.70 लाख रुपये चोरी कर लिए। चोर की तस्वीर दुकान के भीतर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

अरुण कुमार गुप्ता का अफीम कोठी में मेसर्स बिहारी स्टीलस के नाम से फर्म है। जिसमें लोहे और मखाना का कारोबार करते हैं। अरुण ने पुलिस को बताया कि 21 नवंबर की रात वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह उनके कर्मचारी अश्वनी और अशोक गुप्ता दुकान खोलने पहुंचे। दुकान का शटर खोलकर वह जैसे ही भीतर दाखिल हुए तो कैश काउन्टर का सामान बिखरा पड़ा मिला। वहीं दुकान के प्रथम तल में रखे अलमारी भी खुली मिली। कर्मचारियों की सूचना पर वह अपने बड़े भाई बसंतलाल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान के भीतर लगे सीसीटीवी खंगाले तो एक नकाबपोश छत के रास्ते नीचे आते हुए दिखाई दिया। रायपुरवा थानाप्रभारी संतोष गौड़ ने बताया कि कारोबारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

परिवर्तन कोहरे व धुंध के कारण आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें निरस्त की गईं

हफ्ते में तीन दिन ही चलेगी कानपुर शताब्दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काठगोदाम एक्सप्रेस डेढ़ महीने से अधिक समय तक नहीं चलेगी रेलवे ने किया बदलाव

अमृत विचार। कोहरे व धुंध को देखते हुए सप्ताह में छह दिन चलने वाली कानपुर शताब्दी अब तीन दिन ही मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। कई अन्य ट्रेनें निरस्त रहेंगी तो कई के फेरे घटा दिए गए हैं। यह व्यवस्था एक दिसंबर से 25 फरवरी तक रहेगी। इसमें दिल्ली, हावड़ा, झांसी, मथुरा, गोरखपुर रूट की ट्रेनें शामिल हैं। सेंट्रल स्टेशन से चलकर काठगोदाम जाने वाली काठगोदाम एक्सप्रेस डेढ़ माह से अधिक समय के लिए रद रहेगी।

दिसंबर में धुंध के साथ ही कोहरा पड़ने लगता है। इससे ट्रैक पर दूर-दृश्यता प्रभावित होती है। लो-विजिबिल्टी के चलते ट्रेनों को

कॉशन लेकर अधिकतम 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाया जाता है। इस देखते रेलवे ने सफर करने वालों से अपील की है कि एडवांस टिकट की बुकिंग कराने वाले ट्रेन के तय दिन और समय तक रिफंड ले लें। इसके लिए सेंट्रल पर सहायता कक्ष भी खोला गया है।

ट्रेनें कब तक रहेंगी निरस्त

- 12537 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 8 जनवरी तक
- 12538 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 8 जनवरी
- 20451 सोगरिया-नई दिल्ली 1 दिसंबर से 28 फरवरी
- 20452 सोगरिया-नई दिल्ली 1 दिसंबर से 28 फरवरी
- 12209 कानपुर-काठगोदाम एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 25 फरवरी
- 12210 काठगोदाम-सेंट्रल एक्सप्रेस 2 दिसंबर से 24 फरवरी
- 12873 हटिया-आनंदविहार एक्सप्रेस साप्ताहिक 2 दिसंबर से 9 जनवरी
- 12874 आनंदविहार-हटिया एक्सप्रेस 3 दिसंबर से 10 जनवरी तक

रोजाना की ट्रेनों के फेरे कम हुए

- ग्वालियर बरौनी 11123 सोमवार, गुरुवार चलेगी
- बरौनी ग्वालियर 11124 मंगलवार, शुक्रवार
- झांसी लखनऊ 11109 शनिवार, रविवार
- लखनऊ झांसी 11110 शनिवार, रविवार
- लखनऊ आगरा 12179 शनिवार, रविवार चलेगी

हत्या केस में दो भाई और बहन को आजीवन कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश-1 राजेश चौधरी की कोर्ट ने युवक की हत्या में दोषसिद्ध दो भाइयों व बहन को आजीवन कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों पर 5-5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि मोनू निवासी कच्ची बस्ती शारदा नगर कल्याणपुर ने 26 नवंबर 2021 को कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि वह 26 नवंबर को अपने घर जा रहा था, तभी देखा कि मोहित टेंटहाउस विनायकपुर के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा था। जानकारी की तो मरने वाले का नाम राहुल उर्फ अनुज पता चला। राहुल उर्फ अनुज, धनीराम गौतम, मनीराम गौतम व मंजू गौतम सभी लोग मोहित टेंटहाउस के सामने रहते थे। मोहल्ले वालों ने बताया कि धनीराम गौतम, मनीराम गौतम व मंजू गौतम ने शराब के नशे में युवक को ईंट-पत्थर से मारा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त धनीराम गौतम, मनीराम गौतम और मंजू गौतम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। अभियोजन की ओर से कोर्ट में आठ गवाह पेश किए गए। न्यायालय ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को हत्या में दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कैद की सजा सुनाई है। तीनों पर 5-5 हजार अर्थदंड भी लगाया है।

जयपुरिया स्कूल के समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह की शुरुआत शनिवार से होगी। समारोह में दूसरे दिन 1 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शामिल होंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी समारोह में शामिल होंगे।

यह जानकारी शुक्रवार को सेठ आनन्दराम जयपुरिया शिक्षण समिति के अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया ने दी। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर से शुरू होने वाला समारोह दो दिन तक चलेगा। मुख्य समारोह 1 दिसंबर को होगा। इस समारोह में दोपहर में उपराष्ट्रपति सहित अन्य अतिथि सत्र 2024 के आईसीएसई व आईएससी व सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे। स्कूल के डायरेक्टर (आईटी) हरीश संदूजा, विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी व उप प्रधानाचार्य गणेश तिवारी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष, छात्र, समस्त शिक्षक, पूर्व विद्यार्थी, अभिभावक व अन्य अतिथि एकत्रित होंगे। 30 नवंबर को समारोह की शुरुआत 'अन्वेषिका-क्वेस्ट फॉर एक्सीलेंस' प्रदर्शनी से होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्पर्श-द हीलिंग टच' आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय शास्त्रीय संगीत के दिग्गज 'पद्म विभूषण उस्ताद अमजद अली खान होंगे। इसके अलावा विद्यालय की सांस्कृतिक विरासत और प्रगतिशील भावना को दशति हुए विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 'स्वामी रामकृष्ण परमहंस व स्वामी विवेकानंद पर आधारित लघु नाटिका 'स्पर्श' का मंचन किया जाएगा।

सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में प्रेसवार्ता करते शिशिर जयपुरिया। साथ में विनोद मल्होत्रा, हरीश संदूजा, शिखा बनर्जी, गणेश तिवारी। अमृत विचार

- सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में बच्चों को करेंगे पुरस्कृत
- 30 नवंबर से दो दिवसीय स्वर्ण जयंती संस्थापक दिवस समारोह होगा

एंबुलेंस के लिए रहेगा ग्रीन कॉरीडोर

कानपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के कानपुर आगमन को देखते हुए एंबुलेंस के लिए ग्रीन कॉरीडोर की व्यवस्था की गई है। पुलिस कार्यालय सभागार में अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें एसीपी यातायात सृष्टि सिंह व विभिन्न हॉस्पिटल व एंबुलेंस के संचालक व प्रबंधकों को ग्रीन कॉरीडोर के बारे में अवगत कराया गया। विभिन्न हॉस्पिटल व एम्बुलेंस सेवा के प्रतिनिधियों का व्हाट्सग्रुप तैयार कर बनाए गए ग्रीन कॉरीडोर व ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर को अधिक से अधिक प्रसारित किये जाने के लिए अनुरोध किया गया। गोष्ठी के दौरान हॉस्पिटल संचालक, एंबुलेंस सेवा 108 के पदाधिकारी व रेड एंबुलेंस के संचालक उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति के शहर आगमन पर 1 दिसंबर को डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का 1 दिसंबर को कानपुर में दो स्थानों पर कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसको लेकर 1 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक रूट डायवर्जन किया गया है। इस दौरान भारी वाहनों को दिए गए नो इंट्री पास निरस्त किए गए हैं।

यहां पर किया गया डायवर्जन

- मंधना से कल्याणपुर, गुरूदेव चौराहा की ओर आने वाले सभी प्रकार के कॉमर्शियल वाहन मंधना से यश कोठारी चौराहा से गंगाबैराज होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे।

- दोपहर 12 से शाम 7 बजे तक लागू रहेगा

- रामादेवी चौराहा से टाटमिल चौराहा होते हुए जरीब चौकी की ओर जाने वाले वाहन रामादेवी से सीधे जीटी रोड होते हुए टाटमिल नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन श्याम नगर चौराहा से यशोदा नगर चौराहा से दाहिने किदवई नगर होते हुए जायेगें।
- महाराजपुर की ओर से आने वाले वाहन अहिरवां से सर्विस लेन होते हुए सीधे रामादेवी चौराहा पर न आकर न्यू एयरपोर्ट चकेरी से फ्लाई ओवर होते हुए अपने गंतव्य को जायेगें।
- मेघदूत तिराहा से कोई भी वाहन वीआईपी रोड पर नहीं जा सकेगें। ऐसे वाहन बड़ा चौराहा, कारसेट, ग्वालटोली होते हुए अपने गंतव्य को जायेगे।
- रावतपुर तिराहा से कोई भी वाहन कंपनीबाग की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन रावतपुर से गोल चौराहा से बायें थाना स्वरूप नगर होते हुये अपने गंतव्य को जायेगें।
- कंपनीबाग चौराहा से कोई भी वाहन वीआईपी रोड होते हुए मेघदूत तिराहा की ओर नहीं जा सकेगें। ऐसे वाहन कंपनीबाग चौराहा से राजीव पेट्रोल पंप से छः बगलिया चौराहा से शनिदेव मन्दिर होते हुये अपने गंतव्य को जायेगें।

292 छात्राओं को रोजगार मेले में मिला जॉब ऑफर

दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में 500 छात्राओं ने दिया साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में शुक्रवार को रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में लगभग 500 छात्राओं ने साक्षात्कार दिया। 292 छात्राओं को निजी कंपनियों की ओर से रोजगार दिया गया। निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्राओं को 8 से लेकर 25 हजार रुपये तक का वेतन ऑफर किया।

रोजगार मेले में 15 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्राओं का साक्षात्कार लिया। रोजगार देने वाली कंपनियों में सर्विस सेक्टर, ऑफिस जॉब, टेक्सटाइल सेक्टर की ओर से छात्राओं का रुझान अधिक रहा। मेले में छात्राओं की रोजगार परक काउंसिलिंग भी हुई। सेवायोजन विभाग के अधिकारियों की ओर से हुई काउंसिलिंग में छात्राओं को रोजगार के क्षेत्र में आने वाले बदलाव के बारे में बताया गया। मेले के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जेट निट वियर्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक बलराम नरूला, सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह, सहायक जिला रोजगार अधिकारी प्रिया गौतम, डॉ वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशनल फाउंडेशन की संरक्षिका कुमकुम स्वरूप, स्ववित्तपोषित की निर्देशिका प्रो. अर्चना वर्मा , प्राचार्या प्रो वंदना निगम प्रो क्षमा त्रिपाठी प्रमुख रूप से विचार रखे।

रोजगार मेले में साक्षात्कार देतीं छात्राएं। अमृत विचार

15 कंपनियां रहीं मौजूद

रोजगार मेले में एएस वर्ल्ड ग्रुप कानपुर, याजिका इंडिया प्रा. लि., इंडिपेंडेंट यूथ लोजिस्टिक्, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कानपुर ,द गोल इंडिया कानपुर ,एलआईसी कॉन चैम्बर ,सोशल रिसर्च फाउंडेशन सहित 15 निजी कंपनियां शामिल रहीं।

पंजीकरण की मिली सुविधा

रोजगार मेले के दौरान सेवायोजन पोर्टल पर छात्राओं का पंजीकरण भी किया गया। यह सुविधा सेवायोजन विभाग की ओर से छात्राओं को दी गई। सेवायोजन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मेले में 128 छात्राएं ऐसी रहीं जिन्होंने रोजगार पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया।

नशीला पदार्थ पिला दुष्कर्म का आरोप

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बना लेने का आरोप लगाया।

महिला का आरोप है कि एक युवती ने कमरा दिखाने के लिए उसके मोबाइल से युवक को फोन किया था। इसके बाद से युवक अक्सर उन्हें फोन करने लगा। आरोप है पिछले वर्ष दिसंबर में युवक उन्हें कमरा दिखाने के बहाने अपने कैफे ले गया। जहां नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया, जिसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। गर्भपात करा दिया। आरोपी ने उनका अश्लील वीडियो पति को भेजकर उनकी शादी तुड़वा दी।

मनोज यादव के भाई और साथी पर इनाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हत्या के प्रयास व बलवे के मामले में फरार हैं आरोपी

अमृत विचार। बादशाहीनाका थानाक्षेत्र में डकैती, हत्या के प्रयास व बलवा के मामले में जेल में बंद मनोज यादव के भाई और साथियों पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

कुली बाजार निवासी शशी सैनी के बेटे मोहित ने वर्ष 2007 में पड़ोस में रहने वाले मनोज यादव उर्फ वसूली बंदर और उसके साथियों के खिलाफ डकैती, हथियारों से हमला व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में मनोज यादव और उसका भाई विनोद यादव उन पर न्यायालय में गवाही न देने का दबाव बना रहे थे। शशी का आरोप है कि मनोज, विनोद काकादेव निवासी गोपाल तिवारी समेत छह लोगों ने दो जनवरी 2024 को घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। बादशाहीनाका थाने में शशी सैनी की तहरीर पर छह लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाकी आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जिस पर पुलिस ने नौघड़ा हालसी रोड निवासी जितेंद्र यादव और गोपाल तिवारी निवासी शास्त्री नगर पर 20-20 हजार का इनाम घोषित किया है।

फरार दीपक पाल की तलाश में पुलिस बेंगलुरु भेजी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होटल के एक हिस्से पर कब्जा करने का आरोप

अमृत विचार। माल रोड स्थित मेघदूत होटल के मालिक अशोक कुमार मेहरोत्रा के मकान का एक हिस्सा कब्जाने के आरोप में प्रेसक्लब के पूर्व महामंत्री कुशाग्र पांडेय को जेल भेजने के बाद पुलिस अब उसके फरार साथियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का मानना है कि आरोपी दीपक पाल की अहम भूमिका है, जिसकी तलाश में पुलिस बेंगलूरु रवाना हो गई है।

माल रोड निवासी होटल मालिक अशोक कुमार मेहरोत्रा ने अपने मकान के एक हिस्से में कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए कर्नाटक के बेंगलूरु निवासी दीपक पाल, कछियाना निवासी कुशाग्र पांडेय, उसके भाई दीपक पांडेय, गिरसी निवासी मनोज सिंह, समीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह धर्मू, हरबंश मोहाल निवासी विनोद कुमार गुप्ता, सुभाष पांडेय, संदीप शर्मा, गौरव जैन व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस कुशाग्र के बाद दीपक पाल को मुख्य आरोपी मानकर चल रही है। दीपक पाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम शुक्रवार को बेंगलुरु के लिए रवाना कर दी गई है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। पुलिस ने नामजद आरोपियों के घर छापेमारी शुरू कर दी है।

रात में बाइक घसीट रहा हलवाई लुटा

कानपुर। किदवईनगर थानाक्षेत्र में पेट्रोल खत्म होने पर बाइक घसीट कर ले जा रहे हलवाई को तीन युवकों ने लूट लिया। पीड़ित ने विरोध किया तो उसे पीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित का अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित ने थाने में तहरीर बदलवाने की की बात कही। वहीं तीनों लुटेरों को पुलिस ने दबोच लिया है।

बगाही भट्टा निवासी शिव कुमार गौतम हलवाई का काम करते हैं। शिव कुमार ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह ढकनापुरवा से शादी में काम खत्म करने के बाद लौट रहे थे। मामा भांजे होटल के पास पहुंचते ही पेट्रोल खत्म हो गया। इस पर वह बाइक खींच कर पेट्रोल पंप पर ले जाने लगे। इसी दौरान पीछे से तीन युवक आए और बाइक में धक्का दे दिया। वह नीचे गिरा तो लात घूसों से पीटने के बाद जेब में पड़ा मोबाइल, 41 सौ रुपये ले गए। राहगीरों ने कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा। तहरीर दी तो पुलिस ने उसे बदलवाते हुए कहा कि रुपये सिर्फ 2 हजार लिखो। किदवई नगर इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

सार-संक्षेप

शादी में मचाया उत्पात, युवक को लहूलुहान कर पथराव

कानपुर। जूही थानाक्षेत्र में एक शादी समारोह स्थल पहुंचे कुछ दबंगों ने एक युवक को जमकर मारापीटा। उसे लहूलुहान कर वहां पथराव कर दिया। जिससे वहां पर अफरातफरी मच गई। पुलिस के आने से पहले आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। गोवर्धनपुरवा जूही गौशाला निवासिनी कविता रावत ने दर्ज एफआईआर में बताया कि 28 नवंबर को करीब 11.30 बजे वह पति नरेश कुमार के साथ लाल कालोनी में स्थित विश्वास गार्डेन गई थी। वहां जेठ श्याम सरोज की बेटी की शादी थी। रात में बरात खाड़ेपुर से आई थी। देर रात जयमाल कार्यक्रम में थे। पीड़िता का आरोप है कि तभी दबंग अभिषेक उर्फ कारतूस, युवराज सिंह, देवा मिश्रा, श्रवण उर्फ दुर्लभ कश्यप आए और पति को पीटने लगे। जिससे पति के सिर और नाक मे गंभीर चोट आ गई। इससे वह बेहोश होकर वहीं पर गिर पड़े। इसके बाद आरोपियों ने पथराव कर दिया। हालत यह हो गई कि गेस्ट हाउस का दरवाजा बंद करना पड़ गया। इस दौरान पुलिस को सूचना दी गई। इस संबंध में जूही थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर अभिषेक उर्फ कारतूस, युवराज सिंह, देवा मिश्रा, श्रवण उर्फ दुर्लभ कश्यप, कुछ अज्ञात लोग नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

कार ने टक्कर मारकर मंदिर की दीवार तोड़ी

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र में शास्त्री चौक पर गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार इको स्पोर्टस कार कोने पर बने पीपलेश्वर मंदिर की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के सेफ्टी एयर बैग खुल गए। हादसे के बाद कार सवार दो युवक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकले। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। हादसे की सूचना पर पहुंची बर्रा पुलिस कार को साथ ले गई। कार में दो गिलास भी मिले हैं। कार के टकराने से कोने पर लगा ट्रैफिक सिग्नल वाला पोल, मंदिर की दीवार का पिलर और जाली टूट गई। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार कार बर्रा दो की ओर से रतनलाल नगर की ओर जा रही थी। बर्रा प्रभारी निरीक्षक राजेश शर्मा ने बताया कि कार सरसौल के सुई फुफुवार थोक निवासी आदित्य श्रीवास्तव की है। हादसे के वक्त कार कौन चला रहा था, ये अभी स्पष्ट नहीं है।

व्यापार बढ़ाने का झांसा देकर हड़पे 15 लाख

कानपुर। नवाबगंज थानाक्षेत्र के चंद्र विहार निवासी अमित कुमार मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उनके परिचित ने व्यापार बढ़ाने झांसा देकर 15 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये मांगने पर गाली गलौज करते हुए फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। अमित कुमार मिश्रा सिविल लाइंस स्थित एक कांस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्नाव के भगवंतनगर उत्तरी गढ़ेवा निवासी परिचित कृष्ण कुमार उर्फ लाला भारती ने व्यापार बढ़ाने के लिए उनसे 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 15 लाख रुपये कर्ज पर लिए। ये रुपये उन्होंने 27 नवंबर 2018 से 16 जनवरी 2019 के बीच उनके खाते में दिए थे। आरोप है कि तय समय बीत जाने के बाद भी कृष्ण कुमार न तो उनका मूलधन वापस किया न ही ब्याज के ही रुपये दिए। रुपये मांगने पर आरोपी ने गालीगलौज कर एससीएसटी एक्ट में जेल भिजवाने की धमकी दी।

आईआईटी ने शुरू किया बेहतर शिक्षा के लिए सर्वे

कानपुर। आईआईटी कानपुर ने नई शिक्षा नीति के तहत बेहतर प्रशिक्षण के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। इस सर्वे का उद्देश्य डायट के शोध, प्रशिक्षण और शिक्षा की बेहतरी के लिए सामने आने वाली चुनौतियों को जानने के लिए है। सर्वे के आधार पर आईआईटी की टीम एक विजनरी डॉक्युमेंट तैयार करेगी। जिसके आधार पर सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में तैयार हो रहे नर्वल डायट को सुविधाएं मिल सकेगी।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को एक्सिलेंस सेंटर बनाया जाना है। इसके लिए भेजे गए प्रस्ताव की बात की जाए तो शिक्षा के क्षेत्र में जिले का सबसे बड़ा शोध केंद्र होगा। यहां पर प्रशिक्षण हासिल करने वाले छात्रों और शिक्षकों के सहयोग के लिए आईआईआई कानपुर के विशेषज्ञों का विजनरी डॉक्युमेंट तैयार किया जाना है। यह पूरे प्रदेश के डायट के लिए होगा। शहर में हाल ही में इसका सर्वे शुरू हुआ। इस सर्वे में दो विशेषज्ञों की टीम की ओर से जमीनी स्थिति को जांचा गया। आईआईटी की टीम की ओर से जल्द ही इस सर्वे का दूसरा चरण भी शहर में ही पूरा किया जाएगा।

सर्वे के दौरान विशेषज्ञों की टीम की ओर से डायट में जाकर वहां के शिक्षकों से बातचीत की है। इस बातचीत में उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सामने आने वाली कठिनाईयां व सहूलियत दोनो पर ही चर्चा की।

जुमे की नमाज पर मस्जिदों के बाहर कड़ी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जुमे की नमाज के चलते शहर की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। संवेदनशील और अंतिसंवेनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सुबह से ही ड्रोन और सीसीटीवी से पुलिस अधिकारी निगरानी कर रहे थे। देर रात तक संदिग्धों को रोककर चेकिंग भी की जाती रही। पूरे शहर में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अता की गई।

अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर के अनुसार यतीमखाना, रावतपुर, नई सड़क, मूलगंज, अनवरगंज, चमनगंज, बेकनगंज, जूही, बाबूपुरवा, फजलगंज समेत अन्य प्रमुख मस्जिदों के आसपास और मिश्रित आबादी वाले इलाके में भारी फोर्स तैनात की गई थी। डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह और डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने भारी फोर्स के साथ सड़क पर पैदल गश्त की। सड़क से लेकर सोशल मीडिया पर क्राइम ब्रांच और साइबर सेल निगाह बनाए हुए है। चारों जोन के डीसीपी ने अपने-अपने संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की। इस दौरान यह देखा जा रहा था कि कहीं पर कोई भीड़ तो नहीं एकत्र हो रही है। साथ ही क्षेत्रों में कहां कैसा यातायात चल रहा है। यह निगरानी मस्जिदों के ऊपर और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में की गई।

संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त करती रही। अमृत विचार

शोध को बढ़ावा | शिक्षा और अनुसंधान में नई पहल, एआई पर होगा खासतौर पर कार्य

सीएसजेएमयू और एफईएफयू रूस के बीच समझौता

कार्यालय सवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर और फार ईस्टर्न फेडरल यूनिवर्सिटी रूस ने शुक्रवार को एक एमओयू साइन किया है। इस एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय मुख्य रूप से पांच क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। इनमें एआई 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर विशेष रूप से कार्य होगा। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच छात्र और फैकल्टी के बीच आदान-प्रदान भी होगा।

विश्वविद्यालय में हुए आयोजन के दौरान सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो विनय पाठक व एफईएफयू के प्रतिनिधि प्रो. सेलेज्नेव टिम मौजूद रहे। बताया गया कि इस समझौते के अनुसार संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत दोनों विश्वविद्यालय मिलकर उभरते क्षेत्रों में विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम तैयार करेंगे। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एडवांस्ड एल्गोरिदम, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग पर कोर्स को विस्तृत किया जाएगा। डेटा साइंस और एनालिटिक्स के तहत डेटा मैनेजमेंट, बिग डेटा और एनालिटिक्स पर संयुक्त शोध कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा साइबर हमलों और डेटा सुरक्षा पर विशेष कोर्स और वर्कशॉप भी आयोजित की जाएगी। हर साल सीएसजेएमयू और एफईएफयू दोनों संस्थानों के छात्र और शिक्षक एक-दूसरे के कैंपस में शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए जाएंगे। छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और ग्लोबल इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया जाएगा। युवाओं की बेहतरी के लिए दोनों देशों के वैज्ञानिक और शोधकर्ता नई खोजों और तकनीकी समाधानों का आदान-प्रदान भी करेंगे। इसके साथ ही दोनों विश्वविद्यालयों के इनक्यूबेशन सेंटर्स मिलकर स्टार्टअप्स को बढ़ावा देंगे। दोनो विश्वविद्यालय मिलकर छात्रों को ग्लोबल लेवल पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए ट्रेनिंग देंगे।

सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि भारत और रूस का यह शैक्षणिक गठजोड़ छात्रों को न केवल वैश्विक मंच पर नई संभावनाएं देगा, बल्कि दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करेगा। एफईएफयू के प्रतिनिधि प्रो. सेलेज्नेव टिम ने कहा कि यह साझेदारी शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों को नए आयामों तक ले जाएगी।

समझौता पत्र दिखाते कुलपति प्रो. विनय पाठक और प्रो. टिम। अमृत विचार

- छात्र और फैकल्टी का होगा आदान-प्रदान, दस साल तक कार्य होगा

छात्रों को यह होंगे फायदे

एमओयू के दौरान बताया गया कि इस समझौते से छात्रों को विशेष लाभ हासिल होगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय अनुभव और एक्सपोजर उन्हें मिलेगा। इसी तरह रूस में उच्च-स्तरीय प्रयोगशालाओं और सुविधाओं का उपयोग भी छात्र कर सकेंगे। उधर ग्लोबल इंडस्ट्री की मांगों के हिसाब से छात्र ट्रेनिंग भी हासिल कर सकेंगे।

रंगदारी न देने पर दंबगों ने तोड़फोड़ कर लूटी चेन

कानपुर। सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में दुकान लगाने के एवज में दो हजार रुपये रंगदारी न देने पर दबंगों ने राकेश गुप्ता की दुकान में तोड़फोड़ कर दी। विरोध पर पिटाई करते हुए काउंटर से रुपये और सोने की चेन लूट ली। राकेश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह गांव में ही मिठाई व समोसे की दुकान खोले हैं। 26 नवंबर की शाम गांव के ही रहने वाले टार्जन चौहान, विमल, शंकर व रंजीत उनकी दुकान पर आ धमके। दुकान खोलने के एवज में शराब पीने के लिए रंगदारी के तौर पर दो हजार रुपये और चखने के लिए आधा किलो पनीर की मांग की। इंकार पर दबंगों ने उनकी दुकान में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध पर पीटा और सोने की चेन और काउंटर में रखे 35 सौ रुपये भी लूट लिए।

सीआरपीएफ हवलदार से सवा लाख की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खुद को आर्मी जवान बताने वाले ने एटीएम कार्ड बदला

अमृत विचार। रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक ठग ने आर्मी जवान बनकर सीआरपीएफ के हवलदार से सवा लाख की धोखाधड़ी कर दी। एटीएम बूथ में बैलेंस चेक करने के दौरान पीड़ित हवलदार का एटीएम कार्ड बदल लिया। जिसके बाद एक के बाद एक रुपये कटने के मैसेज उनके मोबाइल पर पहुंचते रहे। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

दीनदयाल नगर थाना ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी रामप्रकाश सिंह भदौरिया ने बताया कि वह सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर दीघा सिंह भूमि झारखंड में पोस्टेड हैं। बताया कि वह छुट्टी से वापस जाने के लिए कानपुर रेलवे स्टेशन पर 31 मई को संभलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। बताया कि इस दौरान उनके पास एक आदमी आया जो कि अपने आप को आर्मी वाला बताने लगा। उसके साथ स्टेशन के बाहर एक नंबर प्लेटफार्म की तरफ एटीएम तक गए और बैलेंस चेक किया। उसके बाद दोनों स्टेशन पर आ गए। वह नहीं जान पाए कि किस समय उसने उनका एटीएम कार्ड चेंज कर दिया। ट्रेन में बैठने के बाद मोबाइल में मैसेज आया कि 75 हजार रुपये की कृष्णा ज्वैलर्स कानपुर में शापिंग की गई। इसके बाद 2.50 मिनट से लेकर 3.30 के बीच में अलग-अलग जगह 46 हजार रुपये ट्रांसफर किया गया। उनके एटीएम कार्ड से उस व्यक्ति ने कुल 1,21,000 रुपये का ट्रान्जेक्शन कर लिया।

आईआईटी के 'समन्वय' में उद्यमियों ने देखे मॉडल

50 से अधिक कॉर्पोरेट लीडर, शोधकर्ता और शिक्षाविद एक मंच पर साथ आए, आईआईटी के शोधार्थियों ने 49 मॉडल प्रदर्शित किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उद्योगों की चुनौतियों और उसके निदान के लिए शुक्रवार को आईआईटी कानपुर में 'समन्वय' आयोजित हुआ। समारोह में 50 से अधिक कॉर्पोरेट लीडर, शोधकर्ता और शिक्षाविद एक साथ आए। इस दौरान संस्थान के शोधार्थियों ने 49 मॉडलों का प्रदर्शन किया। इनमें सेना, चिकित्सा, औद्योगिक युनिट से जुड़े रोबोट सहित अन्य मॉडलों को सराहना मिली। समारोह में शामिल उद्यमियों ने भी मॉडल प्रदर्शनी देखी। उद्यमियों ने कई मॉडलों पर रुचि दिखाई।

समारोह की शुरुआत आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने की। उन्होंने कहा कि नवाचार का मतलब केवल तकनीक बनाना नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक खोज और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच महत्वपूर्ण अंतर को कम करना भी है। हम केवल तकनीक विकसित नहीं कर रहे हैं; बल्कि हम व्यावहारिक नवाचार का एक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहे हैं। ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. राम सेवक शर्मा ने कहा कि यह आयोजन शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग को संस्थागत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिंद्रा एग्री, महिंद्रा ईपीसी इरिगेशन और सीआईई ऑटोमोटिव इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एसपी शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह के दौरान आईआईटी कानपुर की अनुसंधान सुविधाओं, सफल प्रौद्योगिकियों और स्टार्टअप की उद्यमियों को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान के शोधार्थियों की ओर से 49 मॉडल प्रदर्शित किए गए। स्टार्टअप इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर, साइबर सुरक्षा और साइबर-फिजिकल सिस्टम्स की साइबर सुरक्षा, आईआईटीके रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी पार्क फाउंडेशन, कोर इंजीनियरिंग विभाग, कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी, गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, ऑफिस ऑफ ट्रांसलेशनल रिसर्च और नेशनल विंड टनल फैसिलिटी और सेंट्रल एक्सपेरीमेंटल एनिमल फैसिलिटी के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते आईआईटी के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. राम सेवक शर्मा। अमृत विचार


आईआईटी छात्रों ने मॉडल दिखाए। अमृत विचार

सेना के शौर्य को नहीं रोक पाएगी ठंड

संस्थान के प्रो जेराम कुमार की टीम के सदस्य हिमांशु गुप्ता ने बताया कि उनकी टीम की ओर से एक ऐसे जूते का निर्माण किया गया है जो माइनस 50 डिग्री तापमान में भी सैनिकों के पैर व तलवे को गर्म रखता है। इन जूतों 'शूवॉर्मर' का उपयोग पर्वतारोही भी कर सकते हैं। जूते को एक बार चार्ज करने पर 5 घंटे तक उसमें गर्मी हासिल की जा सकती है। खास बात यह है कि जूते के साथ एक छोटा पॉवरबैंक भी शामिल है। इस जूते को डीआरडीओ ने भी अपनी जांच में शामिल किया है।

सेना के लिए बनाए बूट दिखाते हिमांशु गुप्ता। अमृत विचार

5 मिनट में काउंसिलिंग की रिपोर्ट मिलेगी

- मॉडल प्रदर्शनी में संस्थान के शोधार्थी अमलजुट अश्विन व प्रांजुल वर्मा ने एक 'ईएजी' नाम का सॉफ्टवेयर को बनाया है जो केवल 5 मिनट के भीतर काउंसिलिंग संबंधी 16 तरह की समस्याओं की परख करता है। शोधार्थियों ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर के उपयोग में चिकित्सा व शिक्षा जगत में देश में कम काउंसलर की समस्या का समाधान हो सकेगा। सॉफ्वेयर की सहायता से सटीक ऑनलाइन काउंसिलिंग भी संभव है। सॉफ्टवेयर तनाव, इंजाइटी, बाइपोलर डिसआर्डर, पार्किंसंस और एल्जाइमर जैसी समस्याओं को पलक झपकते पकड़ता है। ब्रेन मैपिंग के साथ ही सॉफ्वेयर अपनी जांच में चेहरे के भाव को भी शामिल करता है।

आय से अधिक रकम मिलने पर एफआईआर

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वरिष्ठ प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग मुख्यालय के खिलाफ कार्रवाई की गई
- कानपुर सेक्टर सतर्कता अधिष्ठापन विभाग कर रहा था मामले की जांच

अमृत विचार। खादी एवं ग्रामोद्योग के वरिष्ठ प्रबंधक के पास आय से अधिक रुपये मिलने पर कानपुर सेक्टर सतर्कता अधिष्ठापन विभाग (विजिलेंस) ने जांच पूरी करने के बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

कानपुर सेक्टर सतर्कता अधिष्ठापन के प्रभारी निरीक्षक महामाया प्रसाद सिंह ने दर्ज एफआईआर में बताया कि उत्तर प्रदेश शासन सतर्कता अनुभाग 4 में 31 मई 2021 को हरिश्चन्द्र मिश्र वरिष्ठ प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग मुख्यालय कानपुर के विरुद्ध खुली जांच के आदेश सतर्कता अधिष्ठान को दिए गए थे। जांच की गई और 15 जुलाई 2024 को शासन को आख्या प्रेषित की गई। चेक अवधि के मध्य हरिश्चन्द्र मिश्र वरिष्ठ प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग द्वारा लोकसेवक के रूप में कार्यरत रहते हुए जांच के लिए निर्धारित की गई। अवधि में अपनी आय के समस्त ज्ञात व वैध स्रोतों से कुल 72,46,904 लाख रुपये की आय अर्जित की तथा इस अवधि में कुल व्यय 94,27,158 रुपये पाया गया। इस प्रकार जांच के लिए निर्धारित की गई अवधि में हरिश्चन्द्र मिश्र द्वारा ज्ञात व वैध स्रोतों से अपनी आय के सापेक्ष 21,80,254 लाख रुपये अधिक होना पाया गया जो उनकी आय व वैध स्रोतों से अर्जित आय से अधुक है।

इस व्यय तथा परिसंपत्ति के अर्जन के संबंध में हरिश्चन्द्र मिश्र ने कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच के बाद हरिश्चन्द्र मिश्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

इन धाराओं में दर्ज किया मामला

कानपुर सेक्टर सतर्कता अधिष्ठापन थाने में दर्ज मुकदमे में 13(1)(बी) यानि यदि कोई लोक सेवक बेईमानी से या धोखाधड़ी से किसी संपति का दुरुपयोग करता है या अन्यथा उसे अपने उपयोग के लिए परिवर्तित करता है और धारा 13 (2) यानि कोई लोक सेवक जो आपराधिक कदाचार करेगा, की धाराओं में रिपोर्ट लिखी गई है।

बस इतना सा ख्वाब टीवी शो में दिखेगा शहर

आए कलाकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीटीवी पर आने वाले बस इतना सा ख्वाब शो में कानपुर की झलक देखने को मिलेगी। इसमें अवनी की प्रेरक कहानी में कानपुर के जोश और उमंग को दर्शाया गया है। शो में बिठूर घाट की शांति, मोतीझील का सौंदर्य, फूलबाग का रंगीन माहौल व ऐतिहासिक स्थलों को दिखाया गया है।

होटल लैंडमार्क में शुक्रवार दोपहर 'बस इतना सा ख्वाब'शो के प्रमोशन में टीवी एक्टर राजश्री ठाकुर व योगेंद्र विक्रम सिंह पहुंची। राजश्री ठाकुर ने कहा कि शो के कुछ एपिसोड्स शहर में शूट किए गए हैं और पहले दिन से ही यहां के लोगों से काफी सारा प्यार और सपोर्ट मिला। उम्मीद है कि अवनी के किरदार में देश की हर महिला अपने सपनों, बलिदानों और इच्छाओं का आइना देख पाएगी।

योगेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि कानपुर जोश और रंगों से भरा हुआ है। शो में यहां के फेमस फूड हॉट स्पॉट्स जैसे ठग्गू के लड्डू, बदनाम कुल्फी और पहलवान मट्ठे वाला आदि की भी झलक दिखेगी।

शहर की जगहों ने कहानी में बीती यादों और स्वाद का तड़का लगाया है। यहां तक कि कानपुर के मैगी पॉइंट जैसे बिजी ठिकाने भी अवनी के सफर का हिस्सा बने हैं। राजश्री ठाकुर ने बताया कि कहानी में अवनी की जिंदगी का खूबसूरत और प्रेरक सफर दिखेगा, जिसका संदेश है कि जो महिलाएं अपने घर को इतने प्यार और सलीके से संभाल सकती हैं, वे बाहर की दुनिया में भी शानदार तरीके से कामयाबी हासिल कर सकती हैं। जी स्टूडियोज के निर्माण में बना यह शो तीन दिसंबर से रोज शाम सात बजे जी टीवी पर प्रसारित होगा। योगेंद्र विक्रम सिंह शिखर का किरदार निभा रहे हैं।

लैंडमार्क में बस इतना सा ख्वाब शो के प्रमोशन में मौजूद टीवी एक्टर राजश्री ठाकुर व योगेंद्र विक्रम सिंह। अमृत विचार

वकील को धमकाने में दो दरोगा समेत छह पर रिपोर्ट

कल्याणपुर संवाददाता

अमृत विचार। रावतपुर में एक अधिवक्ता ने न्यायालय के आदेश पर दो दरोगा समेत छह के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकाने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।।

मसवानपुर शिव नगर निवासी अधिवक्ता महेंद्र कुमार शर्मा पेशे के मुताबिक उन्होंने अपनी शादी के लिए मैरिज डॉटकॉम के जरिए मध्य प्रदेश के छतरपुर, निवासी डॉक्टर प्रभु दयाल की तलाकशुदा बेटी शोभा सेन से संपर्क किया। अगस्त 2020 में उससे मिलने गया। जहां उसे शोभा के शादीशुदा होने की जानकारी हुई। शोभा के परिजन शादी को तैयार हो गए। शोभा ने महेंद्र से उसके पहले पति से गुजारा भत्ता दिलाने का मुकदमा लड़ने की बात कही। अधिवक्ता महेंद्र ने शोभा, उसके पिता प्रभु दयाल, मां गीता, भाई राहुल की बातों में आकर महेंद्र ने मुकदमा लड़ने के नाम पर लगभग पांच लाख रुपए खर्च कर दिए। पैसा मांगने पर आरोपितों ने धोखाधड़ी कर वकील को जान से मारने की धमकी दी। जिसपर अधिवक्ता ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट लिखाई। उनका आरोप है मामले की जांच कर रहे दरोगा सचिन भाटी और अभिषेक सोनकर ने महेंद्र के पत्र को फेंक दिया। साथ ही दोनों दरोगा ने मुकदमा वापस लेने का दबाव भी बनाया। एसआई अभिषेक सोनकर ने उनका मोबाइल जबरन छीन कर चेक किया। साथ ही अभद्रता भी की। रावतपुर थाने में दोनों दरोगाओं समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

खेल प्रतियोगिता में दिखाया दम

कानपुर। आर्चीज एजुकेशन सेंटर श्यामनगर का शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पीएसी मैदान में हुई प्रतियोगिता की शुरुआत रंगारंग कार्यक्रम से हुई। आयोजन का मुख्य आकर्षण ताइक्वांडो आर्ट, 200 मीटर एकल एवं 200 मीटर रिले रेस व प्राइमरी और प्री-प्राइमरी के बच्चों की विभिन्न रेस व सामूहिक योगासन का प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। स्कूल प्रबंधक मयंक एवं ओश्मी बाजपेई, सीबीएसई के सिटी क्वार्डिनेटर बलविंदर सिंह, एनएलके ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के प्रबंधक अभिषेक एवं रूमा चतुर्वेदी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संचिता कपूर, शिव दरपल मिश्रा एवं रंजना मिश्रा मौजूद रहे। आर्चीज एजुकेशन सेन्टर, श्यामनगर कोऑर्डिनेटर सोनम अग्रवाल, यशी श्रीवास्तव व विद्यालय के खेलकूद विभाग से अर्पणा दुबे एवं निखिल भी उपस्थित रहे।

48 घंटे से जारी छापेमारी मोबाइल किए गए स्कैन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छापेमारी के दौरान घर, ऑफिस और गोदाम के सीसीटीवी भी तलाशे गए
- हूलागंज की एक दुकान से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने की सूचना
- रिमझिम इस्पात और सहयोगी कंपनियों पर छापे का मामला

अमृत विचार। आयकर और महानिदेशालय जीएसटी इंटेलिजेंस की संयुक्त टीम की ओर से शहर में रिमझिम इस्पात लिमिटेड और उसके साथ कारोबार में जुड़ी इस्पात फर्मों पर छापेमारी शुक्रवार को भी जारी रही। 48 घंटों से अधिक से चल रही कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को हूलागंज स्थित एक दुकान से बड़ी संख्या में नकदी बरामद होने की भी सूचना है। कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल फोन को भी स्कैन कर डाटा रिकवर किया गया।

टीम की ओर से शहर में 8 स्थानों में छापेमारी जारी है। गुरुवार को शुरू हुई छापेमारी में तिलक नगर, नवाबगंज व भूसाटोली में अधिकारियों की टीम ने कागजात सील किए। घरों व कार्यालयों में मौजूद सभी सदस्यों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी पाबंदी लगा कर उसे जमा कर लिया। मोबाइल फोन में डिलीट हो चुके डाटा को भी रिकवर किया गया।

भारत आर्थिक और सामरिक रूप से मजबूत देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर ये कमला रिट्रीट में टॉक शो का आयोजन

अमृत विचार। मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से शुक्रवार को एक टॉक शो आयोजित किया गया। जिसमें शहर के उद्यमियों ने वैश्विक चुनौतियों को विशेषज्ञों से समझा। कमला रिट्रीट में हुए आयोजन में विशेषज्ञों ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत को आर्थिक और सामरिक रूप से एक मजबूत देश बताया।

'भारत के भू-राजनीतिक भविष्य' विषय पर हुए टॉक शो की शुरुआत चेंबर के सचिव महेंद्र मोदी, आदि अंचित, कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय के. रैना व मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) राजीव नारायणन भी मौजूद रहे। टॉक शो के दौरान मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) राजीव नारायणन ने भारत-चीन संबंधों, एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) पर बढ़ते तनाव, और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए आवश्यक रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की सैन्य तैयारियों और भू-राजनीतिक दृष्टिकोण पर विशेष चर्चा की। कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय के. रैना ने भारत की ऐतिहासिक भूमिका और आधुनिक समय में उसकी वैश्विक स्थिति पर चर्चा करते हुए बताया कि भारत किस प्रकार आर्थिक और सामरिक रूप से एक मजबूत देश के रूप में उभर रहा है। आदि अंचित ने मीडिया और युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में मीडिया भू-राजनीतिक मुद्दों को जनता तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चेंबर के उपाध्यक्ष मयंक खन्ना, मुकुल टंडन, अतुल कानोडिया, अनिल अग्रवाल, आशीष चौहान, डॉ. अवध दुबे, डॉ. एएस प्रसाद, राज कुमार अग्रवाल, प्रेम मनोहर गुप्ता, अनिल के. सक्सेना, शरद शाह, दिलीप अग्रवाल सहित अन्य उद्यमी व विशेषज्ञ मौजूद रहे।

टॉक शो में विचार रखते वक्ता। अमृत विचार

सार-संक्षेप

चांदनी कॉलेज में सेरेमनी का आयोजन हुआ। अमृत विचार

चांदनी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

कानपुर। बसौसी स्थित चांदनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को लैंप लाइटिंग ओथ टेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिर्वसिटी लखनऊ के परीक्षा नियंत्रक डॉ. लोकेश अग्रवाल, कानपुर देहात के सीएमओ डॉ.एके सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुरेंद्र सिंह, संस्थान के संस्थापक डॉ. सीके सिंह, संस्था की सचिव सरला सिंह, डॉ.चांदनी सिंह, डॉ. आनंद प्रताप सिंह, डॉ.अंचला सिंह व डॉ.पल्लवी सिंह ने की। इसके बाद बीएससी नर्सिंग, पीबी बीएस सी नर्सिंग, जीएनएम व एएनएम के छात्र-छात्राओं को संस्था के प्राचार्य डॉ. सुनील डीसी ने शपथ दिलाई। संस्था के सचिव सरला सिंह ने कहा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरीब बच्चों व मेधावी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. लोकेश अग्रवाल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। इस दौरान विमला शर्मा, डॉ. प्रतष विक्रम सिंह, दिव्या द्विवेदी, रत्नांजली, रचना विश्नोई, दीपांशु, अश्वनी, रूची, श्रेया गुप्ता व अलिशा एलवड समेत आदि लोग रहे।

केडीए उपाध्यक्ष को स्टेट उपभोक्ता फोरम से राहत

कानपुर। पराग डेयरी के सामने स्थित जवाहर विद्या समिति की जमीन के मामले में जिला उपभोक्ता फोरम कानपुर देहात ने केडीए उपाध्यक्ष को गिरफ्तार कर पेश करने आदेश दिया था। इस मामले में स्टेट उपभोक्ता फोरम ने राहत दी है। कानपुर विकास प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता प्रमेंद्र वर्मा को कोर्ट ने सुना और मामले में अगली सुनवाई के लिए चार दिसंबर तिथि निर्धारित की है। इस बारे में समिति के अधिवक्ता आशीष शुक्ला ने बताया कि चार दिसंबर को वह भी अपना पक्ष रखेंगे। बता दें कि जवाहर विद्या समिति की जमीन पर कब्जा न मिलने पर समिति केडीए के खिलाफ कोर्ट चली गई थी।

नारी अस्मिता और आत्मरक्षा के लिए त्रिशूल दीक्षा

कानपुर। सनातन संस्कृति में नारी को सदा शक्ति का स्वरूप माना गया है और इसी परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए त्रिशूल दीक्षा व मानवंदन यात्रा नारी अस्मिता और आत्मरक्षा के लिए समर्पित है। मंत्रोच्चारण के साथ चिकित्सक, अध्यापक, अधिवक्ता, उद्यमी, छात्राएं, समाज के हर वर्ग से माताएं व बहनें दीक्षा लेकर त्रिशूल धारण करेंगी, जो उनके वीरांगना स्वरूप का प्रतीक बनेगी। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद् कानपुर प्रांत के विभाग मंत्री गौरांग ने दी। विश्व हिंदू परिषद् कानपुर प्रांत के पदाधिकारियों ने प्रांतीय कार्यालय में शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गोविंद नगर आर्य कन्या इंटर कॉलेज में एक दिसंबर की सुबह 11 बजे से विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी के तत्वावधान में त्रिशूल दीक्षा व मानवंदन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुण्यश्लोका अहिल्यादेवी होल्कर (त्रिशताब्दी जन्म वर्ष) और वीरांगना रानी दुर्गावती (पंचशताब्दी जन्म वर्ष) की पावन स्मृति को समर्पित है। मातृशक्ति विभाग संयोजिका तापसी चक्रवर्ती ने बताया कि त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम के बाद बहनों द्वारा मानवंदन यात्रा भी निकाली जाएगी।

हुंकार

मोतीझील कथा प्रांगण में सनातन संत सम्मेलन, विधानसभा अध्यक्ष भी आए, -संत सम्मेलन में हिंदू एकता पर जोर, भविष्य के खतरों पर हुआ मंथन

हर सनातनी है चिन्मय कृष्णदास के साथ : देवकीनंदन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले संत चिन्मय कृष्ण दास को जेल में डाल दिया गया है। हिंदुओं की लड़ाई में सभी सनातनी उन्हें अकेला नहीं छोड़ेंगे। यह विचार सनातन न्यास फाउंडेशन की ओर से मोतीझील कथा प्रांगण में सनातन संत सम्मेलन में देवकीनंदन महाराज व संतों ने रखे।

मोतीझील कथा प्रांगण में शुक्रवार को सनातन संत सम्मलेन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने श्रीमद्भागवत कथा सुनकर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। देवकीनंदन महाराज ने कहा कि वक्फ बोर्ड आज तक विवाद का विषय है। दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में वक्फ बोर्ड जैसी संस्था नहीं है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा कि वहां हिंदुओं के साथ जो व्यवहार हो रहा है, वह चिंताजनक है। उन्होंने मौजूद सनातनियों से आह्वान किया कि एकजुट होकर इस तरह की घटनाओं का विरोध करें। महाराज ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट मामले पर दुख जताया। कहा कि यह घटना न केवल आस्था पर चोट है, बल्कि यह हमारी धार्मिक परंपराओं पर भी प्रश्न खड़े करती है।

महामंडलेश्वर उदितानंद महाराज ने समाज और धर्म से जुड़े मुद्दों पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुई घटनाएं न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं, बल्कि इनसे सनातनियों को सतर्क रहने की सीख लेनी चाहिए। आनंद भारती ने कहा कि हिंदू समाज को अपने मतभेद दूरकर एकजुट होना होगा। हमारी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा तभी होगी, जब हम संगठित होकर सामना करेंगे। सनातन संत सम्मेलन में महामंडलेश्वर अरुणपुरी महाराज, जितेंद्रीया स्वामी, जगतगुरु मुनीषा आश्रम, आनंद भारती, रामानंद और चंद्रा नंद ने भी विचार रखे।

स्वामी मयंक दास, महामंडलेश्वर कृष्णा दास, मधुर महाराज, महामंडलेश्वर गोविंद दास महाराज और महामंडलेश्वर देवाचार्य देवशरण दास महाराज, संत गोविंददास महाराज का देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने स्वागत किया। कथा में राजू पांडे, रेनू सिंह, नीरज वर्मा, मनोज गुप्ता, प्रभा शंकर वर्मा, राम विनय यादव, विपिन बाजपेई, शिव प्रकाश गुप्ता, अजय मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, दिनेश त्रिपाठी आदि रहे। मंच का संचालन सनातन न्यास फाउंडेशन के सचिव विजय शर्मा ने किया।

संत सम्मेलन में देवकीनंदन ठाकुर, कृष्ण दास, उदितानंद महाराज आदि। अमृत विचार

कथा सुनने उमड़ी भीड़। अमृत विचार

एक नजर

केडीए में लागू होगी ई-ऑफिस सिस्टम प्रणाली

कानपुर। फाइलों व कागजों से निजात पाने के लिए केडीए में ई-ऑफिस सिस्टम प्रणाली पूर्ण रूप से लागू होगी, इसके संबंध में शुक्रवार को यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड ने केडीए के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की और प्रथम तल पर स्थित सभागार व अटल बिहारी प्रेक्षागृह में गूगल मीट के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण दिया। केडीए में विभिन्न कार्यों के संबंध में आने वाले पत्रों को उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने जानकारी दी, बताया कि किस प्रकार ई-ऑफिस सिस्टम प्रणाली के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। विभागीय पत्रावलियों को भी किस प्रकार ई-ऑफिस माध्यम से प्रेषित किया जाएगा।

केस्को एमडी ने दिया नई प्रणाली का प्रशिक्षण

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में शुक्रवार को केस्को ने ईज ऑफ लिविंग के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें एक दिसंबर से लागू होने वाली नई केंद्रीयकृत प्रणाली के संबंध में जानकारियां दीं। केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने प्रशिक्षण भी दिया। कार्यशाला में व्यैक्तिक सहायक तकनीकी, अधिक्षण अभियंता प्रथम, अधिक्षण अभियंता भंडार क्रय व अधिशाषी अभियंता निर्माण के साथ ही केस्को के 350 कार्यकारी सहायक व टीजी-2 ने प्रतिभाग किया।

बंद घर से चोरों ने जेवर व नकदी की पार

महाराजपुर। ड्योढ़ीघाट मोड़ रूमा के पास राजमिस्त्री चंद्र प्रकाश के घर से चोरों ने गुरुवार रात जेवर व नकदी समेत एक लाख का माल पार कर दिया। चंद्रप्रकाश ने बताया कि वो पत्नी के साथ बाहर गए हुए थे। घर में कोई नहीं था। गुरुवार देर रात पीछे से आए चोर अंदर घुसे और 15 हजार नकद और लगभग 80 हजार के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ित के घर पहुचकर जांच की। पीड़ित के बेटे महेंद्र ने चोरी की तहरीर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में कर रही है।

खेल-खेल में बच्चों ने लगाई आग

शिवराजपुर। कुंवरपुर कुकुरी गांव में अनूप कटियार व अजय कटियार के छप्पर में गुरुवार को छोटे बच्चों के खेल-खेल में छप्पर में आग लगा दी। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया व लगभग 20 पैकेट गेहूं व धान जलकर राख हो गया। साथ ही एक मवेशी का बच्चा भी आग में जलकर कर मर गया ग्रामीणों ने आज की लिफ्ट से उठती देख दौड़कर मौके पर आए वह पानी से आग बुझाने लगे। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने जांच की।

थाने में खड़े वाहनों की सूची तैयार की जाए

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने ऑपरेशन क्लीन के तहत चकेरी के मालखाना थाना परिसर में खड़ी पुरानी कारें, बाइकें और अन्य वस्तुओं के निस्तारण के सबंध में बैठक की। कहा कि थाना परिसर में लंबे समय से खड़ी कारों और बाइकों की सूची तैयार की जाए। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर इन वाहनों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए।

युवक को पीटा

कल्याणपुर। काकादेव एम ब्लॉक निवासी आर्यन मिश्रा के मुताबिक गुरुवार रात वह केशवपुरम से अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में रजत व आदित्य ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे रोक लिया। विरोध करने पर दबंगों ने पुराने विवाद का हवाला देकर उसे पीटा, जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

डिप्टी डायरेक्टर से साढ़े 5 लाख की साइबर ठगी

पालिसी का रिफंड कराने के नाम पर घटना, दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कृषि विभाग में डिप्टी डायरेक्टर से बंद पड़ी पालिसी का रिफंड कराने के नाम पर लाखों रुपये की साइबर ठगी कर ली गई। उन्होंने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

काकादेव थानाक्षेत्र में श्याम लीला अपार्टमेंट गीता नगर निवासी अरविंद कुमार ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह बाराबंकी में रिसर्च कृषि विभाग में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर हैं। उन्होंने अपने व पत्नी के नाम से 8 बीमा पालिसी कराई थीं। पालिसी कोविड महामारी के समय से कुछ कारणों से बन्द करवा दी थीं। 24 सितंबर 2024 को मेहता नाम के युवक की कॉल आई जिसने बताया कि वह बीमा कंपनी का अधिकारी है। उसने कहा कि उनकी 4 बंद पड़ी पालिसी में अच्छा खासा पैसा पड़ा है जिसके रिफंड के लिए कुछ कागजी कार्यवाही और औपचारिकताएं करनी होंगी। कहा कि कुल धनराशि पर सरकारी टैक्स जमा करने के बाद समस्त रिफंड हो जाएगा। इसके बाद किसी किरन गुप्ता सह अधिकारी व एडवाइजर राजेन्द्र जोशी ने फोन पर बात की। उन्होंने 4 बंद पालिसी में 9,70,000 रुपये कंपनी में जमा होने की बात बताई। उन लोगों ने बीमा कंपनी के कूटरचित दस्तावेज वाट्सएप पर भेजे और बैंक खाता का विवरण ले लिया। उन्होंने 3 बार में 3,56,544 रुपया बताए गए खातों में ट्रांसफर कराए। इसके बाद कुल 5,55,544 लाख रुपये का फ्रॉड कर लिया। इस संबंध में साइबर सेल इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

पेंशन राशि दिलाने के नाम पर 15 लाख ठगे

- किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी आदित्य कुमार पाठक ने दर्ज एफआईआर में बताया कि तीन माह के भीतर साइबर फ्रॉड ने उनके साथ लाखों की धोखाधड़ी की। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 से लेकर 2024 फरवरी तक मोबाइल पर अनामिका शर्मा, वेद प्रकाश त्रिपाठी, मोहपात्रा, अतुल ठाकुर, सुशांत मिश्रा नाम के लोगों ने कॉल की। कहा कि आपकी पेंशन धनराशि एगोन बीमा कंपनी में जमा है, जो लगभग 37 लाख रुपये है। इसको वापस कराने के लिए बताए गए बैंक खातों में रकम जमा करनी होगी। इस पर उन्होंने उनके बताए गए खातों में कुल 14,76,412 लाख रुपये की धनराशि जमा कर दी। इसके बाद उन सभी ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिए। उन्होंने घटना की सूचना साइबर क्राइम थाने में दी।

गेस्ट हाउस से जेवर से भरा बैग उठा ले गए चोर

संवाददाता, घाटमपुर

- सीसीटीवी से पुलिस कर रही जांच, पतारा के आराध्या गेस्ट हाउस का मामला चोरी

अमृत विचार। घाटमपुर के पतारा स्थित आराध्या गेस्ट हाउस से चोर चढ़ाए का जेवर भरा बैग चोरी कर ले गए हैं। बैग में लगभग पांच लाख रुपये के जेवरात और कपड़े थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। परिजनों ने गेस्ट हाउस प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के अशोक नगर दक्षिणी मोहल्ला निवासी इंद्र बहादुर ने बताया कि उनका बेटा सौरभ की शादी रायपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार की बेटी रश्मि के साथ तय की थी। गुरुवार देर शाम वह बरात लेकर पतारा कस्बा स्थित आराध्या गेस्ट हाउस पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके पास कमरे में लगाने के लिए ताला नहीं था। जिस पर उन्होंने गेस्ट हाउस प्रबंधन से ताला मांगा तो प्रबंधन ने कहा कि ताला आप अपना लगाइए। बहार ताला न मिलने और समय अधिक होने पर प्रबंधन ने एक ताला चाभी उन्हें दे दिया। जनवासे में नाश्ता पानी होने के बाद बारात अगवानी के लिए निकली। इस दौरान कमरे के चढ़ाए के बैग के पास लड़के के पिता इंद्र बहादुर बैठे थे। पिता इंद्र बहादुर ने बताया कि उनके पास एक युवक आया और बोला द्वार चार के लिए बुलाया जा रहा है। जिस पर पर वो कमरे में ताला लगाकर दरवाजे पर चले गए। जब उन्हें रिश्तेदारों ने देखा तो कहा कमरे में कौन है। तब वह वापस कमरे में लौटे तो कमरे का ताला टूटा पड़ा था। चढ़ाए के जेवरात का भरा बैग चोरी हो चुका था। उन्होंने चोरी की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। जानकारी मिलते घाटमपुर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने घटना की जांच शुरू की है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

मौके पर जांच करती पुलिस।

औपचारिकता में हुई शादी, चढ़ावे में सिर्फ एक नग चढ़ाया गया

- इंद्र बहादुर ने बताया कि रात में शादी की रस्मे औपचारिकता में पूरी हुई है। उन्होंने बताया कि चढ़ाए के जेवरात और कपड़े चोरी होने के बाद एक साड़ी में अंगूठी रखकर चढ़ाव की रस्म अदा की गई है। उन्होंने रात में काफी कोशिश की पर कोई इंतजाम नहीं हो पाया। शादी संपन्न होने के बाद उन्होंने बहु के लिए सुबह कुछ जेवर बनवाने की बात लड़की पक्ष से कही है।

गेस्ट हाउस प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

- इंद्र बहादुर समेत रिश्तेदारों ने गेस्ट हाउस प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए वहां काम करने वालों पर चोरी में शामिल होने की आशंका जताई है। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक को गेस्ट हाउस में सीसीटीवी कम लगे होने पर हिदायत देकर जल्द कमरे लगवाने को कहा है। पुलिस ने गेस्ट हाउस प्रबंधन को लापरवाही पर गेस्ट हाउस में हुई चोरी की घटना के स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया है।

14 फिट ऊंची दीवार फांदकर आए चोर, पीछे से हुई चोरी

- गेस्ट हाउस में लगे सीसीटीवी की फुटेज में मेन गेट ओर पीछे वाले गेट से बराती आते जाते दिखाई दे रहे है। लेकिन जेवरात से भरा चढ़ाए का बैग गेस्ट हाउस से बाहर लेकर जाते नहीं दिखाई दे रहा है। बराती आशंका जता रहे है, गेस्ट हाउस के पीछे बनी लगभग 14 फिट ऊंची दीवार फांदकर चोर गेस्ट हाउस में आए और चोरी करके दीवार फांदकर वापस चले गए होंगे। दीवार पर जूते के निशान बने मिले हैं।

सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही पुलिस

- लगभग पांच लाख रुपए के जेवरात समेत कपड़े चोरी होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेस्ट हाउस के सीसीटीवी की फुटेज खंगाली है। फुटेज में फिलहाल पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है। पुलिस ने सीसीटीवी की फुटेज को पेन ड्राइव पर कापी करवाकर एक सिपाही को बारीक से फुटेज देखने में लगाया है। ताकि घटना का खुलासा हो सके।

बिजली को निजी हाथों में सौंपने से नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा नगर अध्यक्ष ने कहा जल्द होगा आंदोलन

अमृत विचार। सपा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि भाजपा सरकार पूर्वांचल व दक्षिणांचल में बिजली निगम के पांच हिस्से करके निजी हाथों में सौंपना चाहती है। क्योंकि बिजली का निजीकरण करके कंपनियों को फायदा पहुंचाया जाएगा।

अध्यक्ष ने बताया कि उपभोक्ताओं का 33 हजार करोड़ रुपया सर प्लस बिजली निगम के पास जमा है। जिसे आज तक उपभोक्ताओं के बिलों में समायोजन नहीं किया गया है। इस पर सपा बहुत जल्द आंदोलनात्मक कदम उठाने की रणनीत तय कर रही है।

उन्होंने कहाकि बिजली कंपनियों को बांटकर निजी हाथों में देने से पीडीए दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों को काफी नुकसान होगा। उन्हें नौकरियों से हाथ धोना पड़ेगा। सपा पीडीए मिशन कर्मचारियों के अहित को रोकने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पीडीए तथा युवा कार्यकर्ताओं की सर्वेक्षण टीम गठित कर जिससे 15 दिनों में आकलन रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, सत्यनारायण गहरवार, संजय निषाद, राजू पाल, इशरत इराकी, जस्वेन्द्र निषाद रहे।

तुषार व श्री के शतक से विदर्भ मजबूत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी में दूसरे दिन शुक्रवार को तुषार सूर्यवंशी के शतक के बाद श्री चौधरी ने भी नाबाद 136 रनों की पारी खेली। पहली पारी घोषित होने पर मेजबान यूपी के खिलाफ विदर्भ का 389 रनों का स्कोर रहा। दिन का खेल समाप्त होने तक अमन चौहान के नाबाद 64 रनों की बदौलत यूपी ने तीन विकेट खोकर 106 रन बना लिए हैं। विकेट पर अमन के साथ एस राय तीन रन बनाकर खेल रहे हैं। ओपनर भावी शर्मा शून्य, यशु प्रधान एक और कप्तान भव्य गोयल 37 रन बनाकर लौटे। विदर्भ के संस्कार चावटे, पार्थ खुरे और देवांश ठक्कर ने 1-1 विकेट लिए। यूपी अभी विदर्भ के स्कोर से 283 रन पीछे है।

बीसीसीआई की कूच बिहार अंडर-19 ट्रॉफी में विदर्भ ने पहली पारी सधी खेली। यूपी ने विरोधी टीम के चार कैच छोड़े, जिसका लाभ विदर्भ ने पहली पारी में 136 ओवर में 389 रन बनाकर उठाया। विदर्भ ने दूसरे दिन पांच विकेट पर 247 रनों से आगे खेलते हुए श्री चौधरी के नाबाद शतक और वेंदात दिग्हड़े के अर्द्धशतक की मदद से बड़ा स्कोर बनाने में सफलता हासिल की। श्री चौधरी ने अपनी नाबाद 136 रनों की शतकीय पारी में 293 गेंदों का सामना किया। जिसमें 16 चौके व एक छक्का शामिल है। यह छक्का भी बाउंड्री लाइन पर यूपी के कैच छोड़ने से मिला। वेदांत ने 67 गेंदों में 8 चौके व 3 छक्कों की बदौलत 60 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा संस्कार चावटे ने भी अच्छे खेल का प्रदर्शन किया और 34 रन बनाए।

- दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक यूपी ने तीन विकेट पर बनाए 106 रन

यूपी के सफल गेंदबाज अक्षु वाजवा ने 76 रन देकर पांच विकेट लिए। अमृत विचार

विदर्भ टीम के श्री चौधरी ने नाबाद 136 रनों की पारी खेली। अमृत विचार

शहर में ठंड ने तोड़ा 11 साल पुराना रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इससे पहले 2013 को रात का पारा 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा था
- पारा गिरने के साथ ही कानपुर प्रदेश में तीसरा सबसे ठंडा शहर बना

अमृत विचार। शहर में ठंड ने 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले वर्ष 29 नवंबर 2013 में मौसम विभाग ने न्यूनतम पारा 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। रिकॉर्ड तोड़ने के साथ ही कानपुर प्रदेश में तीसरा सबसे ठंडा शहर भी बन गया। कानपुर से सर्द शहर अयोध्या 8.5 बागपत 8.9 रहा।

ठंड का प्रकोप सुबह से ही शहरवासियों पर रहा। अन्य दिनों के मुकाबले सुबह धुंध व कोहरा तेज रहा। इसके बाद चली तेज हवाओं ने पहाड़ों की ठंड शहर तक पहुंचाने का काम किया। नतीजा यह रहा है कि शहर में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम पर सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि आने वाले दिनों में दिन का पारा भी गिरने का अनुमान है। इस बीच बारिश की संभावना नहीं है। रात के पारे में और गिरावट दो या तीन दिनों में दर्ज की जा सकती है।

गोवंशों के मरने की शिकायत पर किया निरीक्षण

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। ककवन विकासखंड क्षेत्र के औरोताहरपुर गौशाला में लगातार गायों के मरने की शिकायत के बाद शुक्रवार को एसडीएम रश्मि लांबा ने औचक निरीक्षण किया। मृत गोवंशों को जानवर अपना निवाला बना रहे हैं, ऐसी शिकायत भी एसडीएम के पास पहुंची थी। जिसे एसडीएम ने निराधार बताया।

एसडीएम ने बताया कि कुल 82 गोवंश की जियो टैगिंग है, जिसमें सभी गोवंश गौशाला में मौजूद मिले हैं। गांव के लोग अपने मृत मवेशियों को जंगल में फेंक देते हैं। उन्हीं के कंकाल को गौशाला का बताया जा रहा था। जांच में भूसा बैंक की स्थिति भी देखी गई, जहां पर हरा चारा न मिलने पर सचिव व ग्राम प्रधान को फटकार लगाई है। साफ-सफाई उचित मिली। ग्रामीणों ने गौशाला के मवेशी बाहर जाने की शिकायत की, इस पर एसडीएम ने ग्राम प्रधान व सचिव को स्पष्ट निर्देश दिए यदि गौशाला के मवेशी बाहर मिले तो कड़ी कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज पटेल, लेखपाल राघवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान धीरेंद्र राजपूत व पंचायत सचिव अखिलेश कुमार रहे।

गौशाला का निरीक्षण करतीं एसडीएम रश्मि लांबा। अमृत विचार

- कहा- सिर्फ अफवाह, गौशाला के सभी गोवंश मिले, साफ-सफाई भी ठीक
- औरोताहरपुर गौशाला जाकर व्यवस्थाएं देखीं एसडीएम ने, की पूछताछ

उगाया जाएगा हरा चारा

- ग्राम पंचायत की भूमि जो खाली पड़ी है या कब्जा है। ऐसी जमीनों को खाली कराकर उनपर गौशालाओं के लिए हरा चारा उगाया जाएगा। एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया कि हर ब्लाक में एक ग्राम पंचायत को इसके लिए चुना जाएगा और ग्राम पंचायत की देखरेख में हरा चारा तैयार होगा। जिससे सभी गौशालाओं में गोवंशों को हरा चारा मिल सके। औरोताहरपुर गौशाला में निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेखपाल को क्षेत्र में भूमि तलाशने के निर्देश दिए हैं। बता दें ककवन विकास खंड में 7 गौशाला संचालित हैं। ऐसे में यदि 30-40 बीघा की भूमि पर हरा चारा उगाया जाए तो सभी गोवंशों को चारा मिलता रहेगा। ककवन ग्राम प्रधान राजू सरकार ने बताया कि ग्राम पंचायत में खाली भूमि पर कब्जा है। यदि जमीन खाली हो जाए तो हरा चारा पर्याप्त होगा।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

चौबेपुर। मरियानी गांव के निकट गुरुवार रात हाईवे पर वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मरियानी गांव निवासी 32 वर्षीय मनोज शटरिंग लगाने का कार्य करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम वह काम के लिए पड़ोस के भिंडुरी गांव गया था। जहां से देर रात पैदल घर लौटने के दौरान मरियानी गांव से थोड़ा पहले हाईवे पर किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मार्ग पर युवक को खून से लथपथ पड़ा देखा राहगीरों ने सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा। हालत गंभीर देख उसे हैलट रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही घायल युवक की सासें थम गईं।

सार-संक्षेप

दिव्यांग किट लिए बालिका। अमृत विचार

30 दिव्यांग बच्चों को बांटी किट

महाराजपुर। सरसौल ब्लाक में शुक्रवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। 30 बच्चों को दिव्यांग किट बांटी गई। शिविर में परिषदीय स्कूलों के 14 वर्ष तक के 159 दिव्यांग बच्चों ने पंजीकरण कराया। वहीं पर दिव्यांगों के यूडीआइडी कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड में नाम, दिव्यांग प्रमाणपत्र आदि से संबंधित स्टाल लगाकर योजनाओं का लाभ दिया गया। ब्लाक प्रमुख सरसौल डॉ. विजयरत्ना तोमर ने बच्चों को दिव्यांग किट वितरित की। इस मौके पर रोहित तोमर, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार, एडीओ पंचायत अशोक सचान, वेद नारायण त्रिपाठी, प्रभात, आशीष, विजय, पवन, शिव गोविंद, दीप सिंह, दिलीप सचान, अनिल आदि रहे।

कैंप में 52 लोगों का पंजीकरण

कैंप में कृत्रिम अंग के लिए पंजीकरण कराते दिव्यांग।

बिल्हौर। मिश्रिख सांसद अशोक रावत के प्रयास से शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय में आयोजित दिव्यांग शिविर में 52 लोगों ने एलिम्को के कृत्रिम अंगों के लिए पंजीकरण कराया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे सत्यवीर सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव की मौजूदगी में लोगों ने आवेदन किया है। खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत ने बताया कि 52 लोग ने पंजीकरण कराया है। जल्द सभी को कृत्रिम उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

मेला बृजेंद्र स्वरूप पार्क में लगी नेशनल हैंडलूम एक्सपो में हुई खरीदारी

मऊ की सिल्क व मुरादाबाद की चादर ने लुभाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैंडलूम की नेशनल हैंडलूम एक्सपो, गांधी बुनकर मेला में खरीदारों को बनारस व मऊ के सिल्क से बनी साड़ियां महिलाओं को लुभा रहीं है। इसी तरह बृजेंद्र स्वरूप पार्क में लगे मेले में खासतौर पर झारखंड के खास टसर सिल्क के दुपट्टे व साड़ियां भी खरीदारों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उधर कश्मीर के कारीगरों की ओर से लाई गई पश्मीना शॉल भी लोगों को लुभा रहीं है। बताया गया कि यह मेला 8 दिसंबर तक चलेगा।

हथकरघा वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित आयुक्त एवं निदेशक हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उप्र कानपुर द्वारा आयोजित मेले में शुक्रवार को एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी पहुंचे। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने मेले का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बहुत कम ही समय में यह मेला लगाया गया है और जिसमें देश भर के बुनकर साथियों ने हिस्सा लिया जो देखने योग्य है। कहा कि हैंडलूम के उत्पादों का लोगों को ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए जिससे कि रोजगार सृजन होता है और गांवों से शहरों का पलायन रुकता हैं। यह गांधी मेला नई दिशा देने का काम करेगा। नेशनल हैंडलूम एक्सपो में आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, जम्मू कश्मीर, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश के तमाम स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों में सिल्क की साड़ी, मूंगा एवं टसर सिल्क, कश्मीरी शॉल, सूट, स्टोल, लोई, ऊलेन कोट, मफलर, सदरी हथकरघा एवं हस्तशिल्प के उत्पाद आकर्षण केन्द्र है। कश्मीर के गर्म उत्पादों, बनारस की साड़ियों एवं मुरादाबाद की बेडशीट, चादरे, बागपत की मशहूर चादरें, बुन्देलखण्ड की चन्देरी सांड़ियां भी रहीं। मेले में संयुक्त आयुक्त हथकरघा केपी वर्मा, उप आयुक्त प्रवर्तन पीसी ठाकुर एवं परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त दीपक तिवारी, खादी ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मौजूद रहे।

प्रदर्शनी में उत्पाद देखते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

- झारखंड के दुपट्टे और कश्मीर की पश्मीना शॉल के प्रति भी रहा लोगों का रुझान

बाइक की टक्कर से बच्ची समेत दो लोग गंभीर

बिधनू। रमइपुर चौराहे के पास शुक्रवार दोपहर बाइक की टक्कर में एक बच्ची समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को इलाज बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया जहां से दोनों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान ईश्वरीगंज निवासी 30 वर्षीय शशि बेटी 3 वर्षीय परी के रूप में हुई है। घायल शशि ने बताया कि वह अपने मायके से वापस आ रही थी इसी बीच रमईपुर चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक सवारने पीछे से टक्कर मार दी। बेटी समेत घायल हो गई। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया घायलों को हैलट रेफर कर दिया गया है बाइक सवार की तलाश की जा रही।

सड़क हादसे में वृद्ध घायल

शिवराजपुर। काकूपुर रब्बन गांव निवासी 80 वर्षीय सरला देवी 22 नवंबर को अपने मायके सेना नेवादा गांव से सुबह 10 बजे अपने पोते के साथ काकूपुर लौट रही थी। जैसे ही रेलवे क्रॉसिंग पार करके हाईवे पर पहुंची तो शिवराजपुर की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग महिला उछलकर दूर जा गिरी। इस दौरान उनके हाथ पैर टूट गए। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार भाग निकला। घायल महिला का शिवराजपुर सीएचसी में हालत गंभीर में इलाज चल रहा है।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या-33/मु0अभि0/2024-25

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2024-25 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2024-25 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित कार्यो की निविदायें संख्या-330 दिनांक- 13.12.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

Ro no. 152

दिनांक: 29.11.2024

बाइक सवार 2 युवकों की मौत, 3 की हालत गंभीर

गजनेर में शादी समारोह से काम करके घर लौट रहे थे एक ही बाइक पर पांच युवक, नबीपुर के समीप देर रात हुआ हादसा

हादसे के बाद खड्ड में पड़ी बाइक।

घटना की सूचना पाकर गमगीन परिजन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। गजनेर में आयोजित शादी समारोह से एक बाइक पर सवार होकर लौट रहे पांच युवक हादसे का शिकार हो गए। नबीपुर-गजनेर के बीच तेज रफ्तार बाइक पुलिया से टकराकर खाई में जा गिरी। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सलावतपुर गांव निवासी सुशील (26) व आलमचंद्रपुर निवासी छुट्टन (30) शादी समारोह में चाट-चाउमीन बनाने का काम करते थे। गुरुवार को दोनों सलावतपुर के सुमित उर्फ छोटू (20), आलमचंद्रपुर के इमरान (20) व उसके भाई अमीन (22) के साथ गजनेर कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में काम करने गए थे। देर रात पांचों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। नबीपुर-गजनेर रोड पर गजनेर कस्बे के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक एक पुलिया से टकराने के बाद खड्ड में जा गिरी। हादसे में पांचों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे गजनेर इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह ने सभी घायलों को सीएचसी गजनेर भेजने के साथ ही उनके परिजनों को सूचित किया। अस्पताल में डॉ. ने सुशील व छुट्टन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुमित उर्फ छोटू, इमरान व अमीन को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। वहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने सुमित व इमरान को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में दो युवकों की मौत की जानकारी से उनके परिजनों में कोहराम मच गया। गजनेर एसओ ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

स्कूटी से बाइक टकराई, 2 ने जान गंवाई

संवाददाता रूरा

अमृत विचार। अकबरपुर-रूरा मार्ग पर बरौला गांव के समीप तेज रफ्तार स्कूटी और बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी व बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए।

जनपद उन्नाव के बीघापुर निवासी अमित अपनी ससुराल आंबेडकर नगर रूरा में रहते हैं। शुक्रवार शाम अमित (30) पत्नी अनीता (28) व साली मनु (8) को स्कूटी पर बैठाकर अकबरपुर जा रहे थे। बरौला गांव के समीप अकबरपुर से आ रहे बाइक सवार निवासी ऋषि तिवारी (27) निवासी वार्ड नंबर छह सोने लाल गली रूरा की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार ऋषि व स्कूटी चला रहे अमित की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी सवार अनीता व मनु गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद घायलों को ले जाते एंबुलेंस कर्मी। अमृत विचार

हादसे में क्षतिग्रस्त हुई स्कूटी और बाइक। अमृत विचार

मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। ऋषि तिवारी के परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पिता दिनेश के साथ रूरा बाजार में कपड़े की दुकान में बैठता था। दूसरा मृतक अमित अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता था। हादसे की जानकारी पर राहगीरों ने डायल 112 पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। एसएसआई अकबरपुर देवनारायण व रूरा थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने घायलों को जिला अस्पताल भेजने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रूरा की समिति में डीएपी के लिए किसानों की लगी भीड़। अमृत विचार

डीएपी के लिए किसानों में रुक नहीं रही मारामारी

संवाददाता रूरा

- बायोमैट्रिक न होने से बैरंग लौटे कई किसान, लगा रहा जमावड़ा

अमृत विचार। जनपद में डीएपी की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। समितियों में खाद पहुंचते ही किसानों के बीच एक-एक बोरी लेने के लिए मारामारी मच जाती है। डीएपी वितरण के लिए पुलिस तक बुलानी पड़ रही है।

रूरा कस्बा स्थित साधन सहकारी समिति में डीएपी लेने के लिए हर रोज किसानों की भीड़ लग रही है। शुक्रवार को भी तड़के से ही किसानों की भीड़ समिति के बाहर लग गई। सचिव विमल यादव ने किसानों के आधार कार्ड जमा कराने के बाद उनकी बायोमैट्रिक कराई। समिति में प्रत्येक किसान को एक डीएपी व एक एनपीके की बोरी दी गई। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हुई और सरवा, रामपुर, कारी, गैजूमऊ, पुत्तीपुरवा, जगनपुर, अंबरपुर गांवों के किसानों का खाद लेने के लिए जमावड़ा लगा रहा। समिति में खाद लेने को लेकर किसानों के बीच धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। काफी किसानों की बायोमैट्रिक न होने के कारण उन्हें बिना डीएपी के वापस बैरंग लौटना पड़ा।

ररौख में जांच करते डीपीआरओ विकास पटेल। अमृत विचार

हैंडपंपों की मानक के अनुरूप नहीं मिली दूरी

संवाददाता संदलपुर/मंगलपुर

अमृत विचार। क्षेत्र की ररौख ग्राम पंचायत में ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी से हैंडपंप रिबोर में गड़बड़ी की शिकायत पर डीपीआरओ जांच करने पहुंचे। इस दौरान दो हैंडपंपों की दूरी मानक के अनुरूप नहीं मिली।

संदलपुर ब्लॉक की ररौख ग्राम पंचायत में प्रधान को अनियमितता व गबन के आरोप में निलंबित किया जा चुका है। इसके बाद तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गांव के सदस्य गोरेलाल, विनोद सिंह, मुलायम सिंह, कमला देवी, प्रवीन कुमार ने हैंडपंपों के रिबोर में सचिव व नामित अध्यक्ष पर धांधली का आरोप लगाकर शिकायत की थी। शुक्रवार को डीपीआरओ विकास पटेल ने शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए। डीपीआरओ ने बताया कि मौके पर दोनों हैंडपंपों की री-बोरिंग मानक के अनुरूप दूरी नहीं मिली।

रूरा में रेलवे अंडपास की खोदाई शुरू

संवाददाता रूरा

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेलवे रूट पर रूरा रेलवे स्टेशन के केबिन फाटक संख्या 94बी के पास नया अंडरपास बनाया जाना है। इसे लेकर रेलवे ने शुक्रवार को रेलवे लाइन के पास खोदाई का काम शुरू कर दिया। अभियंताओं ने बताया कि सबसे पहले खोदाई करके रेलवे ट्रैक के नीचे पुसिंग का काम किया जाएगा। इसके बाद दोनों तरफ मार्ग का निर्माण होगा। इस अंडरपास के बनने से आए दिन लगने वाले जाम से निजात मिलेगा।

कस्बा रूरा में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किए जाने के कारण गत वर्ष अक्टूबर माह में रेलवे क्रासिंग को बंद कर दिया गया था। वैकल्पिक मार्ग के तौर पर पुराने रास्ते पर बनी पुलिया को रास्ते के रूप में प्रयोग में लाया जा रहा था। लेकिन यह मार्ग संकरा होने के कारण रोज घंटों जाम की लगता है। इस कारण कस्बा व क्षेत्रवासियों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों की मांग पर रेलवे ने नया अंडरपास स्वीकृत किया गया था, जिसका शिलान्यास बीती 26 फरवरी को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया था। इस अंडरपास का निर्माण आठ करोड़ रुपये है। नया अंडरपास बन जाने से कस्बा रूरा में लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी।

रूरा में नए अंडरपास निर्माण के लिए जेसीबी से हो रही खोदाई। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल 26 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से किया था शिलान्यास
- रूरा रेलवे स्टेशन के केबिन फाटक संख्या 94 बी के किया जाना है निर्माण कार्य

अंडरपास बनाने वाली कार्यदायी संस्था बिहारी लाल मेघानी कंट्रक्शन कंपनी नई दिल्ली के इंजीनियर विपिन चौधरी ने बताया कि कार्य पूरा करने का समय लगभग एक वर्ष है, लेकिन निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। शुक्रवार को रेलवे लाइन के पास खोदाई का काम शुरू करा दिया गया है।

विवाहिता को पीटकर निकालने की रिपोर्ट

मंगलपुर। मंगलपुर थाना क्षेत्र के कठरा गांव मायके में रह रही विवाहिता रेखा देवी ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी बीते 27 जून 2023 को कल्याण सिंह पुत्र अमरसिंह कुशवाहा निवासी टेढ़वा थाना सहायल जनपद औरैया के साथ हुई थी। कुछ दिनों बाद वह गर्भवती हो गई। पति ने अल्ट्रासाउंड कराया। रिपोर्ट में गर्भ में दो बच्चे होने की बात पर पति भड़क गए और आए दिन मारपीट करते हुए कहने लगे कि पालन पोषण कैसे होगा। इसके बाद दहेज कम देने की बात पर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने पिता से यह बात बताई तो वह बीती 16 जुलाई को ससुराल पहुंचे। लेकिन पति ने धमकी देकर उसे व पिता को भगा दिया। वह बच्चों के साथ मायके में रह रही है। थाना प्रभारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

मांगलिक कार्यक्रम में बच्चों को गोद लेकर पढ़ाई का जिम्मा उठाती संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव। अमृत विचार

11 बच्चों को गोद लेकर पढ़ाई का लिया जिम्मा

संदलपुर। एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव ने अपने विवाह पर 11 बच्चों को गोद लेकर उनकी पूरी शिक्षा का खर्च उठाने का बीड़ा उठाया है। उनके इस कार्य की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने कार्यक्रम में कहा कि इस आयोजन से उन्हें समारोह जैसा अनुभव हुआ है। सिकंदरा कस्बे के एक गेस्ट हाउस में संस्था की राष्ट्रीय सचिव का मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान उन्होंने लोगों की मौजूदगी में क्षेत्र के 11 बच्चों को गोद लेकर उन्होंने उनकी संपूर्ण पढ़ाई-लिखाई का खर्चा उठाने का संकल्प लिया।

गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

हरी खाद से भूमि की बढ़ जाती उर्वरा शक्ति

संदलपुर। सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकासखंड संदलपुर के राजकीय कृषि बीज भंडार में कृषि निवेश मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने फसल अवशेष प्रबंधन करने पर जोर दिया। कृषि गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों व अधिकारियों ने तकनीकी जानकारी से लाभ उठाने की भी सलाह दी। जल शक्ति मिशन के बारे में भी कृषकों को जागरूक किया। प्रदेश महासचिव जगबान सिंह यादव ने बताया कि हरी खाद के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाती है। वैज्ञानिक डॉ. ओम नारायण पाल ने आजकल पशुओं में फैल रही लंपी रोग के रोकथाम के उपाय भी बताए गए। प्रभारी अशोक कुमार ने अनुदानित योजनाओं के बारे में भी बताया। एडीओ एजी नरेंद्र पाल ने बताया कि रबी सीजन में फसल बीमा आम व टमाटर में किया जाता है।

दुकानदार को पीटने में पिता-पुत्र समेत तीन पर रिपोर्ट

रूरा। कस्बा के शास्त्री नगर निवासी अलका मिश्रा ने बताया कि पति शंकर दयाल मिश्रा की दुर्गा मंदिर के पास कॉस्मेटिक व बच्चों के खिलौने की दुकान है। शुक्रवार शाम वह दुकान बंद कर रहे थे। दुकान का सामान हटाते समय बगल की दुकान का कुछ सामान गिर गया। इस पर महेश चंद्र, राहुल श्रीवास्तव व दीपक श्रीवास्तव ने गालीगलौज करते हुए शंकर दयाल को लात-घूंसों से मारा। बचाने आए पुत्र गोलू को भी पीटा। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

दिव्यांग दंपति का बना अंत्योदय राशन कार्ड

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। बैरी सवाई गांव निवासी दोनों आंखों से दिव्यांग छुन्ना कश्यप और उनकी पत्नी श्रीमती भी एक आंख कमजोर हैं। इससे उनको तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अमृत विचार ने 21 अक्टूबर को दंपति की समस्या को प्रमुखता से उठाया तो अधिकारियों ने उनका अंत्योदय कार्ड बनवा दिया। बदहाली में जीवन-यापन कर रहे दंपति ने इसे लेकर खुशी जताई है।

मैथा तहसील के गांव बैरी सवाई के छुन्ना कश्यप दस वर्ष पूर्व तक ठीक थे। उनकी आंखें धीरे-धीरे कर कमजोर हो गईं और बाद में बिल्कुल दिखना बंद हो गया। ऐसे में पत्नी श्रीमती उनका हर काम में सहारा बन गईं। दंपति दो लड़कियों की शादी कर चुके हैं। श्रीमती ने बताया कि वह भरण-पोषण के लिए बैरी तिराहे पर अंडे की ठेलिया लगाती हैं। इसी से होने वाली थोड़ी बहुत कमाई से परिवार का गुजारा होता है। वह पति के साथ काम में हाथ बंटाती हैं। समस्याओं के बावजूद परिवार का राशन कार्ड तक नहीं बना था। अमृत विचार की पहल पर अधिकारियों ने अंत्योदय राशन कार्ड बनाया है। जिसपर दंपति ने खुशी जताई है।

राशन कार्ड बनने पर खुशी जताते दंपति। अमृत विचार

- अभावों के बीच रहने वाले दंपति के साथहो रही अनदेखी का अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

नेत्रहीन पति की रोशनी बनी श्रीमती

21 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।



	21633D257586
	203307L3
	SHRIMATI/SHRIMATI
	CHHUNNA/CHHUNNA
	3

पराली जलाने से खेतों की पैदावार क्षमता होती है कम

जागरूकता

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

अमृत विचार। जिले में इन दिनों धान कटाई व मड़ाई के साथ रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की बुआई में किसान जुटे हैं। ज्यादातर किसान हार्वेस्टर से धान कटाई के बाद निकलने वाले पराली को खेत में जला देते हैं। इससे मिट्टी की गुणवत्ता खराब होती है। साथ ही पैदाबार पर भी असर पड़ता है।

बता दें कि सरकारी आंकड़ों में जिले में खेत में पराली जलाने के कई मामले सामने आये हैं। जिन पर जुर्माने के साथ कार्रवाई भी की गई है। वहीं जिले में 2 लाख 26 हेक्टेयर में गेहूं की बुआई करने का लक्ष्य है। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने बताया कि वर्तमान में धान की ज्यादातर कटाई कंबाइन हार्वेस्टर मशीन से किसानों ने कराई है। जिले में कंबाइन हार्वेस्टर मशीन से हुई फसल कटाई के बाद समय के अभाव में गेहूं की फसल की बुआई से पहले किसान पराली को खेतों में जलाने लगते हैं। लेकिन, ऐसा नहीं करना चाहिए। खेतों में ऐसे आग जलने से मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। साथ ही इसका प्रतिकूल प्रभाव वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, पक्षियों व जानवरों पर भी पड़ता है। फसल कटाई के बाद तुरंत बुआई के लिए अनेक मशीनें उपलब्ध हैं। जैसे जोरो, फर्टिलाइजर कम सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर, सुपरसीडर, चापर, मल्चर, कंबाइन हार्वेस्टर विथ रेसिड्यू मैनेजमेंट का उपयोग कर पराली जलाने से निजात पाई जा सकती है। सुपर सीडर व जीरो ट्रिलेज द्वारा पराली प्रबंधन से बिना जुताई के सीधे गेहूं की बुआई कर सकते हैं। इससे प्रति हेक्टेयर किसानों का 5 से 6 हजार रुपया बचेगा। इससे कम समय में ज्यादा बुआई हो सकती है। साथ ही ईंधन संसाधनों की भी बचत होती है। 20 से 25 प्रतिशत ज्यादा उत्पादन भी होता है।

बिछिया गांव में खेतों में जलती पराली। अमृत विचार

- अधिकारी बोले, आग से मिट्टी के पोषकतत्व हो जाते हैं नष्ट

कैसे बनाएं पराली से खाद

धान कटाई के बाद खेत में नमी होने पर 20 किया यूरिया का छिड़काव कर जुताई करवा दें। इससे पराली को सड़ा गलाकर जीवांश प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। बेस्ट डी कंपोजर डालकर खेत में ही पराली को कम समय में नष्ट किया जा सकता है। इससे खेत की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी और अच्छी फसल भी तैयार होगी।

फर्जी मार्कशीट देने वाले कालेज प्रबंधक व लिपिक गिरफ्तार

गंजमुरादाबाद। हरदोई जिला के थाना कासिमपुर अंतर्गत गांव बेंहदर कला निवासी प्रशांत कुमार ने बेहटा मुजावर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने मटुकरी गांव के पास स्थित दुर्गा प्रसाद राम स्वरूप एलोपैथिक फार्मेसी कालेज में डी-फार्मा कोर्स के लिए वर्ष-2018 में प्रवेश लिया। शिक्षण शुल्क के रूप में काफी फीस दी। प्रशिक्षण खत्म होने के बाद प्रबंधक तेज कुमार पुत्र सत्यपाल व वरिष्ठ लिपिक अवल प्रकाश पुत्र बाबू निवासी गांव अवैक ने उसे आईएफटीएम एलोपैथिक फार्मेसी कालेज से जारी सत्र-2018-19 प्रथम वर्ष व 2019-20 द्वितीय वर्ष की मार्कशीट दे दी। मार्कशीट फर्जी होने के शक में उसने तहरीर बेहटा पुलिस को दी। बेहटा मुजावर थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोरमुकुट पांडेय ने मार्कशीट की जांच कराई। दोनों मार्कशीट फर्जी मिलीं। पुलिस ने शुक्रवार को संडीला मार्ग स्थित शिवशक्ति मैरिज लान के पास से आरोपी कालेज प्रबंधक तेजकुमार व वरिष्ठ लिपिक अवल प्रकाश को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध कार्रवाई कर अदालत में पेश किया।

एक नजर

सूने घर से चोरों ने पार किये डेढ़ लाख के जेवर

उन्नाव । माखी थानाक्षेत्र के बुलंदपुर बिधनू गांव में एक बंद पड़े घर का ताला तोड़कर दाखिल हुए चोरों ने जेवर व नगदी पार कर दी। गृह स्वामी की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर लौट गई। बुलंदपुर बिधनू गांव निवासी ताहिर पुत्र शाकिर लकड़ी का व्यवसाय करता है। उसके दो मकानों में एक बाजार व दूसरा गांव के अंदर है। जिसमें उसका परिवार रहता है। उसने बताया कि गुरुवार देररात कानपुर से वापस लौटकर वह पुराने में घर सोने चला गया। शुक्रवार सुबह जब वह बाजार वाले घर पहुंचा तो वहां का मुख्य द्वार का ताला टूटा पड़ा था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। उसके मुताबिक चोर घर से जेवरात, तांबे के बर्तन सहित करीब डेढ़ लाख का सामान उठा ले गये।

2 माह से लापता युवक का नहीं लगा सुराग

बांगरमऊ उन्नाव। पुणे से मजदूरी कर लौट रहा युवक अचानक कानपुर से लापता हो गया था। करीब दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी उसका कोई पता नहीं लगा। हताश परिजनों ने पुलिस को प्रर्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ठकुरिया पुरवा गांव निवासी कलावती पत्नी राम औतार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका 22 वर्षीय बेटा विकास महाराष्ट्र प्रांत के पुणे शहर में मजदूरी करता था। वह बीती 19 सितंबर को ट्रेन से लौट रहा था। 20 सितंबर की शाम फोन कर उसने 12 बजे रात तक कानपुर सेंट्रल ट्रेन के पहुंचने की बात बताई थी। लेकिन इसके बाद उसका फोन बंद हो गया था। तब से उसका कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बेटे की तलाश में करीब दो माह से अधिक समय से परिजन भटकने को मजबूर हैं।

फंदे से लटका मिला महिला का शव

हसनगंज उन्नाव। क्षेत्र के पिछवाड़ा गांव निवासी विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके कमरे में फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के पिछवाड़ा गांव निवासी शांति रावत पत्नी प्रकाश ने शुक्रवार देरशाम अपने कमरे में साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। मजदूरी कर लौटा पति उसका शव लटका देख बेहाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। पति ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले हुई थी। उसके माता-पिता की पहले मौत हो चुकी है। सास-ससुर की भी मौत हो चुकी है। घर में सिर्फ वे दोनों ही रहते थे। शांति कुछ दिन पूर्व मायके गई थी। जहां से शुक्रवार दोपहर लौटी थी। घर की दो चाबी हैं। एक पत्नी के पास और एक उसके पास है। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से विवाहिता का शव लटका मिला है।

एमबीबीएस के छात्र की मौत पर साथियों ने किया हंगामा

कालेज के चेयरमैन के आश्वासन पर शांत हुए विद्यार्थी

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। सरस्वती मेडिकल कालेज के एमबीबीएस छात्र की देररात सड़क हादसे में मौत से अक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कालेज परिसर में जमकर हंगामा काटा। इसकी सूचना पर कई थानों के फोर्स पहुंचा लेकिन आक्रोशित छात्रों ने उनकी एक न सुनी। कालेज के चेयरमैन ने मुआवजा देने का भरोसा दिलाया तब छात्र कैंपस में वापस लौटे।

महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर के शिव मंदिर बालाजी गली निवासी मयूर (28) पुत्र दादा राव खारे सोहरामऊ थानाक्षेत्र के सरस्वती मेडिकल कालेज में वर्ष-2021 बैच का एमबीबीएस का छात्र था। गुरुवार रात वह स्कूटी से एक छात्रा के साथ नवाबगंज टोल प्लाजा के पास एक ढाबे पर खाना खाने गया था। लौटते समय लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया था। जिसे सरस्वती मेडिकल कॉलेज लाया गया। लेकिन वहां से उसे लखनऊ के मेदांता अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी छात्र की मौत की खबर सुन छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया और अस्पताल में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। हंगामे की सूचना पर सोहरामऊ, असोहा व अजगैन पुलिस पहुंची और हंगामा शांत कराने का प्रयास किया लेकिन छात्र नहीं माने। सुबह चेयरमैन के पहुंचने पर मृतक के परिजनों को 30 लाख रुपये देने के अश्वासन के बाद हंगामा शांत हुआ। वहीं घटना की सूचना पर एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद व सीओ संतोष सिंह भी पहुंचे और जांच की। इसे लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा कि छात्र को वाहन ने टक्कर नहीं मारी है। वह हाईवे किनारे किसी गड्ढे में गिरकर घायल हुआ था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि छात्र गलत दिशा से जा रहा था। इसी दौरान गड्ढे में गिरकर घायल होने की जानकारी हुई थी।

छात्रों द्वारा पलटाई गई कार। अमृत विचार

मयूर।

मुस्लिम समुदाय के लोगों से बातचीत करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

जुमे की नमाज पर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में रही पुलिस की नजर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। संभल हिंसा के बाद पड़े पहले शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पूरे जिले में पुलिस फ़ोर्स अलर्ट रहा। धार्मिक स्थलों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की गई।

जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई संभल में हुई हिंसा के बाद डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस अफसरों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। हिंसा के बाद पहले शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज के दौरान जिले भर में एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर एहतिहातन फोर्स अलर्ट रहा। शहर के जामा मस्जिद व अन्य धार्मिक स्थलों पर पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया। जिससे असामाजिक तत्व कोई गड़बड़ी न कर सकें। सीओ सिटी सोनम सिंह पुलिस फोर्स व पीएसी के साथ मिश्रित आबादी वाले इलाकों में गश्त करती रहीं। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की कड़ी निगरानी के साथ क्यूआरटी भी मुस्तैद रही। वहीं अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में ड्रोन की मदद से नजर रखी गयी। सीओ सिटी ने बताया कि जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई है।

एएसपी ने सफीपुर में नमाजियों से की बात

सफीपुर। कस्बे में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये थे। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद की अगुवाई में पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च किया। इस दौरान नमाज को देखते हुये बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान उन्होंने सज्जादा नशीं समधी मियां, पुतुल मियां, शारिक मियां व नमाजियों से बातचीत की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह व कस्बा इंचार्ज अनुपम सिंह भदौरिया आदि थे।

सार-संक्षेप

डंपर की टक्कर से बोलेरो पलटी, बड़ा हादसा टला

शुक्लागंज (उन्नाव)। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर कल्लूपुरवा गांव के पास एक डंपर ने बोलेरो को टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो पलट गई। यह हादसा शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे हुआ, जब हमीरपुर के पांच लोग बोलेरो में सवार होकर कानपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे जाजमऊ चौकी क्षेत्र के कल्लूपुरवा गांव के पास पहुंचे, एक अनियंत्रित डंपर ने बोलेरो को टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो डिवाइडर पर पलट गई। हादसे के बाद बोलेरो में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई, लेकिन गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोटें नहीं आईं। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग दौड़े और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बोलेरो में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। जाजमऊ चौकी पुलिस ने बताया कि डंपर चालक और बोलेरो सवार दोनों हमीरपुर के थे। दोनों के बीच आपसी समझौता होने के बाद मामले को सुलझा लिया गया और दोनों वाहन चालक अपनी-अपनी गाड़ियों के साथ आगे बढ़ गए।

हाइवे पर पलटी पड़ी बोलेरो। अमृत विचार

हंगामे के दौरान मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगाया जाम

पुरवा उन्नाव। पुरवा कोतवाली अंतर्गत ट्रैक्टर की टक्कर से जान गंवाने वाले संविदा कर्मी लाइनमैन के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क जामकर हंगामा काटा। ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे लोगों को समझाने में एसडीम के पसीने छूट गए। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के पौंगहा गांव निवासी विद्युत विभाग में संविदा लाइन मैन अंकित की ट्रैक्टर की टक्कर से तीन दिन पूर्व मौत हो गई थी। शुक्रवार को परिजनों ने ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग करते हुए ग्रामीणों के साथ मंगत खेड़ा-पड़री मार्ग पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। एसडीएम उदित नारायण सेंगर सहित पुरवा, मौरावां व अचलगंज थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। एसडीएम ने परिजनों को आरोपी की गिरफ्तारी व जांच के बाद अनुमन्य आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। लाइनमैन बीती 27 नवंबर को अपने साथी जगरूप व हर्ष के साथ बैगांव गया था। जहां से लौटते समय उसकी बाइक में मझखोरिया गांव निवासी ट्रैक्टर चालक अनिल अवस्थी ने टक्कर मार दी थी। जिसमें उसकी मौत हो गई थी। कोतवाल राकेश गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

उन्नाव। मौरावां थानाक्षेत्र में बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले की सुनवाई शुक्रवार को कोर्ट में पूरी हुई। गवाहों के बयान व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 10 उसे साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। बात दें कि मौरावां थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर बताया था कि 21 फरवरी- 2016 की दोपहर एक बजे उसकी छह वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी थानाक्षेत्र के पारा गांव निवासी संजय वहां से बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। उसकी चीख सुन पत्नी दौड़ी तो वह बेटी को छोड़कर मौके से भाग निकला। जिसे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घेरकर पकड़ लिया था। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेजा था। तत्कालीन एसओ धर्मप्रकाश शुक्ला ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए और 29 मार्च-2016 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से केस विशेष पॉक्सो कोर्ट में विचाराधीन था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई की दलील व साक्ष्य के आधार पर संजय को 10 साल की सजा सुनाई।

बदमाशों ने दंपति से लूटे नकदी और जेवरात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र में बाइक सवार दो लुटेरों ने तमंचा लगा शादी से लौट रहे दंपति से 5000 नगद व जेवर लूटकर फरार हो गए। इसकी खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एएसपी व सीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। वहीं पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

बिहार थानाक्षेत्र के देवारा गांव निवासी मोनू कुरील अपनी पत्नी कल्पना के साथ गुरुवार को रायबरेली जिला के थाना खीरो अंतर्गत शीतला बख्श खेड़ा गांव एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गया था। शुक्रवार सुबह 11 बजे वहां से लौटते समय बिहार-मौरावां मार्ग के देवरा लिंक मार्ग पर पुरवा नहर ब्रांच पुल से पहले पीछे से बाइक से आए दो लुटेरों ने बाइक सवार दंपति को रोककर मोनू से 5000 नकद व उसकी पत्नी के जेवर लूट लिये और वहां से भाग निकले। मोनू ने इसकी सूचना पीआरवी को दी। लूट की सूचना पर बिहार पुलिस के साथ सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर जांच की। बाद ने एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने भी थाने पहुंचकर पीड़ित से बात की। इसके बाद पुलिस टीमों को खुलासे के लिए लगाया गया है। एसओ सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि लूट की सूचना मिली है। जांच की जा रही है। मामला संदिग्ध लग रहा है।



- एएसपी व सीओ ने मौके पर पहुंचकर की जांच

अपना दल एस के पदाधिकारियों ने ज्योतिबा राव फुले को किया याद

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव शहर के गदन खेड़ा बाईपास स्थित बुद्ध विहार पार्क में अपना दल एस द्वारा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लखनऊ मंडल व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अमरेश पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बौद्धिक मंच के प्रदेश महासचिव हरी शंकर भाई पटेल रहे।

सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्य अतिथि ने ज्योतिबा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सितंबर-1873 में सत्य शोधक समाज संस्था का गठन किया। वहीं, उन्होंने सर्व समाज के लिए लगातार संघर्ष कर समाज सुधारक के रूप ख्याति प्राप्त की। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने महिला उत्थान, जाति का भेदभाव मिटाने व सर्व समाज के लिए शिक्षा ग्रहण करने पर विशेष बल दिया। कहा कि ऐसे महापुरुष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम को युवा मंच के जिलाध्यक्ष प्रदीप राजपूत, जिलाध्यक्ष व्यापार मंच जगन्नाथ बौद्ध, सांस्कृतिक मंच के जिलाध्यक्ष कल्याण सिंह लोधी आदि ने भी संबोधित किया। अंत में जयविंद कुमार को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई और दल की नीतियों के बारे में चर्चा की गई। संचालन जिला उपाध्यक्ष विकास राजपूत ने किया। मुख्य रूप से सांस्कृतिक सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंशीलाल अर्कबंशी, महिला मंच की जिलाध्यक्ष साधना पटेल, जिला सचिव कुंवरपाल आर्य, जिला सचिव युवा मंच अमन शर्मा, दिलीप दिवाकर, दिनेश पटेल, अयोध्या प्रसाद माली आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

कामयाबी | अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में उन्नाव ने लखनऊ को हराया

पुलिस क्रिकेट स्पर्धा में लखनऊ जोन का 'बादशाह' बना 'उन्नाव'

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

अमृत विचार। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बाईपास स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को लखनऊ जोन की अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच उन्नाव व लखनऊ के बीच खेला गया। उन्नाव की टीम ने लखनऊ को 67 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। एसपी दीपक भूकर ने विनर व रनर टीमों को शील्ड व मेडल देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

फाइनल मैच में लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए उन्नाव की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। जिसमें रोहित भड़ाना ने 55 व प्रशांत यादव ने 52 रन बनाए। लखनऊ की ओर से गेंदबाजी करते हुए इंद्रजीत यादव ने तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम 15.5 ओवर में 96 रन पर ऑलआउट हो गई। जिसमें लखनऊ के राहुल विश्वकर्मा ने सर्वाधिक 35 रन का योगदान दिया। उन्नाव से गेंदबाजी करते हुए रोहित भड़ाना व प्रशांत यादव ने 3-3 विकेट झटके। इससे उन्नाव ने 67 रन से अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता लखनऊ जोन का फाइन मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम की।

मैन ऑफ द मैच उन्नाव के रोहित भड़ाना व मैन ऑफ द सीरीज उन्नाव के प्रशांत यादव को चुना गया। प्रतियोगिता का बेस्ट बॉलर लखनऊ के राहुल विश्वकर्मा व बेस्ट बैटर खीरी के विषू पाल को चुना गया। इस दौरान एसपी दीपक भूकर, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व सिटी सीओ सोनम सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। बाद में एसपी ने विजयी टीम को ट्रॉफी दी। साथ ही विनर व रनर टीम के खिलाड़ियों को शील्ड व मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया।

विजयी टीम को ट्राफी देते एसपी दीपक भूकर व अन्य अफसर। अमृत विचार

औद्योगिक गलियारे की भूमि पर फसल बुआई न करें किसान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

अमृत विचार। सदर तहसील क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक गलियारे के लिए चिह्नित भूमि का बैनामा होने के बाद किसानों की जमीन यूपीडा के नाम दर्ज हो गई है। इसके बाद किसानों को अधिग्रहित भूमि पर रबी फसलों की बुआई न करने के निर्देश अधिकारियों ने दिए हैं।

सदर तहसील क्षेत्र के गांव सरांय कटियान, मुर्तजा नगर, सोनिक व अन्य गावों के किसानों को औद्योगिक गलियारे की भूमि का बैनामा अब यूपीडा के नाम दर्ज हो चुकी है। जिसके बाद यूपीडा के अधिकारियों ने किसानों को औद्योगिक गलियारे की अधिग्रहित भूमि पर रबी फसल की बुआई करने पर रोक लगा दी है।

जिसे लेकर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि यूपीडा द्वारा औद्योगिक गलियारे में आने वाले किसानों की भूमि खरीदकर उसका बैनामा विभाग ने करा लिया है। जिसे लेकर सभी किसानों को अधिग्रहित भूमि का भुगतान भी कर दिया गया है। अब किसानों को जानकारी बताया गया है कि चल रहे रबी फसल के सीजन में कोई किसान अधिग्रहित भूमि पर फसल बुआई न करें। जानकारी मिलने पर जांचकर उसके विरुद्ध विभाग द्वारा कार्रवाई भी की जा सकती है।

सदर तहसील क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा की भूमि। अमृत विचार

नवंबर में 900 कनेक्शन काट कर वसूले 3 करोड़ 70 लाख

कार्रवाई

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार। बिजली विभाग ने नवम्बर माह में बकायेदारों से वसूली की मुहिम तेज कर दी है। विभाग को उच्च अधिकारियों ने इस माह के अंत तक 4 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि वसूलने का लक्ष्य सौंपा था। इस दिशा में विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं और बकायेदारों के खिलाफ अभियान जारी रखा है। अब तक विभाग ने 900 कनेक्शन काटकर करीब 3 करोड़ 70 लाख रुपये का बकाया वसूल लिया है।

बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाती बिजली विभाग की टीम। अमृत विचार

शुक्लागंज में विद्युत विभाग ने बकायेदारों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने की शुरुआत की थी। यह अभियान एक महीने पहले शुक्लागंज क्षेत्र के चीफ इंजीनियर ने किया था। इसके बाद से उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में विभागीय टीम लगातार काम कर रही है। अभियान में जेई अक्षय तिवारी, आशुतोष तिवारी, टीजी-2 वीरेंद्र प्रताप, अनुराग पाल, महेंद्र सिंह व चंदन कुशवाहा सहित लाइन स्टाफ की टीम भी शामिल है। शुक्रवार को विभाग ने डाकतार कालोनी, बिंदा नगर, चंपापुरवा, पोनीरोड, अली नगर, सुभाष नगर आदि मोहल्लों में अभियान चलाया। इसके तहत 51 बकायेदारों के कनेक्शन काटकर 10 लाख 15 हजार रुपये का राजस्व वसूल किया गया। विभाग ने बताया कि 29 नवम्बर तक 900 उपभोक्ताओं की बिजली काटी जा चुकी है और करीब 3 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि वसूली गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग के इस अभियान का उद्देश्य बकाया राशियों को शीघ्र वसूल कर उपभोक्ताओं को समय पर बिजली सेवा मुहैया कराना है। इसके साथ ही बकायेदारों को चेतावनी दी गई है कि यदि वे समय पर अपना बकाया चुकता नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **विद्युत विभाग ने दिया था 4 करोड़ रुपये बकाया वसूलने का लक्ष्य**

मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। संभल में हाल ही में हुई हिंसा को लेकर पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा कड़े कदम उठाए। उन्नाव जिलाधिकारी गौरांग राठी और एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर गंगाघाट क्षेत्र के नगर और ग्रामीण इलाकों में पुलिस बल ने गश्त बढ़ा दी।

गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने सुबह से ही राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद के बाहर पुलिस बल तैनात किया। इसके साथ ही मनोहर नगर, अली नगर, रहमत नगर, अहमद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, गोताखोर, नबी नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, मदनी नगर सहित ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों के बाहर भी पुलिस कर्मी तैनात रहे। पुलिस के अचानक भारी तैनाती से क्षेत्र में हलचल मच गई, लेकिन जब लोगों को पता चला कि संभल हिंसा को लेकर सुरक्षा बढ़ाई गई है, तो उन्हें राहत की सांस मिली। जुमे की नमाज के दौरान स्थिति की लगातार निगरानी करने के लिए एसपी ने क्षेत्र की मॉनीटरिंग की। वहीं, इंस्पेक्टर ने पुलिस कर्मियों के साथ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में गश्त की और मस्जिदों के बाहर तैनात पुलिस को दिशा-निर्देश दिए। नमाज के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

जामा मस्जिद के बाहर मौजूद इंस्पेक्टर और पुलिस फोर्स। अमृत विचार

एक नजर

क्षतिग्रस्त पुलिया से टकराई बाइक, युवक घायल

बांगरमऊ। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अरगुपुर निवासी बब्लू (35) पुत्र प्यारे लाल शुक्रवार को बाइक से पड़ोसी गांव नौशहरा जा रहा था। तभी रास्ते में शुक्रवार शाम गांव नौशहरा के पास तेज रफ्तार बाइक क्षतिग्रस्त पुलिया से टकरा गई। इसमें बब्लू गंभीर घायल हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए।

युवती को भगाने की रिपोर्ट

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 21 वर्षीय युवती को एक युवक बहलाकर भगा ले गया। परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शिवम निषाद नामक युवक उनकी बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया है। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस का कहना है कि युवक की तलाश की जा रही है।

जाति सूचक गाली देने की रिपोर्ट

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनीरोड निवासी वीरेंद्र धानुक ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उसे जातिसूचक गालियां दीं। उसने बताया कि मन्नू अवस्थी, सचिन मिश्रा व अभय विश्वकर्मा ने उससे गालीगलौज करते हुए अभद्रता की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव मिला, हत्या की आशंका

युवक के चेहरे व सिर पर गहरी चोटें, दोस्ती नगर-सिंघुपुर में मिला शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्ती नगर-सिंघुपुर मार्ग पर एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा देख ग्रामीणो में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच की तो उसके चेहरे व सिर पर गहरी चोट मिली। इससे उसकी हत्या किए जाने की चर्चा रही। हालांकि उसकी पहचान न होने से शव मोर्चरी में रखवाकर पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।

दोस्तीनगर-सिंघूपुर मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र में एक करीब 32 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव पड़ा देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों को भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुचीं कोतवाली पुलिस ने जांच की तो उसके सिर व चेहरे पर चोटें मिलीं। वहीं पास में शराब की एक टूटी बोतल भी पड़ी मिली।

- **शव की शिनाख्त करने में जुटी पुलिस**
- **काली पैंट, लाल चेकदार ऊंनी शर्ट पहने था युवक**

ग्रामीणों में उसी बोतल से वार कर उसकी हत्या किए जाने की चर्चा रही। पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। वह काली पैंट, लाल चेकदार ऊनी शर्ट, ब्राउन इनर व सफेद जूता पहने था। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाकर उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में सूचना देने के साथ सोशल मीडिया का भी सहारा लिया है।

शराब ठेके के पास पड़ा मिला युवक का शव

- **हसनगंज।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के फरहदपुर गांव में देशी शराब ठेका के पास विनोद (35) पुत्र स्व. दल्लू रावत निवासी भवानीखेड़ा का शव शुक्रवार देरशाम करीब 6 बजे पड़ा मिला। पड़ोसी दुकानदारों ने उसका शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। लोगों के अनुसार वह शराब पीने का आदी था। वह दो भाईयों में छोटा था। बड़ा भाई मुनेश्वर परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। मां दिलवल गांव में अपनी बेटी के घर पर रहती है। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी और वह गांव में ही मजदूरी करता था। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि युवक का शव पड़ा मिला था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में रेडियोलॉजिस्ट छात्रा की मौत, दूसरी गंभीर

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के गेट संख्या-दो के सामने शुक्रवार शाम स्कूटी सवार दो छात्राओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों छात्राएं कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल से रेडियोलॉजिस्ट की ट्रेनिंग कर वापस उन्नाव लौट रही थीं, जिनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर घायल हो गई।

महिमा।

शुक्रवार शाम करीब चार बजे 19 वर्षीय महिमा सिंह और उसकी सहेली 19 वर्षीय वैष्णवी त्रिवेदी स्कूटी से ट्रेनिंग समाप्त कर उन्नाव लौट रही थीं। महिमा मूलरूप से उन्नाव के थाना दही के ओरहर व वर्तमान पता आवास विकास क्षेत्र के राघवेन्द्र सिंह की बेटी हैं और कानपुर के द पनेशिया हॉस्पिटल से रेडियोलॉजिस्ट की ट्रेनिंग कर रही थीं। उनकी सहेली वैष्णवी त्रिवेदी सफीपुर थाना क्षेत्र के जमालुद्दीनपुर निवासी हैं। जैसे ही दोनों छात्राएं ट्रांस गंगा सिटी के गेट नंबर दो के पास पहुंची, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों छात्राएं स्कूटी से उछलकर सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना को देखकर आस-पास के लोग दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिमा सिंह को मृत घोषित कर दिया। महिमा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और उनके घर में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी तरफ, वैष्णवी त्रिवेदी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से कानपुर के एक निजी अस्पताल रेफर किया।

सार-संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना रात करीब 10 बजे की है जब 35 वर्षीय सदानंद वर्मा अपने साथी पंकज के साथ कानपुर एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से वापस अपने घर फतेहपुर चौरासी के लखनापुर जा रहे थे। ट्रांस गंगा सिटी के पास अचानक एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी, और दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सदानंद को मृत घोषित कर दिया, जबकि पंकज की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस घटना की सूचना पाकर सदानंद के परिजनों में कोहराम मच गया और वे अस्पताल पहुंचे।

एमआरएफ सेंटर और कान्हा गौशाला का ईओ ने किया निरीक्षण

शुक्लागंज (उन्नाव)। नगर के वार्डों से निकलने वाले कूड़े को गगनी खेड़ा में एमआरएफ सेंटर में डंप किया जा रहा है। जहां से सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग किया जा रहा है। जिसकी हकीकत देखने के लिये शुक्रवार को ईओ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मौजूद कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया। स्वच्छ सर्वेक्षण में गंगाघाट नगर पालिका को स्थान दिलाने के लिये स्वच्छता को लेकर अभियान चला रही है। इसके साथ ही वार्डों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग करने के लिये पालिका के एमआरएफ सेंटर में डंप किया जा रहा है। जहां कई दिनों से कर्मचारी लगे हुये हैं और कूड़ा छंटाई का काम कर रहे हैं। शुक्रवार को कार्य की हकीकत देखने के लिये ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के साथ सेंटर पर किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ईओ ने बताया कि एमआरएफ सेंटर में कांच, कागज, प्लास्टिक के अलावा अन्य सामानों को अलग-अलग किया जा रहा है। इसके अलावा नगर के मंदिरों और घरों से निकलने वाले फूल को भी अलग-अलग करके सूखा कर बेचने का काम किया जायेगा। जिससे पालिका की आये बढ़ेगी। एमआरएफ के बाद कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया गया, जहां गोवंशों के भूषा, हरा चारा आदि की व्यवस्था देखी गई और कर्मचारियों को रखरखाव के निर्देश दिये।

नवीन पुल के गड्ढे की कराई मरम्मत

शुक्लागंज (उन्नाव)। मंगलवार भोर पहर गंगा नदी पर बना पुराने यातायात पुल का एक हिस्सा टूटकर गंगा में समा गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद लोक निर्माण विभाग ने नवीनपुल पर बने बड़े गड्ढे की मरम्मत की सुध जागी और शुक्रवार को अवर अभियंता ने जायजा लिया। जिसके बाद गड्ढे को भरने के लिए डामर से पैचवर्क का कार्य कराया गया। नवीन पुल पर रात से लेकर भोरपहर तक कई भारी वाहनों को कानपुर की ओर से रवाना किया जाता है। जिससे नवीन पुल भी दिनोंदिन कमजोर हो रहा है। इधर भारी वाहनों के गुजरने से पुल पर एक बड़ा गड्ढा हो गया है। विभाग द्वारा गड्ढे को बार-बार डामर से भरने की कोशिश की जाती रही, लेकिन वाहनों का दबाव उसे फिर से तोड़ देता था। मंगलवार को पुराने गंगापुल के टूटने की घटना ने विभाग को हरकत में आया। पुराना गंगापुल का हिस्सा कोठी 9 से 10 के बीच टूटकर गंगा में गिर गया। गनीमत यह रही कि इस पुल पर ट्रैफिक पिछले चार साल से बंद था, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पुल गिरने के बाद पीडब्ल्यूडी ने नवीनपुल की मरम्मत को प्राथमिकता दी। शुक्रवार को अवर अभियंता अखिल गंगवार ने मौके पर पहुंचकर गड्ढे को भरने का कार्य शुरू कराया। विभाग ने सड़क खोदकर उसमें बजरी और डामर का मिश्रण डालकर गड्ढे को मजबूत किया। इस मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक प्रभावित हुआ, लेकिन विभाग ने सुनिश्चित किया कि गड्ढे की मजबूती से मरम्मत हो, ताकि भविष्य में इस पुल पर यातायात में कोई समस्या न हो।

पालिका के रैन बसेरा में लगे तख्त। अमृत विचार

नगर पालिका के रैन बसेरा में लटकता ताला। अमृत विचार

सर्दी में भी रैन बसेरे के नहीं खुले ताले

अव्यवस्था

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार। नगर पालिका गंगाघाट में रैन बसेरा बना हुआ है। पालिका की लापरवाही के कारण सर्दी पड़ने के बावजूद अभी तक रैन बसेरा नहीं खोला गया। यहां तक पिछले साल सर्दी में डाले गये गद्दों की साफ सफाई तक नहीं कराई गई। जिससे उसमें धूल की परत जमी हुई है। ऐसे में सर्दी में फुटपॉथ पर रहने वालों के अलावा मुसाफिरों कों खुले आसमान के नीचे रात काटने को मजबूर हैं।

सर्दी को देखते हुये शासन ने सभी रैन बसेरा को खोल कर उसमें मुसाफिरों और जरूरतमंदों के रूकने के लिये व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये हैं। इसके बावजूद नगर पालिका गंगाघाट कार्यालय के दूसरी मंजिल में बने रैन बसेरा का अभी तक ताला तक नहीं खुला है। इतना ही नहीं पालिका की लापरवाही तब उजागर हुई, जब खिड़की से झांक कर देखा गया कि रैन बसेरा में पड़े तख्त के ऊपर गद्दों की साफ सफाई न होने के कारण धूल की मोटी परत जमी हुई है। इसके साथ ही पालिका ने रैन बसेरा का बैनर तक नहीं लगवाया है। जिससे दूर दराज से आने वालों के अलावा फुटपॉथ पर रहने वाले लोग भटक रहे हैं। उन्हें रूकने का कोई स्थान नहीं मिल रहा है। वहीं रैन बसेरा में न तो पानी की व्यवस्था और न ही बिजली की ऐसे में जरूरतमंद कैसे पालिका के रैन बसेरा में पहुंचे।

- **नगर पालिका गंगाघाट क्षेत्र में बने रैन बसेरे का मामला गद्दों में जमी धूल**

बोले जिम्मेदार

रैन बसेरा की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है, इसको लेकर संबंधित बाबू लालता सैनी को निर्देशित किया गया है। अगर कहीं साफ सफाई की कमी है तो उसे भी दूर किया जायेगा।

-मुकेश कुमार मिश्रा, ईओ नगर पालिका गंगाघाट।

बीम टेढ़ी होने पर सीडीओ ने जेई को जमकर फटकारा

संवाददाता फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

अमृत विचार। विकासखंड अंतर्गत उच्चीकृत हो रहे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के भवन का सीडीओ ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित ठेकेदार व जेई को कड़ी फटकार लगाते हुए मानकों में अनदेखी बर्दाश्त न करने की बात कही। वहीं, हास्टल का शेष बचा कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। कार्य संतोष जनक न पाए जाने पर नाराजगी भी जताई।

फतेहपुर चौरासी विकासखंड के कटिघरा गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय स्थापित है। जिसके उच्चीकरण के लिए शासन ने वर्ष-2018 में बजट जारी किया था। जिसका निर्माण यूपीआरएनएसएस द्वारा करीब 3 करोड़ 13 लाख से मार्च-2024 तक पूर्ण होना था। जिससे अप्रैल में शुरू होने वाली 9वीं से लेकर 12वीं तक कक्षाएं चल सकें। लेकिन निर्माणकर्ता फर्म द्वारा तय समय में निर्माण न कराने पर शुक्रवार को सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा विद्यालय पहुंचे। जहां उन्होने नव निर्मित हास्टल की गुणवत्ता परखने के साथ जेई से नवनिर्मित बिल्डिंग की नाप कराई। साथ ही नव निर्मित हास्टल के कमरों का निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी। इस दौरान सीडीओ ने सभी ग्रिलों में जाली व फिनिशिंग में सफाई व अन्य छूटे कार्यों को 20 दिसंबर तक पूर्ण कराने की हिदायत दी। इसके बाद उन्होंने गांव किनारे निर्माणाधीन एकेडमिक रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बिल्डिंग की बीम टेढ़ी होने पर उन्होंने जेई को जमकर फटकारा। उन्होंने दो माह में कक्ष की बिल्डिंग कम्प्लीट कर हैंडओवर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जब तक बिल्डिंग पूर्ण रूप से सही नहीं बन जाती तब तक वह बिल्डिंग हैंडओवर नहीं होगी। बता दें कि यह वही आवासीय विद्यालय है जो पूर्व में अपने खराब निर्माण कार्य कराने को लेकर चर्चा में रह चुका है। जिसमें वर्ष-2023 में निर्माण के दौरान विद्यालय की बीम गिरने से वहां काम कर रहे मजदूरों की जान जाने से बची थी।

निरीक्षण के दौरान मातहतों को निर्देश देते सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा। अमृत विचार

कार्यालय नगर पालिका परिषद बांगरमऊ -उन्नाव।

नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अलीम पुत्र समीम खांन व श्रीमती जीनत बानो पत्नी तारिक खान स्थाई पता फतेहपुर खालसा परगना व तहसील बांगरमऊ जिला उन्नाव ने प्रार्थी ने मोहल्ला नसीम गंज कस्बा बांगरमऊ से जरिये बैनामा दिनांक 29/02/2024 को क्रय कर लिया है। उक्त भवन की चौहद्दी निम्नवत है। पूरब-दुकान व मकान शाहीन पश्चिम- दुकान रहमत खां उत्तर- बांगरमऊ लखनऊ रोड दक्षिण- प्लाट अब्दुल सत्तार आदि जिस को प्रार्थी ने अपने उपरोक्त भवन को पालिका कर पंजिका मे कर की अदायगी के लिए नामान्तरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है। पत्रावली पर उपलब्ध रजिस्टर्ड बैनामा,आधार कार्ड की छायाप्रति व शपथ पत्र के आधार पर नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है तो वह 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बाँगरमऊ, उन्नाव

कार्यालय नगर पालिका परिषद बांगरमऊ -उन्नाव।

नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शशी गुप्ता पत्नी नरेश कुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला टेढ़ी बाजार बांगरमऊ जिला उन्नाव ने प्रार्थिनी ने मोहल्ला गोण्डा टोला कस्बा बांगरमऊ का एक किता भवन संख्या 13 को विक्रेता श्री दिनेश कुमार पुत्र छोटे लाल निवासी मोहल्ला सरांय कस्बा बांगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15/04/2024 को क्रय कर लिया था। प्रार्थिनी ने उक्त प्लाट पर भवन/गौड़ा का निर्माण करवा लिया है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत है। पूरब- मकान विमलेश मिश्रा पश्चिम- रास्ता खड़ंजा चौड़ा 15 फीट उत्तर- खण्डहर रंजना अग्निहोत्री दक्षिण- मकान जितेंद्री प्रार्थिनी ने अपने उपरोक्त भवन को नगर पालिका कर पंजिका मे कर की अदायगी के लिए गृहकर किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है। पत्रावली पर उपलब्ध रजिस्टर्ड बैनामा, आधार कार्ड की छायाप्रति व शपथ पत्र के आधार पर नामान्तरण सूचना प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है तो वह 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बाँगरमऊ, उन्नाव

कार्यालय नगर पालिका परिषद बांगरमऊ -उन्नाव।

नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मो0 अलीम खां उर्फ छोटे पुत्र स्व0 मो0 नसीम खान निवासी मोहल्ला भटपुरी कस्बा व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय में दिनाँक 24-10-2024 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत कर यह मांग की हैं। कि मोहल्ला भटपुरी कस्बा बाँगरमऊ में स्थित एक किता भवनकर संख्या 146/12 को प्रार्थी के पिता श्री सलीम खां पुत्र नसीम खां की मृत्यु उपरान्त उनके नाम दर्ज भवन को श्री मो0 अलीम खां उर्फ छोटे पुत्र स्व0 मो0 नसीम खान के नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है तो वह 30 दिन के अन्दर उक्त भवनकर से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बाँगरमऊ, उन्नाव

बदला मौसम नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में सर्दी बढ़ने से लोग हो रहे बीमार

पीएचसी, सीएचसी में बढ़े खांसी-जुकाम, बुखार के मरीज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में सर्दी बढ़ने से जुकाम, बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी आई है। शुक्रवार को सुबह से ही न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में लग गई। दस बजे डॉक्टरों ने ओपीडी शुरू की। जहां दोपहर बाद तक मरीजों की अस्पताल में लाइनें लगी रही। अधिकांश मरीज बुखार से ग्रसित पहुंचे।

अभी तक सुबह-शाम सर्दी पड़ रही थी लेकिन नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में मौसम परिवर्तित हुआ और सर्दी बढ़ गई। जिससे हर कोई ऊनी कपड़ों में दिखाई देने लगा। जिससे लोग बुखार, सर्दी, जुखाम आदि बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम के बदले मिजाज के कारण इन दिनों नगर के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठाकुर खेड़ा और प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की भीड़ ज्यादा लग रही है। सर्द मौसम में मच्छरों के प्रकोप से भी लोग बीमार हो रहे हैं। पीएचसी में इन दिनों की परिसर में मरीजों की भीड़ अधिक दिख रही है। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अल्तमश खान छुट्टी पर होने के कारण डॉ. रश्मि वर्मा ने मरीजों की ओपीडी की। शुक्रवार को 189 नये मरीज देखे गये, जबकि 90 पुराने मरीजों की ओपीडी की गई। जिसमें अधिकांश बुखार, सर्दी, जुखाम व पेट सम्बंधित बीमारियों से ग्रसित रहे।

पीएचसी में मरीजों की ओपीडी करतीं डॉ. रश्मि वर्मा। अमृत विचार

पीएचसी परिसर में लगी मरीजों की कतार। अमृत विचार

लोडर ने दंपति व बच्चे को मारी टक्कर, रेफर

सफीपुर। शिव शंकर (40) पुत्र शिवराज निवासी जिला फतेहपुर तहसील कस्बा खागा सफीपुर क्षेत्र के गांव सुखाखेड़ा मतलबपुर निवासी अपने दामाद रंजीत के यहां तिलक समारोह में अपने बच्चे और पत्नी के साथ आया था।

उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित बस स्टॉप के पास मस्जिद के सामने वे सभी पैदल जा रहे थे तभी हरदोई से आ रही तेज रफ्तार लोडर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वे सभी गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएससी में भर्ती कराया। जहां से इलाज के बाद डॉक्टर ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पंचैव पूजयन् लोके यश: प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि- इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

संपादकीय

राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों-संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

प्रसंगवश

अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां

जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।

जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।

हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

सोशल फोरम

अनादि और अनंत



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

मस्तिष्क और यंत्र का मिलन

डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे।

ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

सड़क हादसों में बच्चे सहित चार लोगों की मौत

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री निरंजन ज्योति ने एक हादसे के घायलों को अपने वाहन से पहुंचाया अस्पताल

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत गुरुवार की देर रात हुए सड़क हादसों के दौरान बालक सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कानपुर नगर के थाना नरवल गांव हृदयखेड़ा गांव निवासी राम किशोर का 17 वर्षीय पुत्र गोपाल उर्फ गगन साढ़ थाना के अरजराम गांव निवासी बशारत का 27 वर्षीय पुत्र अनूप सहित चार लोग चार पहिया वाहन से खागा कस्बा बारात में गए थे। वापस लौटते समय जब चार पहिया वाहन शहर क्षेत्र के एआरटीओ आफिस एनएच-2 के समीप पहुंची तभी एक कन्टेनर से भिड़ंत हो गई। जिससे अनूप व गोपाल उर्फ गगन की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि वाहन में सवार अन्य दो लोग घायल हो गए। जिन्हें रात में ही कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के मदारीपुर कला गांव निवासी राम किशोर का 29 वर्षीय पुत्र अनिल अपने आठ वर्षीय पुत्र सरवन व भतीजे आदित्य उर्फ पुष्पेंद्र के साथ थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव शादी समारोह में गए थे। रात लगभग ग्यारह बजे लौटते समय जैसे ही ये लोग बिलंदा कोल्ड स्टोर के समीप एनएच-2 पर पहुंचे तभी तेज रफ्तार आ रही चार पहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे अनिल, आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद शादी समारोह से लौट रही पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने जब हादसा देखा तो उन्होने अपनी गाड़ी रूकवाई और अपने वाहन से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

बेकाबू कार की टक्कर से दो की मौत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। थरियांव थाना क्षेत्र के हंसवा चौकी अंतर्गत एकारी गांव की समीप तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए।

मदारीपुर कला गांव निवासी बाइक सवार शादी समारोह में शामिल होकर देर रात वापस लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार एकारी गांव के समीप पहुंचे कि सड़क पार करते समय सडक हादसे का शिकार हो गए। एकारी गांव के समीप तेज रफ़्तार से आ रही एसयूवी कार ने सड़क पार कर रहे बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार पुष्पेन्द्र पुत्र श्रवन (10) वर्ष व अनिल पुत्र रामकिशोर लोधी (20) वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि श्रवण, आयूष व नीरज सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के बाद कार सवार कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लिए इलाज के लिए भेजा। जिसमें से एक की हालत को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। वहीं मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही बाइक के परखचे उड़ गए। वहीं पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुटी हुई है।

रोते- बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

किसान की करंट लगने से गई जान

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनही पोस्ट बड़नपुर निवासी किसान वीरेन्द्र कुमार अपने खेत मंस बुआई कर रहा था तभी लटक रही 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

परिजन ग्रामीणों संग रोते-बिलखते कलेक्ट्रेट आए और डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर मृतक किसान की पत्नी केशकली ने बताया कि उनके खेत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन झूल रही थी। जिसको हटवाए जाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से कहा गया लेकिन तार नहीं हटवाया गया। जिसके चलते आज उनके पति की मौत हो गई है। बताया कि इससे पूर्व भी चार लोग इस एचटी लाइन की चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद भी विभाग नहीं चेत रहा है।

जिलाधिकारी से परिजनों को आश्वासन दिया कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

सामूहिक विवाह में 181 जोड़े बने जीवन साथी

चित्रकूट कार्यालय

- राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए शादी समारोह में शुक्रवार को 181 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में एक साथ पहला कदम रखा। राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में हुए कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) के साथ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हर जिले में यह आयोजन कराया जा रहा है। इसमें हर वर्ग के गरीब लोगों की शादियां होती हैं। उन्होंने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने नवदंपति को विवाह प्रमाणपत्र भी दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा मौजूद रहे।

बौद्ध रीतिरिवाज से 23 युगलों की शादी: जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया बौद्ध रीति रिवाज से 23 जोड़ों एवं मुस्लिम रीति रिवाज से एक जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया।

दंपति से लूट के दो आरोपी हमीरपुर के

सीतापुर (चित्रकूट)। तीर्थक्षेत्र में चित्रकूट (मप्र) थानांतर्गत भगड़ा गांव में वृद्ध दंपति से लूट, मारपीट, हत्या के प्रयास में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी हमीरपुर के हैं। गांव निवासी मुन्नी देवी पटेल ने दो जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक जुलाई की रात चार लोगों ने घर में धावा बोलकर उससे और पति मइयादीन से मारपीट की। मोबाइल, दो हजार रुपये, गहने लूट लिए। 28 नवंबर को पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर तीन और लोगों को पकड़ा गया। इनमें से दो गुरदहा थाना मौदहा जिला हमीरपुर के हैं। इनसे पुलिस ने मोबाइल और 11सौ रुपये बरामद किए।

नर्स से मारपीट व सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, उरई

- पुलिस ने 5 नामजद व 2 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार। ड्यूटी पर जाते वक्त महिला नर्स के साथ मारपीट कर सामुहि दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 5 नामजदों व 2 अज्ञात सहित 7 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने जांच टीमों का गठन भी किया है। पीड़िता नर्स कानपुर देहात क्षेत्र की रहने वाली है तथा उरई में एक स्वास्थ्य केंद्र पर स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत है।

उरई कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला में कानपुर देहात के मूसानगर की महिला रह रही है, जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत है, वह गुरुवार को स्कूटी से सुबह के समय ड्यूटी के लिए निकली थी। जहां चुर्खी थाना क्षेत्र के मुसमरिया मोड़ के पास महिला जयंती देवी ने अपने पिता गोविंद सिंह, मां सीमा, भाई राममिलन और राजेश के साथ मिलकर स्कूटी से गिरा दिया और उसको पकड़कर जंगल ले गए। जंगल में उसको बंधक बनाकर मारा पीटा और उसके साथ दुष्कर्म किया। यह मारपीट महिला ने अपने पति से अवैध संबंधों के शक में की थी। इसकी जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हमलावर मौके से भाग गए थे। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए महिला नर्स को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती महिला ने मारपीट करने वालों पर गैंग रेप करने और नाजुक अंग में मिर्च भी डालने का आरोप लगाया। महिला नर्स की शिकायत पर चुर्खी थाना पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले गोविंद सिंह, राममिलन, सीमा, राजेश, जयंती के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच शुरू की है।

बाइक सवार को तेज रफ्तार डंपर ने रौंदा

फर्रुखाबाद, कायमगंज। थाना क्षेत्र के इमादपुर थमरई के झन्नाखार पुलिया के पास एक डंपर चालक ने शुक्रवार सुबह बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी तथा विधिक कार्रवाई की। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर डंपर को कब्जे में लिया है।

थाना क्षेत्र शमसाबाद के गांव जटपुरा निवासी युवक रामवीर पुत्र शीशराम (39) सुबह करीब 10 बजे घर से बाइक से कायमगंज जा रहा था। रास्ते में इमादपुर थमरई निकलते ही झन्नाखार पुलिया के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया। इससे बाइक सवार रामवीर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में रखवाया। मृतक की शिनाख्त चचेरे भाई सर्वेश ने रामवीर के रूप में की। सर्वेश ने बताया कि युवक की शादी हो चुकी थी। उसके दो बच्चे हैं।

40 हजार रिश्वत लेते बीएसए आफिस का लिपिक गिरफ्तार

संवाददाता बकेवर, इटावा

- विजिलेंस टीम ने की कार्रवाई, बकेवर में हो रही पूछताछ

अमृत विचार। विजिलेंस विभाग की टीम ने शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में तैनात एक लिपिक को 40 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। लिपिक को लेकर विजिलेंस टीम बकेवर थाना पर पहुंची।

बीएसए कार्यालय में तैनात लिपिक शिवकुमार शुक्रवार दोपहर अपने कार्यालय में बैठे सरकारी कामकाज निपटा रहे थे। उसी वक्त एक शिक्षक से उनकी बातचीत हुई। अचानक बिजिलेंस टीम ने छापा मारकर उन्हें पकड़ लिया। आरोप है कि शिक्षक से चालीस हजार रुपये लेते समय उसे पकड़ा गया है।

गिरफ्तारी से कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति रही। विजिलेंस टीम पकड़े गए लिपिक को लेकर बकेवर थाना पर पहुंची। पकड़े गए बाबू से कुछ पूछताछ के आधार पर अपनी कागजी कार्रवाई में जुटी रही। इस दौरान बीएसए राजेश कुमार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बकेवर थाना पर पहुंचे । विजिलेंस कानपुर की 12 सदस्यीय टीम ने इंस्पेक्टर सीमा सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की।

बीएसए राजेश कुमार ने बताया कि जसवंतनगर ब्लाक के गांधी उमा विद्यालय बनकटी बुजुर्ग में शिक्षक विनय त्रिपाठी की नियुक्ति वर्ष 2018 में की गई थी। उनके किसी परिचित ने शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी होने की शिकायत की। उनकी शिकायत सही पाई गई। उसी मामले में शिक्षक विनय त्रिपाठी अपने हाथों से बीएसए कार्यालय में तैनात बाबू शिवकुमार चालीस हजार रुपये देने पहुंचे। उसी दौरान विजिलेंस टीम ने आकर पकड़ लिया। लिपिक शिव कुमार अगले साल जुलाई में सेवानिवृत होने वाले हैं।

ट्रेन से कन्नौज जा रहे पीडब्ल्यूडी कर्मी की मौत

गुरसहायगंज, कन्नौज। ट्रेन से कन्नौज जा रहे पीडब्ल्यूडी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गईं। उसके शव को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड कन्नौज में रोलर चालक के पद पर कार्यरत ग्राम ऊंचा निवासी भारत पाल (58) पुत्र श्रीकृष्ण पाल शुक्रवार सुबह 11 बजे ड्यूटी जाने के लिए रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन पर सवार हुए थे। रास्ते में तबियत बिगड़ गई। सवारियों ने उसे जसोदा स्टेशन पर उतार दिया और फोन से परिजनों को सूचना दी। पुत्र रोहित ने एम्बुलेंस की सहायता से पिता को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

श्रीकृष्ण पाल।

मुठभेड़ में चोर के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चोरी किया गया मोबाइल, नकदी व तमंचा कारतूस भी हुए बरामद

अमृत विचार। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोरी के सामान की बरामदगी के लिए पकड़े गए आरोपी को पुलिस लेकर गई तो मौका पाकर चोर ने वहां छिपाकर रखे तमंचा से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। बाद में पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। चोर के पास से चोरी का मोबाइल सामान को बेचने से प्राप्त रूपया व तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने चोर को आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 25 नवंबर को उपदेश कुमार पुत्र बालकराम निवासी वैशालीपुरम ने मामला दर्ज कराया था। कि वह अपने भांजे की शादी में नगला बरी गये थे तभी 23/24 नवंबर की रात को चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर घर से सामान चोरी कर लिया गया जिसकी सूचना उनके पड़ोसी द्वारा उन्हें दी गयी थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुये एक बाल अपचारी सहित कुल दो आरोपियों को चोरी किये गये सामान सहित 27 नवम्बर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पूछताछ के आधार पर अबरार पुत्र इरफान व एक अभियुक्ता का नाम प्रकाश में आया था। जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी । सिविल लाइन पुलिस जब वाइस ख्वाजा रोड पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक अभियुक्ता सहित अबरार निवासी भरथना चौराहा अशोक नगर को लायन सफारी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

प्रतियोगिता | अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चरखारी और भोपाल की टीम ने किया प्रवेश

चरखारी ने भोपाल को 4-1 हराया, सेमीफाइन में पहुंची

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। अखिल भारतीय बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन क्वार्टर फाइनल मैच में अजहर अकादमी चरखारी ने भोपाल को एक तरफा मुकाबले में 4-1 से और झांसी ने झांसी को 3-2 से हराया और हॉस्टल झांसी ने एलबीएम झांसी को 3-2 हराया। सेमीफाइनल मैच शुक्रवार को डाकबंगला मैदान में खेले जाएंगे।

मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज के उपलब्ध्य में चल रहे अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन सेमीफाइनल मैच में स्थान बनाने के लिए चार टीमों का मुकाबला हुआ। इसमें पहला मैच स्थानीय टीम अजहर अकादमी और भोपाल के बीच खेला गया। मैच में मेजबान चरखारी के युवा खिलाड़ियों का बेहतर खेल एक बार फिर देखने को मिला और भोपाल की मजबूत टीम को मेजबान टीम चरखारी के सामने बौनी साबित हुई। खेल के दोनों ही हाफ में चरखारी की टीम ने अपना जौहर दिखाया । खेल शुरू होते ही चरखारी के संजय ने फील्ड गोल करते हुए बढ़त बनायी। पहले हाफ के 21वें मिनट में चरखारी को पेनाल्टी कार्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में ओम ने चूक नहीं की और 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में राशिद हुसैन ने फील्ड गोल किया लेकिन 51वे मिनट में भोपाल के कासिफ ने एक गोल करते हुए बढ़त को कम किया लेकिन आखिरी क्षण में भोपाल के गोल कीपर द्वारा गेंद को गलत तरीके से दबाने पर रेफरी फीरोज ने पेनाल्टी स्ट्रोक दिया जिसे चरखारी के शफकत हुसैन ने गोल में बदल दिया और अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाई। मैदान में स्थानीय टीम की जीत का जश्न देखने लायक रहा। दर्शकों ने चहेते खिलाड़ियों को जमकर इनाम भी दिया। सेमीफाइनल में स्थान बनाने के लिए हुआ दूसरा मैच एलबीएम झांसी और हास्टल झांसी के बीच खेला गया। खेल शुरू होते ही एलबीएम झांसी के सुशील ने फील्ड गोल कर दिया। एक गोल से पिछड़ती हास्टल टीम ने काउंटर अटैक जारी किए और पूरी तरह से एलबीएम के ऊपर हावी हो गयी। इसमें एक के बाद एक हमले करने का लाभ हास्टल को मिला और खेल के तीसरे मिनट में आशीष ने गोल दागते हुए अपनी टीम को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। 17वें मिनट में हास्टल के राघवेन्द्र ने फिर बढ़त बनाई लेकिन आखिरी क्षण में एवीएम के अतुल ने गोल दागते हुए बराबरी कर ली। मैच के निर्णय के लिए पैनाल्टी शूट आउट कराया गया जिसमें हास्टल ने एलवीएम को 3-2 से हराते हुए सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाईनल मैच शनिवार को केनरा बैंक बैंगलुरू, गंगापुर बिहार, अजहर एकेडमी चरखारी और हास्टल झांसी के बीच खेला जाएगा।

मैदान में हॉकी खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

पत्नी पर लगाया बच्चियों का अपहरण करने का आरोप

चित्रकूट। बरगढ़ थानांतर्गत कोठीपुरवा मजरा कोलमजरा के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और अन्य लोगों पर दो पुत्रियों का अपहरण करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

ग्रामीण का कहना है कि बीती रात उसकी पत्नी कुछ अन्य लोगों के साथ उसके घर आई। इन लोगों ने उसके मां-बाप को बंधक बना लिया और फिर दो बच्चियों को उठाकर अपने साथ ले गए।

उसने आरोप लगाया कि ये लोग घर से जेवर और चालीस हजार रुपये भी ले गए हैं। बताया कि घटना के समय वह घर में नहीं था। उधर, इस संबंध में बरगढ़ थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि यह घरेलू विवाद का मामला है। मां अपनी बेटियों को तो ले ही जा सकती है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

सार-संक्षेप

महिला ने फंदा लगाकर दी जान

फफूंद, औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने अपने घर के कमरे की छत के कुंडे में दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बच्चों ने जब मां को लटका देखा तो चीखने लगे, आवाज सुनकर पहुंचे परिजनों ने महिला को फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के गांव भैंसोल निवासी सोनू प्रजापति गुड़गांव के मानेसर में एक कपड़ा फैक्ट्री में मजदूरी करता है। उसकी 30 वर्षीय पत्नी मीनू और बच्चे गांव में ही अलग घर में रहते हैं। गुरुवार रात बच्चों के सोने के बाद मीनू ने कमरे की छत में लगे पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। रात में उसके दो वर्षीय पुत्र देव के रोने से पास में सोई सात वर्षीय पुत्री आशिकी की आंख खुली तो देखा कि उसकी मां फंदे पर लटकी हुई है। जिस पर बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर परिजन वहां पहुंच गए। तमाम ग्रामीणों की भी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि अमित कुमार ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने घटना की जानकारी ली और विधिक कार्रवाई की। मृतका के पति ने बताया कि वह दीपावली पर गांव आया था और बीती 17 नवंबर को ही गुड़गांव वापस गया था।

बैंक खाते से निकल गये बीस हजार

भरथना,इटावा। खाताधारक के बैंक खाते से 20 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी होते ही उसके होश उड़ गये। पीड़ित ने शाखा प्रबन्धक समेत भरथना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगायी है। भरथना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला आशाराम (वेटियापुर) निवासी प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि भरथना की भारतीय स्टेट बैंक शाखा सरोजनी रोड के शाखा में उसके खाता संचालित है । उसकी गैरमौजूदगी में विगत दिवस 13 नवम्बर को खाते से 20 हजार रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकासी फार्म भरकर निकाल लिये गये हैं। जिसकी जानकारी पीड़ित को उसके द्वारा मोबाइल पर ऑनलाइन बैंलेंस चैक करने पर हो सकी। खाताधारक ने शाखा प्रबन्धक व कोतवाली पुलिस को सौंपे प्रार्थना पत्र में कार्यवाही की गुहार लगायी है।

डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा

सौरिख,कन्नौज। बिधूना रोड पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे अंडरपास के पास सौरिख बाजार से गोरखपुर स्थित रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार युवक को डंपर ने जोरदार टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। खड़िनी चौकी क्षेत्र के ग्यासपुर गांव निवासी श्याम सिंह (24) पुत्र प्रेमचंद जाटव दिल्ली में रहकर पेंटर का काम करता था। थाना क्षेत्र के गोरखपुर गांव निवासी मौसा अमोद कुमार की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए वह दिल्ली से आया था। शुक्रवार को बाइक से सौरिख बाजार गया था। वापस गोरखपुर लौटके समय बिधूना रोड पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे अंडरपास के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रेमचंद सड़क पर गिरा और उसके ऊपर से डंपर का पहिया गुजर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर व चालक को हिरासत में ले लिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मां रेखा देवी, भाई रामू, राम रतन एवं दो वर्षीय बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है।

बुखार से युवक की मौत

कायमगंज। क्षेत्र के गांव पचरौली निवासी धर्मेंद्र (30) को कई दिन से बुखार आ रहा था। परिजन प्राइवेट डॉक्टर से उसका इलाज करा रहे थे। गुरुवार की रात उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन सरकारी अस्पताल कायमगंज लाये। जहां डॉक्टर अमित कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गये।

किशोरी ने फंदा लगाकर जान दी

कायमगंज। कम्पिल क्षेत्र के गांव सवितापुर बिहारीपुर निवासी रनवीर सिंह की 14 वर्षीय पुत्री चांदनी ने घर में फांसी लगा ली ।परिजन गंभीर हालत मे सरकारी अस्पताल लाये ।जहां डॉक्टर अमरेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतिका के पिता रनवीर सिंह ने बताया कि वह घर पर नहीं था। वह गंगा जी पर गया हुआ था ।घर पर मृतिका की मां मीना देवी व बड़ी बहन निशा थी। उसने बताया कि उसके दो पुत्र व दो पुत्रियां है। मृतिका अपने भाई व बहनों मे तीसरे नंबर की थी। मृतिका कक्षा 9 की छात्रा थी। जब पिता से फांसी लगाने का कारण पूछा गया तो उसका कहना था कि हमें कुछ नहीं मालूम।

लेट रहीं अप-डाउन की ट्रेनें, यात्री हुए परेशान

ककोर, औरैया। ट्रेनों में सर्दी का आलम अभी से असर दिखा रहा है। जहां अप व डाउन की ट्रेन कई घंटे लेट हो रही हैं। वहीं यात्रियों को इंतजार करते-करते भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिबियापुर के फफूंद स्टेशन पर रोजाना हजारों की तादाद में यात्रियों का आवागमन होता है। उसके बाद भी ट्रेन सुचारू रूप से नहीं पहुंच रही हैं, और लोगों को एक-एक ट्रेन के लिए कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। आज भी इटावा वाली मेमू 40 मिनट की देरी से पहुंची। वहीं गोमती एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 90 मिनट की देरी से स्टेशन पहुंची। जहां यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। शिकोहाबाद मेमू 30 मिनट की देरी से ऊंचाहार एक्सप्रेस रात में 9 :10 का समय है और वह 11 :00 के बाद सर्दी के समय में पहुंची है। जो अपने नियत समय से डेढ़ घंटे से अधिक देरी से चल रही है। अप व डाउन अवध एक्सप्रेस भी 90 मिनट से अधिक की देरी से चल रही है। इसके साथ ही नेताजी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 10 मिनट की देरी से स्टेशन पहुंची। इससे यात्रियों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। वहीं कानपुर जाने के लिए नेताजी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंचने के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। दिल्ली महानंदा एक्सप्रेस भी निर्धारित समय से 2 घंटे की देरी से चली।

संदिग्ध अवस्था में अचेत मिला युवक

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज सब्जी मंडी के समीप युवक को संदिग्ध अवस्था में पड़ा लोगों ने देखा तो परिचितों ने उसके परिजनों को फोन कर जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। कोतवाली क्षेत्र के जयराम का पुरवा गांव निवासी राधेश्याम का 22 वर्षीय पुत्र पिंटू जो आज सुबह घर से निकाला था। उसके बाद कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज सब्जी मंडी के समीप वह संदिग्ध अवस्था मे अचेत पड़ा था। स्थानियों ने उसे देखा तो परिचितों ने फोन कर उसके परिजनों को जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे परिजन उसको ई-रिक्से से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

महिला स्वास्थ्य कर्मी पर किया हमला

राठ (हमीरपुर)। जरिया थानाक्षेत्र के कछवाकला गांव निवासी कृष्णा (40) पत्नी अजय अनुरागी नौरंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स है। बीते एक वर्ष से कस्बे के पठानपुरा इलाके में रह रही है। कृष्णा गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे मोहल्ले में दूध लेकर घर लौट रही थी। तभी उसके पति अजय अनुरागी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर हमला बोल बेरहमी से पिटाई कर धारदार हथियार मारकर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। घायल महिला की बहन गुड्डू निवासी ग्राम उमरिया ने बताया कि कृष्णा का विवाह 15 वर्ष पहले महोबा जनपद के खरेला गांव निवासी अजय अनुरागी से हुआ था। दोनों में मतभेद चल रहा है।

गर्भवती की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

फतेहपुर। हथगाम कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भोर पहर गर्भवती महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव को रखकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले को समझा बुझाकर शांत कराया। हथगाम थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव निवासी नीरज कुमार की पत्नी नीतू देवी (23) वर्ष की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा को बढ़ता देख मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में मामले को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि महिला दमा की मारीज थी। काफी दिनों से इसका इलाज चल रहा था सुबह महिला को सीएससी में भर्ती कराया गया था। इसके बाद चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल के रेफर किया गया। इस दौरान महिला की रास्ते मौत हो गई। महिला की मौत के बाद कुछ लोगों के उकसाने पर परिजनों ने सीएससी पर शव रखकर सीएससी पर तैनात डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया था।

बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

किशनपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती ने गुरुवल गांव के रहने वाले एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। युवती ने युवक पर बंधक बनाकर तीन दिन तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया था। पुलिस आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे अभियुक्त अजय उर्फ रानू पुत्र ज्ञानी सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। युवती ने आरोपी युवक पर बेहोश कर ले जाने के साथ निजी ट्यूबवेल पर बंधक बनाकर तीन दिन तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। किशनपुर थाना अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

7. 55 करोड़ रुपये के खर्च से सुगंधित होगा महाकुंभ

मौसमी फूल, बड़े पैमाने पर तैयार हो रहे फ्लावर बेड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। महाकुंभ शुरू होने से पहले ही प्रयागराज आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर पहली बार एक खास इंतजाम किया जा रहा है, जिसको देख पर्यटक खासे रोमांचित नजर आएंगे। इस बार पूरे प्रयागराज को फूलों की खुशबू से महकाने की योजना है। इसके लिए 7 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपए का बजट रखा गया है।

26225 गमलों में मौसमी फूल सजाए जाएंगे। इसके अलावा बड़े पैमाने पर फ्लावर बेड तैयार कर उनकी प्रदर्शनी लगाई जाने की योजना है। मेला क्षेत्र में गंगा किनारे विशेष सजावटी पौधे लगाए जाने का काम शुरू हो गया है।

अयोध्या और काशी की नर्सरियों को बड़े पैमाने पर फूलों और सजावटी पौधों के ऑर्डर दिए गए हैं। इस समय मेला के अलावा शहर के प्रमुख स्थलों, पार्कों, सड़कों, चौराहों, एयरपोर्ट और हाईकोर्ट की सजावट में इन पौधों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही देश विदेश से आने वाले सैलानियों के आकर्षण के लिए प्रयागराज की गली-गली में सजावट के लिए फूलों के गमले रखने का काम भी शुरू हो गया है।

गेंदा, गुलाब, जूही करेंगी आकर्षित

महाकुंभ के लिए खासतौर पर गुलाब, डहेलिया, जूही, मेरीगोल्ड, कामिनी, चांदनी, गुलदावरी, नेरियम और गेंदा के विभिन्न किस्मों की मांग है। साथ ही, सजावटी पौधों में एरिका पॉम, स्पाइंडल लिली, पीस लिली, बम्बू, धन लक्ष्मी, विष्णु कमल, और रेड मंचीरा शामिल हैं।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वाधिक बदहाल बताते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में प्रशासनिक व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। यही वजह है कि आग लगने से बच्चों और दूसरे मरीजों की मौतें हो रही हैं, मरीजों को दवा और इलाज मिलने में बाधाएं आ रही है। कहीं डॉक्टर और स्टाफ नहीं है तो कहीं जीवन रक्षा में काम आने वाले कीमती उपकरण तालों में बंद धूल खा रहे हैं।

सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि अस्पतालों में सीनियर डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। रेजीडेंट डॉक्टरों के सहारे इलाज होता है। लारी कार्डियोलॉजी में एक मरीज इलाज के लिए हाथ जोड़ता रहा, सांस थम गई पर उसे वेंटीलेटर नहीं मिला। मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर करने के खेल में अब तब कितनी ही जानें जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि छोटे- बड़े सभी अस्पतालों में भी मरीजों-तीमारदारों को रोज ही अपमानित और प्रताड़ित होना पड़ता है। गंभीर मरीजों की भी भर्ती नहीं होती है। हरदोई के हरपालपुर में एक प्रसव पीड़िता का गर्भ में बच्चा मर गया क्योंकि 3 घंटे तक फोन करते रहने पर भी उसे 102 एम्बूलेंस नहीं मिल सकी। मिन्नते करने के बावजूद महिला को शव ले जाने के लिए वाहन नहीं मिला।

नए एचआईवी मरीजों की संख्यादर में 80 प्रतिशत की कमी लानी होगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। वर्ष 2030 तक एड्स को पूरी तरह से खत्म करना है तो वर्ष 2025-26 में नए संक्रमित मरीजों में 80 प्रतिशत की कमी के साथ पांच लक्ष्य पूरे करने होंगे। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) चरण-पांच अंतर्गत भारत में एड्स महामारी को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा के रूप में समाप्त करना है। यह बात शुक्रवार को यूपी राज्य एड्स नियंत्रण द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशाला में संयुक्त निदेशक (केयर सपोर्ट एवं उपचार सेवा) डॉ. एके सिंघल ने दी।

एपीसेन रोड स्थित एनएचएम कार्यालय के सोसाइटी सभागार में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने इस साल के पांच लक्ष्य की जानकारी

- 2030 तक एचआईवी- एड्स खात्मे के लिए इस साल लक्ष्य निर्धारित

देते हुए बताया कि नए संक्रमणों में 80 प्रतिशत में कमी लाना, एड्स से होने वाली मृत्यु दर को घटाना और एचआईवी संक्रमित माताओं से बच्चों में होने वाले संक्रमण का खतरे को पूरी तरह समाप्त करना है।

आईईसी के उप निदेशक पवन चंदेल ने बताया कि राज्य में एचआईवी जांच के लिए 399 इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर (आईसीसीसी) उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 52 एआरटी (एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी) केंद्रों पर इलाज, 35 संपूर्ण सुरक्षा केंद्र और 115 एसटीआई-आरटीआई (यौन संचारित संक्रमण-प्रजनन मार्ग संक्रमण) केंद्र में एड्स इलाज व जुड़ी अन्य सेवाएं उपलब्ध हैं। संयुक्त निदेशक-एसटीआई डॉ. चित्रा सुरेश ने बताया कि एचआईवी संक्रमण के 83 प्रतिशत मामले असुरक्षित शारीरिक संबंध की वजह से होते हैं। वहीं, संक्रमित सुई के उपयोग से लगभग 6.3 प्रतिशत मरीजों में फैलता है। सहायक निदेशक अनुज दीक्षित ने बताया कि भारत में कुल 25.44 लाख में से उप्र. में 1.97 लाख लोग एचआईवी से पीड़ित हैं और राज्य में 1.20 लाख लोग एंटी रेट्रोवायरल सेंटर से दवा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि कहा कि जेल और सेक्स वर्कर तक संसाधनों की पहुंच बढ़ाई जाएगी।

कार्यशाला में जेडी प्रीवेंशन रमेश सी श्रीवास्तव, जेडी बीएसडी डॉ.गीता अग्रवाल समेत कई अन्य अधिकारी शामिल हुए।

ज्वैलरी शॉप डकैती कांड के मामले में चार्जशीट दाखिल

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आरोपियों की पेशी दर्ज की

अमृत विचारः कोतवाली नगर क्षेत्र में 28 अगस्त को दिनदहाड़े हुई ज्वैलरी शॉप डकैती कांड में पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सीजेएम ने सुनवाई के लिए अगली 7 दिसंबर की तारीख नियत की है।

उक्त डकैती कांड चौक स्थित ठठेरी बाजार की प्रसिद्ध आभूषण दुकान भरत जी सोनी ज्वैलर्स पर हुई थी। घटना के दौरान पांच नकाबपोश बदमाश दुकान में घुसे और महज चार मिनट के भीतर असलहों के दम पर वहां से करोड़ों के आभूषण लूट कर फरार हो गए। इस दुस्साहसिक वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया और मामले में अब तक 10 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है जिसमें आरोपी अंकित यादव, विनय शुक्ल, अरविंद यादव, विवेक सिंह , विपिन सिंह, दुर्गेश प्रताप सिंह , सचिन सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, त्रिभुवन कोरी, और अजय यादव शामिल है। शुक्रवार को आरोपितों की हाजिरी जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग सीजेएम नवनीत सिंह ने दर्ज की तथा पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। गौरतलब है कि नौ आरोपी जिला कारागार सुलतानपुर में निरुद्ध हैं वही मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी विपिन सिंह रायबरेली जेल में निरुद्ध है। मामले में पुलिस के प्रयासों के दौरान आरोपी अनुज प्रताप सिंह उन्नाव में हुई पुलिस मुठभेड़ में मारा गया, जबकि एक अन्य आरोपी जौनपुर निवासी मंगेश यादव भी कोतवाली देहात सुलतानपुर में पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो चुका है।

जीआई टैग से लैस हुआ काला नमक और चावल

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः देवीपाटन मंडल में काला नमक चावल को जीआई टैग मिलने के बाद जिले में 36 ऐसे किसान हैं, जो अधिकृत उपयोगकर्ता के रूप में पंजीकृत हैं। यह लोग काला नमक चावल का निर्यात विदेश में कर सकते हैं। अधिकृत उपयोगकर्ताओं को प्रमाण पत्र देने की तैयारी की जा रही है अभी तक इन लोगों को अनुमति तो मिल गई थी लेकिन प्रमाण पत्र नहीं मिल सका था। इनके अलावा यदि कोई और किसान काला नमक चावल का निर्यात विदेश में करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। अब तक जिले में जिन लोगों को अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस मिला है इन लोगों को कानूनी संरक्षण मिल गया है। यही लोग काला नमक चावल का व्यवसाय कर सकते हैं। जिले में जिन 36 लोगों को जीआई टैग उत्पाद काला नमक चावल के अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस मिल चुका है। इनमे मझौवा बुजुर्ग सोनवा के रघुनंदन, राजमणि वर्मा, रामहित, श्रीपाल, रामकिशन, रामराज हैं। कोतवाली देहात धीरज पुरवा की वंदना, बिरवा बभनी गोविंदपरा के आनंद सिंह, सतीश सिंह, शिवपूजन, मनोज सिंह, चंदनपुर केसीपुर के रंगबिहारी, जय मां दुर्गे सीड्स पूरे शिव बख्तावर की फॉर्म केर्ड बायो एनर्जी, लावा टेपरा तरबगंज रोड अथेरिस्ट एफसी लिमिटेड, हरखापुर माधवपुर के घनश्याम, लावा टेपरा तरबगंज के रामशरण, माधवपुर के सुनीता देवी, भानपुर के श्रीभगवान शुक्ला,माधोपुर तरबगंज रोड तिलक राम मिश्रा, चिरबसना तरबगंज रोड के

सौरभ सिंह, श्रीपाल पूर्व टेपरा के मनोज कुमार, खरगूपुर केसीपुर के पप्पू, चौरासी के श्रीकांत, मजावा बुजुर्ग के श्रीपाल, इटियाथोक के पंकज उपाध्याय, नानमून, इमलिया चिंटू के सूर्यपाल, विनीता, लौवआ टेपरा माधोपुर के कुलदीप मिश्रा, भगहर बुलंद के घनश्याम, लाला पुरवा भगहर बुलंद के आशीष कुमार यादव, डेहरास करनैलगंज के राजेश कुमार त्रिपाठी, सरैया करनैलगंज के पवन पांडे तथा मोकलपुर के बागेश्वरी दत्त चौबे हैं। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 फीस जमा करके अब तक काला नमक चावल के अधिकृत उपयोगकर्ता का लाइसेंस प्राप्त किया है। विपणन विभाग की ओर से इनको को प्रमाण पत्र देने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जिलाधिकारी जल्द ही क्लस्टर को लेकर बैठक करेंगे उसी में प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

जीआई टैग में क्या होता है

अमृत विचार : पूरे प्रदेश में 13 कृषि उत्पादन को जी आई टैग प्राप्त था। अब यह बढ़कर 20 हो गया है। इसके साथ ही 14 कृषि उत्पाद इस श्रेणी में आने के लिए प्रोसेसिंग में भी हैं । जिनको कृषि उत्पादन को जीआई टैग मिलना है। जिसमें देवीपाटन मंडल के अंतर्गत काला नमक चावल को चुना गया है। जीआई टैग उन्हीं उत्पाद को किया जाता है जो किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में दीर्घकालीन समय से उत्पादित किए जा रहे हों तथा विशिष्ट गुण रखते है। जीआई टैग द्वारा कृषि उत्पादन को कानूनी संरक्षण प्राप्त होता है। उत्पाद के गलत क्रय विक्रय किए जाने पर अंकुश लगाया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जीआई टैग को एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जाता है। काला नमक चावल से संबंधित जी उत्पादक किसान है उन्हें अपने उत्पाद को बेचने के लिए अधिकृत उपयोगकर्ता का पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है। जिससे उनके उत्पाद का उचित लाभकारी मूल प्राप्त होता है। सहायक कृषि विपणन अधिकारी अशोक वर्मा बताते हैं कि जीआई टैग उत्पाद को बेचने के लिए पंजीकरण आवश्यक होता है यदि कोई पंजीकरण के बिना काला नमक चावल का निर्यात करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। जिले में अभी तक 36 लोगों ने अधिकृत उपयोगकर्ता का पंजीकरण कराया है। जिन किसानों को जीआई टैग उत्पाद का निर्यात करना है वह अपना पंजीकरण कर करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जो 36 जीआई टैग के उपयोग करता है अब उनको प्रमाण पत्र दिया जाना है जिसको लेकर तैयारी की जा रही है।

पीढ़ी को स्वास्थ्यवर्धक भोजन देने को ग्लोबल गैप प्रमाणन आवश्यक

लखनऊः कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि ग्लोबल गैप प्रमाणन कृषि उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मान्यता प्राप्त प्रमाणन है, जो कि पर्यावरण के अनुकूल कृषि उत्पादों की गुणवत्ता के लिए समर्पित है। इससे कृषि उपजों में रसायनों के प्रयोग को कम करने को बढ़ावा मिलेगा, कृषकों की आय में वृद्धि होगी और लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

दिनेश प्रताप सिंह शुक्रवार को गोमती नगर के मण्डी परिषद सभागार में अंतराष्ट्रीय बाजार में लागू अच्छी कृषि पद्धतियों ग्लोबल गैप प्रमाणीकरण का हाईब्रिड मोड में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसमें ग्लोबल गैप के जर्मनी स्थित मुख्यालय की प्रोग्राम कोआडिनेटर गैबरीला कोरल एलानिस समेत लगभग 125 प्रतिभागियों द्वारा आनलाइन भी प्रतिभाग किया गया।

रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को घुसपैठ कराने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस ने वाराणसी रेलवे स्टेशन से गुरुवार देर शाम को दबोचा

अमृत विचार : देश में घुसपैठ और मानव तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य को एटीएस ने वाराणसी रेलवे स्टेशन से गुरुवार देर शाम को दबोच लिया। बांग्लादेश और रोहिंग्या को भारत में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कराने, उनके पहचान पत्र बनवाने का काम एक सिंडिकेट द्वारा किया जा रहा है। इस सिंडिकेट के 11 सदस्य पहले से ही गिरफ्तार किए गए है। पकड़े गये आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

एटीएस के अधिकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मो. अब्दुल्ला उर्फ अबू सालेह मंडल उर्फ अब्दुल्ला गाजी है। वह म्यांमार के अकयाब मांगडू स्थित दामनखाली का रहने वाला है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि उसने कई नाम से अपना भारतीय पहचान पत्र बनवाया है। जो पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदनीपुर के गढ़बेटा स्थित दुर्गरबनकटी के पते पर बना है। बताया कि गिरोह द्वारास दिए गए आर्थिक मदद से पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मिदनापुर में जमीन खरीदकर घर भी बनवा लिया है। आरोपी के पास से एक मोबाइल, तीन मेमोरी कार्ड, एक भारतीय आधार कार्ड, भारतीय निर्वाचन कार्ड, पैन कार्ड, यूएनएचसीआर कार्ड और नकदी बरामद हुआ है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक अबू सलेह मंडल, अब्दुल्ला गाजी, शेख नजीबुल हक द्वारा एक संगठित गिरोह चलाया जा रहा है। जो भारत में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराकर उनके अवैध रूप से भारतीय दस्तावेज बनवाकर कई प्रांतो में स्थापित करने में आर्थिक मदद भी कर रहे हैं।

सरकार किसानों को पंगु बनाना चाहती है

सुलतानपुर: भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत पयागपुर स्थित विद्युत विभाग के 400 केवी गेस्ट हाउस में एक निजी समारोह में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह किसानों को पंगु बनाना चाहती है।

राकेश टिकैत ने आगामी दिनों में किसानों की ज़मीनों को चीन के लिए लेकर एक षड्यंत्र रचने का आरोप भी लगाया और कहा कि इसका विरोध वे सड़क से लेकर संसद तक करेंगे। राकेश टिकैत ने यह भी कहा कि सुलतानपुर और आस-पास के जनपदों में उनके संगठन की शक्ति मजबूत हो रही है। उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. रुपेश शुक्ला की तारीफ की। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता नवल किशोर मिश्र, प्रदेश सचिव अजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनोद मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, राम प्रसाद तिवारी, मोहम्मद जावेद अली आदि रहे।

राजस्थान से 200 किलो घी लेकर पहुंचे श्रीश्री महर्षि सांदीपनि। अमृत विचार

राम मंदिर में अखंड ज्योति के लिए जोधपुर से आया घी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर में रामलला के गर्भगृह में जलने वाली अखंड़ ज्योति निरंतर जलती रहे इसके लिए राजस्थान के जोधपुर बंगाड़ा से 200 किलो घी शुक्रवार को ट्रस्ट को समर्पित किया गया है।

घी से भरे ड्रम लेकर आए महर्षि सांदीपनि ने बताया कि राजस्थान के जोधपुर स्थित गोशाला में 350 गोवंशों के दूध से निकले घी, मंदिर के लिए और गुड़, मेवा, सोंठ से बने विशेष मिठाई भी रामलला को अर्पित करने के लिए राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को समर्पित किया है। इस दौरान उन्हें श्रीराम नाम लिखी पगड़ी को भी पहनाया। बताया कि बीते वर्ष जोधपुर के गोशाला से 600 किलो घी कलशों में भर कर आया था। इसके अलावा 200 किलो घी टंकी में भर कर लाया गया। आज 200 किलो घी लेकर आये हैं। यह घी रामलला के अखंड ज्योति के लिए है।

राम मंदिर | दिसम्बर तक बन जाएगा मंदिरों का शिखर, तैयारियां तेज

राम दरबार के साथ ही स्थापित होंगे पंचायतन मंदिरों में देवी-देवता

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः राम मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य 40 प्रतिशत हो चुका है। जनवरी 2025 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही मंदिर के परकोटा में निर्माणाधीन पंचायतन मंदिरों के शिखर का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिमा को स्थापित करने के दौरान इन मंदिरों में देवी-देवताओं को स्थापित कर दिया जाएगा। तैयारी शुरू दी गई है।

70 एकड़ परिसर में संपूर्ण निर्माण कार्य अगले एक वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा। राम मंदिर में भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल के बाद शिखर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ मंदिर की भव्यता और सुरक्षा को लेकर बन रहे 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें गणेश, शिव, हनुमान जी, सूर्य माता भगवती और अन्नपूर्णा देवी के मंदिर का भवन बनकर तैयार हो गया है। अब शिखर का निर्माण किया जा रहा है। जिसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही इन मंदिरों में स्थापित होने वाले देवी देवताओं की मूर्तियों का निर्माण भी जयपुर में किया रहा है।

राम मंदिर परिसर में भ्रमण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

परकोटे की मूर्तियां दिसंबर में हो जाएंगी तैयार

मूर्तिकार सत्य नारायण पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि परकोटा में लगने वाले मूर्तियों को दिसंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों के लिए भी मूर्तियों को तैयार करने की जिम्मेदारी मिली है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के शिखर निर्माण के साथ परकोटा के निर्माण का कार्य चल रहा है। परकोटा में बन रहे मंदिरों का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब उसके शिखर का कार्य किया जा रहा है। यह दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

नए जेल अधिकारी मजबूत करेंगे सुरक्षा और अनुशासन

लखनऊ : जेल की सुरक्षा व अनुशासन को नये अधिकारी और अधिक मजबूत करेंगे। नये अधिकारियों में उत्साह और ऊर्जा है। इस व्यवस्था को सुचारू करने में पूरा योगदान देंगे। ये बातें डॉ. संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण सस्थान में शुक्रवार को 118वें दीक्षांत समारोह में डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने कहीं।

समारोह के दौरान तीन जेल अधीक्षक और 17 डिप्टी जेलर की पासिंग आउट परेड का भी आयोजन किया गया। शुक्रवार को हुए पासिंग आउट परेड की कमान जेल अधीक्षक प्रीति यादव ने संभाली। प्रीति को बेस्ट कैडेट का खिताब भी मिला। जेल अधीक्षक कुलदीप कुमार परेड के द्वितीय और जेल अधीक्षक मुकेश कुमार परेड के तृतीय कमांड रहे। प्रशिक्षु अफसरों को गोपनीयता की शपथ दिलाई

सार-संक्षेप

फिल्म अभिनेता राजपाल यादव से मुलाकात करते मेला धिकारी विजय किरण आनंद।

फिल्म अभिनेता राजपाल यादव पहुंचे प्रयागराज

प्रयागराज। फिल्म जगत के चर्चित हास्य अभिनेता राजपाल यादव शुक्रवार को संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज पहुंचकर उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय में मेला अधिकारी विजय किरण आनंद से मुलाकात की। राजपाल यादव ने कहा कि महाकुंभ पूरे देश का सबसे बड़ा संस्कृतिक व आध्यात्मिक की नगरी में आयोजित होता है। इस बड़े समागम की तैयारी बड़े जोर शोर से चल रही है। इस बड़े समागम में जुड़ने वालों को यह आवडर बड़े सौभाग्य से मिलता है। मेला प्राधिकरण में मेला अधिकारी की उन्होंने काफी प्रशंसा की। राजपाल यादव ने बताया कि दद्दा शिष्य मंडल की तरफ से संगम नगरी में हर वर्ष माघ मेला या कुंभ या फिर महाकुंभ में शिविर का आयोजन होता है। यह पहला कुंभ है जब इस बार पूज्य गुरुजी देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी हमारे साथ नहीं है। कहा जाए तो वह भौतिक रूप से हमारे साथ नहीं है लेकिन यह भी कहा जा सकता है की वह निराकार रूप में हमारे साग शिविर में मौजूद रहेंगे। प्रयागराज मेला अधिकारी विजय किरण आनंद से बातचीत करते फिल्म जगत के हास्य अभिनेता राजपाल यादव

बिजली उत्पादन कंपनियों में प्रतिनियुक्ति पर जा सकेंगे अभियंता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व पारेषण निगमों के बिजली अभियंता उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही, केंद्र सरकार की बिजली उत्पादन कंपनियों में प्रतिनियुक्ति पर जा सकेंगे। शुक्रवार को राज्य विद्युत उत्पादन निगम की निदेशक मंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। निर्णय के तहत अब बिजली अभियंता एनटीपीसी, एनजीएल और एनएलसी आदि के साथ की निर्माणाधीन तापीय परियोजनाओं में अपनी योग्यता के आधार पर 50 प्रतिशत तक प्रतिनियुक्ति पर जा सकेंगे। प्रतिनियुक्ति को लेकर उत्पादन निगम की ओर से जल्द ही केंद्रीय कंपनियों को पत्र लिखा जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि इससे निगमों के कार्मिकों की योग्यता व अनुभव में बढ़ोतरी हो सकेगी, जिसका लाभ प्रदेश के ऊर्जा निगमों को मिलेगा।

शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार होते हैं पुस्तकालय

लखनऊ : उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पुस्तकालयों को शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय होते हैं। डिजिटल युग में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि वे ज्ञान के संरक्षण और प्रसार का एक प्रमुख माध्यम हैं। योगेन्द्र उपाध्याय बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में 12वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना पेशेवर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पुस्तकालयों की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग ने पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में नई चुनौतियों और अवसरों को जन्म दिया है।

बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार बर्दास्त नहीं

लखनऊ : शिवसेना राज्य प्रमुख ठाकुर अनित सिंह ने बांग्लादेश में अल्पसंख्याक हिंदुओं पर अत्याचार, उत्पीडन और हिंदुओं के धार्मिक स्थानों, धर्मिक आयोजनों पर तोड़फोड़ के खिलाफ रोष प्रकट किया है। शिवसेना आज पूरे प्रदेश में पार्टी की जिला इकाइयों को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख का पुतला फूंकने और जिलाअधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने का आवाहन किया है। अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के मुद्दे पर रोष जाहिर करते हुए पर राज्य प्रमुख ने कहा कि देश में हिंदूवादी प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर खामोश है। आज तक बांग्लादेशी हिंदुओं पर हमलों हत्याओं के मामले को संयुक्त राष्ट्र संघ में नहीं उठा सकें है। देश की हिंदूवादी सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं व हमले पर कब चुप्पी तोडेगी।

पूर्व विधायक के मामले में मुकदमें से मुक्त करने की पड़ी अर्जी

सुलतानपुर : पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ चल रहे दो मामलों में शुक्रवार एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। पहला मामला 1997 के विधानसभा चुनाव के दौरान पीपरपुर थाना क्षेत्र के नोनरा गांव में बैलेट पेपर गायब होने से जुड़ा है। केस में बचाव पक्ष ने पूर्व विधायक को उन्मोचित करने की अर्जी दाखिल की। विरोध में विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने आपत्ति के लिए मौके की मांग की। कोर्ट ने अभियोजन को आपत्ति दाखिल करने के लिए 10 दिसंबर की तारीख नियत की है। तत्कालीन पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर सफदर रजा और पूर्व सपा जिलाध्यक्ष कमरुज्जमा फौजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। हालांकि, कमरुज्जमा फौजी का निधन हो चुका है। मामले में पूर्व विधायक सफदर रजा के साथ आबाद उल्ला व अबरार अहमद के खिलाफ आरोप तय होने है। दूसरा मामला 2014 में धम्मौर थाना क्षेत्र के भाईं गांव का है, जहां पैमाइश करने गए लेखपाल विजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि सफदर रजा ने सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाई, धमकी दी और गाली-गलौज की।

तीन अस्पतालों में सीएमएस नियुक्त

लखनऊ। शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तीन अस्पतालों में नए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक(सीएमएस) बनाए गए हैं। नए सीएमएम बनने वालों में कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय कानपुर में डॉ.नवीन चंद को, जिला अस्पताल चित्रकूट में डॉ. शैलेंद्र कुमार को और 50 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय प्रतापगढ़ का सीएमएस डॉ. अमर नाथ को बनाया गया है।

बसपा प्रमुख 30 नवंबर को करेंगी समीक्षा बैठक

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती 30 नवंबर को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करेंगी। बैठक में प्रदेश व उत्तराखंड के प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा के जिला अध्यक्ष भी शामिल होंगे। बैठक में पार्टी के मूवमेंट व पिछली बैठक में सौंपे गए कार्यों की समीक्षा होगी।

बिजली अभियंताओं ने मनाया संकल्प दिवस

लखनऊ। बिजली अभियंताओं ने शुक्रवार को प्रदेश भर में संकल्प दिवस मनाया। लखनऊ मुख्यालय पर संकल्प दिवस का आयोजन हाइडिल फील्ड हॉस्टल में किया गया। इस दौरान अभियंताओं ने अभियंता समुदाय की प्रतिष्ठता व आत्म-सम्मान की रक्षा के लिए शपथ ली।

महाकुंभ की महा तैयारी में मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की महातैयारी में दोनों उप मुख्यमंत्रियों समेत मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कहा कि महाकुंभ नव्यता, दिव्यता और भव्यता की मिसाल बनेगा। मंत्रीगण सभी विभागीय तैयारियों पर पूरा फोकस करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रदेशों में महाकुंभ के पैवेलियन का नेतृत्व भी करेंगे। पैवेलियन में प्रदेश की हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और पर्यटन का प्रदर्शन होगा। साथ ही, उन प्रदेशों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों समेत खास अतिथियों को निमंत्रित किया जाएगा। बैठक में इसके लिए टीम भी बनाई गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार को हुई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री केवश प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत करीब सभी मंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के 13 दिसबंर को आने से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के साथ तय हुआ कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 की थीम पर उप्र सरकार का पैवेलियन हर प्रदेश में बनेगा। इससे तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ेगा।

सर्जन बनने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर

वरिष्ठ चिकित्सकों ने रुचि कम होने के कारण को अमृत विचार से किया साझा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं। पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।

लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बनी बड़ी वजह

सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। दूसरा, अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। हर डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

- डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल
बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली

जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

- प्रो. जेडी रावत, विभागाध्यक्ष
पीडियाट्रिक सर्जरी केजीएमयू व
अध्यक्ष आईएमए, लखनऊ

विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सर्जंस की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।

- प्रो. निशा सिंह
क्वीन मेरी, केजीएमयू

मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आएदिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। विदेशों में टॉपर्स को सर्जरी में दाखिला मिलता है, भारत में उलटा है। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।

- डॉ. अंकित पचौरी, पूर्व उपाध्यक्ष
आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ

आईपीएस हिमांशु कुमार बने डीआईजी

अमृत विचार, लखनऊ : विभागीय जांच में बेदाग होते ही प्रदेश सरकार ने उप्र. कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। इसके पहले प्रोन्नत समिति की बैठक में विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद रखा गया था। आईपीएस हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय जांच 19 नवंबर को समाप्त कर दी गई थी, उनपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उन्हें पहले का रोका गया 1 जनवरी 2023 से सेलेक्शन ग्रेड लेवल 13 समेत 1 जनवरी 2024 डीआईजी पद पर प्रोन्नति और वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल 13-ए देने का आदेश हुआ है। फिलहाल हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं। डीआईजी बनने पर उनकी वापसी होनी है। इसके बाद उन्हें नई जगह तैनात किया जाएगा।

विपक्ष भयभीत, अगली बार इससे भी बड़ी होगी जीत

उप चुनाव में विजयी एनडीए के सात विधायकों का भाजपा के राज्य मुख्यालय में अभिनंदन

मुख्यमंत्री ने कहा, एकजुटता से भाजपा कार्यकर्ताओं ने असंभव को संभव बनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उप चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इससे भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। योगी ने कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उप चुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में उप चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। योगी ने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार समेत जेपीएस राठौर, गुलाब देवी, दयाशंकर सिंह, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजबहादुर, गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, सुभाष यदुवंश, शंकर गिरि, शिवभूषण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने किया।

लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री योगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने उप चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को दिलाई शपथ

अमृत विचार : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन के तिलक हाल में शुक्रवार को उप चुनाव में विजयी घोषित मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य को शपथ दिलाई। सतीश महाना ने नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की कार्यवाही में अधिक से अधिक समय देने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही का अनुभव पुस्तकों से नहीं, बल्कि सदन में बैठकर और बहस में भाग लेकर ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा, सदन में उपस्थिति और योगदान से यह साफ हो जाएगा कि कौन विधायक कितनी गंभीरता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

गीडा का स्थापना दिवस आज 1068 करोड़ के निवेश का मार्ग प्रशस्त करेंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की तरफ से 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष 85 निवेशकों को हुए भूखंडों के आवंटन होंगे। विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 209 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण के साथ गीडा के नाइलिट सेंटर से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र दिये जाएंगे।

स्थापना दिवस पर योगी गीडा में लगने वाले दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं की भी शुरुआत करेंगे। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक के अनुसार, स्थापना के 35वें स्थापना वर्ष में गीडा ने अभी तक 3 लाख 27 हजार 313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 85 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इसके जरिये 1068 करोड़ रुपये का निवेश और 4658 रोजगार सृजन प्रस्तावित है। स्थापना दिवस समारोह में आवंटित किए गए भूखंडों में से पांच बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

निजी बिजली घरानों को लाभ पहुंचाने की कोशिश तो नहीं

दो ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. पावर कॉरपोरेशन की दो सहायक कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को खत्म कर पांच नई कंपनियां बनाने के प्रस्ताव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि पूर्व में आगरा शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था निजी कंपनी टोरेंट को दिये जाने का प्रयोग फेल हो चुका है। ऐसे में पूर्व की तरह इस बार भी निजी घरानों को लाभ पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई कंपनियां बनने से विभाग व उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2010 में तत्कालीन सरकार ने आगरा की बिजली आपूर्ति टोरेंट कंपनी के हवाले कर दी थी। इस दौरान विभाग ने पुराना बकाया वसूल करने पर निजी कंपनी को 10 प्रतिशत 'इन्सेंटिव' देने की व्यवस्था की थी, इसके बाद भी बकाया रकम वसूल नहीं हो सकी।

विरोध सभाएं कर बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर राजधानी समेत पूरे प्रदेश में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं हुईं। बिजली कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्रवाई की गई तो बिजली कर्मचारी लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने के लिए विवश होंगे। राजधानी में हुई सभा में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आरवाई शुक्ला, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।

एससी-एसटी आयोग व सांसद ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रकरण को लेकर पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उप्र. अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निजीकरण के बाद अनुसूचित वर्ग को आरक्षण के लाभ से वंचित हो जाने की बात कही। इस पर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजकर समाधान निकालने के लिए पत्र भेजा। दूसरी ओर, एसोसिएशन के पत्र का हवाला देते हुए नगीना के सांसद चन्द्रशेखर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रकरण का निराकरण करने की मांग की है।

दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **4 वर्ष की योजना तैयार क्रियान्वयन पर खर्च होंगे 236 करोड़ रुपये**
- **किसानों को मुफ्त मिलेंगे बीज कृषि वैज्ञानिक सिखाएंगे उन्नत तौर तरीके**

अमृत विचार : दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अगले कुछ वर्षों में आत्मनिर्भर हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर कृषि विभाग ने चार साल की कार्ययोजना तैयार की है। इसके क्रियान्वयन पर करीब 236 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत दलहनी व तिलहनी फसलों के बीज के मिनी किट का निःशुल्क वितरण, प्रगतिशील किसानों के यहां प्रदर्शन और किसान पाठशालाओं के जरिये विशेषज्ञों द्वारा खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी देना शामिल है।

योजना के तहत प्रदेश के अलग-अलग कृषि जलवायु के अनुरूप तय समयावधि में संबंधित क्षेत्र के किसानों को दलहनी फसलों के लिए उर्द, मूंग, अरहर, चना, मटर, मसूर और तिलहनी फसलों में तिल, मूंगफली, राई/सरसों और अलसी के बीज निःशुल्क दिए जाएंगे। विश्व बैंक की मदद से चलने वाली यूपी एग्रीज योजना भी दलहन और तिलहन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगी। खासकर, झांसी और इससे सटे इलाकों में मूंगफली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए क्लस्टर विकसित करने की योजना है।

अभी मांग की तुलना में काफी पीछे प्रदेश : फिलहाल खाद्य तेलों की आवश्यकता के सापेक्ष 30-35 फीसदी और दलहन की आवश्यकता के सापेक्ष प्रदेश में 40-45 फीसदी ही उत्पादन हो रहा है। दलहनी और तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भर होने के बाद मांग एवं आपूर्ति में संतुलित होने पर ऐसा नहीं हो सकेगा।

केंद्र सरकार ने भी चयनित किए हैं जिले : दलहनी फसलों में सर्वाधिक खपत अरहर दाल की होती है, इसलिए केंद्र सरकार ने अरहर की खेती के लिए 35 और उर्द की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 18 जिले चयनित किए हैं। प्रदेश सरकार पहले से दलहनी फसलों के प्रोत्साहन के लिए बुंदेलखंड को फोकस कर दलहन ग्राम योजना चला रही है।

तुलसियानी कंस्ट्रक्शन की डेढ़ करोड़ की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रवर्तन निदेशालय ने लखनऊ में की कार्रवाई**

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह की। कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों के कई सौ करोड़ रुपये हड़पे हैं। वहीं, बैंक से करोड़ों रुपये का लोन करा लिया था। जिसे वापस नहीं किया है। कुर्क की संपत्ति में फ्लैट है।

ईडी के मुताबिक, मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल कुमार तुलसियानी और महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी के आधार पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की। आरोप लगाया गया कि तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, साइबर टावर, प्रथम तल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, जो फ्लैटों के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में है। उन्होंने चार खरीदारों को धोखा दिया था। जिन्होंने पंजाब नेशनल बैंक, लखनऊ से कुल 4.63 करोड़ रुपये का गृह ऋण लिया था, जिसे चुकाया नहीं गया।

वर्ग पहेली-267

बाएं से दाएं

1. वध, मारण।
4.1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8.1. धरती पर पड़ा

ऊपर से नीचे

1.1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3.1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता, कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।



वर्ग पहेली -266 का हल

1 वि			2 सें			3 फ़
त			4 स	ह	चा	री
ति			र			ज़ा
	5 नि	वे	शि	त		
	रो		प			6 चिं
	ध				7 बं	ग
8 ध	न	पि	शा	ची		ड़ा

सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9								
	1						5	
			4					
						9		
			1			3		
		4						
7					9			
	5						1	
8								2

सुडोकू - 179 का हल

9	7	8	4	2	1	5	6	3
2	1	6	8	3	5	7	9	4
3	5	4	6	9	7	8	2	1
4	8	5	7	6	3	9	1	2
7	3	1	2	5	9	4	8	6
6	9	2	1	4	8	3	7	5
1	4	9	3	8	6	2	5	7
5	2	7	9	1	4	6	3	8
8	6	3	5	7	2	1	4	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 10.29 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 12.35 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। माइग्रेन के रोगियों को यात्रा से बचना चाहिए। बड़ा काम करने की इच्छा होगी। व्यापार में सहयोगियों के साथ अनबन हो सकती है।

वृष — आज आपको घर पर भी कार्यक्षेत्र का काम करना पड़ेगा। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें। प्रभावशाली लोगों से मैत्रपूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी।

मिथुन — आज दिन की शुरुआत थोड़ी उदासीन रहेगी। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं। व्यापार में उधारी न करें। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाजी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिए।

कर्क — आज आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

सिंह — आज नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। सभी काम मन लगाकर करें। धीरे-धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी।

कन्या — आज भावनाओं में आकर निर्णय न लें। भूमि और संपत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है। आय के साधनों में वृद्धि होगी। सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

तुला — आज आप कार्यक्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहेंगे। मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृश्चिक — आज प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनाएंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे। पर्यटन की योजना से घूमने जा सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें।

धनु — आज कारोबार के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना सफल हो सकती है। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। आपको अपनी बात मनवाने के लिए जोर देना पड़ेगा।

मकर — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए। व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। मनोवान्छित कार्य पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कुंभ — आज शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा।

मीन — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियां कर सकते हैं। यात्रा से लाभ होगा। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **मि. इंडिया** — दोपहर : 12.11
- **रास्कल्स** — रात : 07.16

&pictures
- **टॉइलेट-एक प्रेम कथा** — सुबह : 10.52
- **विवाह** — रात : 07.30

SONY PIX
- **बैटमैन बिगिन्स** — सुबह : 11.01
- **द 355** — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- **किसी का भाई किसी की जान** — सुबह : 10.49
- **औरों में कहां दम था** — रात : 08.00

ZEE ACTION
- **बदला नाग का** — सुबह : 11.23
- **मोहरा** — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 10.49 बजे

जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर- धीरज रखिए।
लड़की - अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

अध्यापक- रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों, जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो, चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन- सर ! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2850-2900 आर.आर.21 3000-3050 गेहूंफ़ारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -2700 बाजरा 2300-2350 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6200 -6300 अरहर 7500 -8000 मसूर 5500 -5600 मटर 3200 -3300 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15200-15300 अरहरस्पेशल 11100-11200 चनादाल 7900-8000 मटरदाल 4100-4200 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500-11200 मूंगफली दानाषिवपुरी 8000-9500 बटाली 7500 -8800 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14000-14100 अलसी 13100-13200 अण्डी 14000-14100 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 2000-2016 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2250-2300 अलसी 4400-4500 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 2010-2010 मयूर 2010-2010 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3600-3700 मंगलौरलडडू 4300-4350 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4120-4150 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 62000-63000 औरय्या 52300-52300 माधौगढ़ 57000-57500

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	92200
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	102500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	105000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	78750
गिन्नी (प्रति नग)	58700-58900

आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर,

- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा

वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक हो जाएगा 20 अरब डॉलर : सीआईआई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बृहस्पतिवार को चांदी 4,900 रुपये

- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सितंबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8, 0.4, 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

राष्ट्रीय

वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : मोदी

विपक्ष पर प्रधानमंत्री ने किया कटाक्ष, बोले- सत्ता के भूखे लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

भुवनेश्वर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार

भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

को चोर नहीं बोल पाते।

उन्होंने कहा कि इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और गुस्सा जनता पर निकालने लगे हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।

राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं। उन्होंने कहा कि इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली को जान सकी। उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।

गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है।

टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का। सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417

मंदिरों में प्रसाद का मामला

- सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

(धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के तहत आरोप लगे थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी किया, जबकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल कैद की सजा सुनाई। मां की दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी 21-वर्षीय बेटी 8 साल से आरोपी से प्यार करती थी और अगस्त 2007 में उसने आत्महत्या कर ली थी।

एक नजर

2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

नई दिल्ली। ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

तिरुपुर। तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

अजमेर, एजेंसी

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का

अजमेर दरगाह

- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

मप्रः खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

खंडवा (मप्र)। मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि यह घटना गुरुवार आधी रात की है जब जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को उल्टा करके बुझाने के लिए पानी से भरे कंटेनर में डाला जा रहा था, तभी आग की लपटें धधक उठीं। कुछ सेकेंड तक इन लपटों से आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रतिबंधित छात्र इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्यों द्वारा 2009 को मारे गए पुलिसकर्मी सीताराम सहित तीन लोगों की याद में हर साल ये जुलूस निकाला जाता है।

मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में : शिंदे

नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो

- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।

लक्ष्य, प्रियांशु और पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप
- कपिला-तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल और अश्विनी-तनीषा महिला युगल के अंतिम चार में

अमृत विचार : शीर्ष वरीय स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पुरुष एकल में शीर्ष वरीय भारतीय शटलर लक्ष्य सेन व दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए हैं। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल व पिछली उप विजेता भारत की शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना चुकी हैं।

गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जीत के लिए शुक्रवार को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को 21-8, 21-19 से हरा कर आसान जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन को दूसरे गेम में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी लगने लगा था कि लक्ष्य यह गेम गवां बैठेंगे। अंतिम पलों में लक्ष्य ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत अपने नाम की। लक्ष्य ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि दूसरे गेम में कुछ कठिनाई हुई थी, लेकिन जीतना अच्छी बात है। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को आसानी से 21-13, 21-8 से हराया। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया।

इशान और शंकर प्रसाद ने भी किया अंतिम चार में प्रवेश

पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर व शंकर प्रसाद, उदय कुमार के साथ साई प्रतीक व पृथ्वी के .राय भी अंतिम चार में पहुंचे गए। महिला एकल में थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया।

इन भारतीय स्टार खिलाड़ियों पर आज होंगी सभी की निगाहें

- लक्ष्य का मुकाबला आज जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने 8वीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया।
- प्रियांशु की अब सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।
- पीवी सिंधु की टक्कर अब भारत की उन्नति हुड्डा (ओडिशा ओपन 2022 विजेता) से होगी, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

आज के अन्य परिणाम

- मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू व हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया।
- महिला युगल में ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरी तनीषा क्रैस्टो ने 5वीं वरीय हमवतन श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया।
- महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने छठीं वरीय मलेशिया की गो पेई की व तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से और चीन की बाओ ली जिंग व ली कियान ने रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया।
- मिश्रित युगल में थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

गुकेश-लिरेन ने ड्रॉ खेली चौथी बाजी

विश्व शतरंज चैंपियनशिप

सिंगापुर, एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

खेल डायरी

मालागा गोल्फ में संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रणवी

मालागा (स्पेन)। भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें, दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

श्रीलंका सीरीज से बाहर हुए चोटिल मुल्डर

डरबन। दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर अंगली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की अंगुली में चोट लगने के कारण फ्रैक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

हॉकी इंडिया ने लॉन्च किया आधिकारिक मोबाइल एप

नई दिल्ली। खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल एप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस एप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह एप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आंकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने एप को लेकर कहा आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग एप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य अपडेट, लाइव एक्शन और विशेष सामग्री सहजता प्रदान करना है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा यह एप न केवल प्रशंसकों के लिए है, बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए भी है, जो खेल का जश्न मनाने और खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक एकीकृत मंच बना रहा है। कई विशेषताओं को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य खेल और प्रशंसकों के बीच की खाई को पाटना है। यह एप सभी के लिए सुलभ एक जीवंत हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

भारतीय महिला टीम की वनडे जर्सी का अनावरण

मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।

कैनबरा में आज से शुरू होगा दो दिवसीय अभ्यास मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

बल्लेबाजों को परखेगी पिंक बॉल

कैनबरा, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवर्ड्स के हाथ में है। टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमेन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

मैच : सुबह 9:10 बजे

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश : जैक एडवर्ड्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

तैयार है मैकस्वीनी : हैरिस

मेलबर्न। नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टेस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके। हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।

ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : एलन बॉर्डर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की श्रृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी श्रृंखला में कोहली इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने कहा विराट को उसकी पारी की शुरूआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था। शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था।

राहुल करें पारी का आगाज और तीसरे नंबर पर उतरें रोहित : पुजारा

कैनबरा। चेतेश्वर पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करें और कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। रोहित की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए। जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली। पुजारा ने कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। केएल और यशस्वी पारी का आगाज करें और रोहित तीसरे, शुभमन पांचवें नंबर पर उतरें। अगर रोहित पारी की शुरूआत करना चाहते हैं तो केएल तीसरे नंबर पर उतरें लेकिन उससे नीचे नहीं। मुझे लगता है कि उसे शीर्षक्रम में ही उतरना चाहिए क्योंकि यह उसकी शैली को रास आता है। अंगूठे के फ्रेक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे गिल छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाला दिन रात का टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ने कहा गिल को पांचवें नंबर पर उतरना चाहिए क्योंकि इससे उसे समय मिलेगा। दो विकेट जल्दी गिरने पर भी वह नई गेंद को बखूबी खेल सकता है। तीन विकेट जल्दी गिरने पर वह आ सकता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत रहेगा।

बोपन्ना-नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी टेनिस खिताब जीता

पुणे, एजेंसी

इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

ब्रूक के शतक ने इंग्लैंड की तरफ मोड़ा मैच का रुख

क्राइस्टचर्च, एजेंसी

- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट गवांकर बनाया 319 रन का स्कोर

<< पारी के दौरान शॉट लगाते स्टोक्स

हैरी ब्रूक ने सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए। पोप अंतिम सत्र में 77 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उसने ब्रूक को 18, 41, 70 और 112 रन के निजी योग पर जीवनदान दिये। ब्रूक ने इसका पूरा फायदा उठाया। वह अभी तक 163 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगा चुके हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट 319 रन से आगे बढ़ाकर 348 रन तक पहुंचाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

बॉलीवुड हलचल

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन

मुंबई। अभिनेत्री प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम में काम करती नजर आयेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। इस फिल्म में प्रभलीन संधू काम करती नजर आयेंगी। उन्हें फिल्म बकिंघम मर्डर्स में उनके अभिनय के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा मिली है। फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक कि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

पॉप-स्टार एड शीरन भारत के छह शहरों में देंगे प्रस्तुति

मुंबई। वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। भारत में 11 दिसंबर से टिकट की बिक्री, भूटान में 30 नवंबर को, कतर और बहरीन में छह दिसंबर को। दौरे का भारत चरण 30 जनवरी को पुणे में शुरू होगा और इसमें हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, शिलांग और दिल्ली भी शामिल होंगे। चुनिंदा कार्डधारकों के लिए प्री-सेल टिकट बुकमायशो पर नौ दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि सामान्य टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से शुरू होगी। एड शीरन पुणे : 30 जनवरी यश लॉन्स में, हैदराबाद : 2 फरवरी रामोजी फिल्म सिटी में, चेन्नई : 5 फरवरी वाईएमसीए ग्राउंड में, बेंगलुरु : 8 फरवरी एनआईसीई ग्राउंड्स में, शिलांग : 12 फरवरी जेएन स्टेडियम में और दिल्ली एनसीआर : 15 फरवरी लेजर वैली ग्राउंड में प्रदर्शन करेंगे।

मुनव्वर फारुकी ने मॉरीशस में पूरी की फर्स्ट कॉपी की शूटिंग

मुंबई। मुनव्वर फारुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी की पूरी कर ली है। फर्स्ट कॉपी का अंतिम शेड्यूल मॉरीशस के शानदार स्थानों पर शूट किया गया, जो इस रोमांचक प्रोजेक्ट का एक बेहतरीन समापन था। मुनव्वर ने फर्स्ट कॉपी के साथ अभिनय में कदम रखा है, यह एक ऐसी सीरीज़ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा के एक नए पहलू को उजागर करने का वादा करती है। शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर पहले ही वायरल हो चुकी है, जिसमें कलाकार- मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा और आशी सिंह- नाव पर आराम करते हुए, सौहार्द और खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। मुनव्वर ने अपने दिल की बात साझा की और बताया यह यात्रा अविश्वसनीय से कम नहीं रही है। मॉरीशस में फर्स्ट कॉपी को पूरा करना एक अवास्तविक एहसास है- जैसे इस प्रोजेक्ट में की गई सारी मेहनत, रचनात्मकता और जुनून का सही समापन हो। किरदार, कहानी और इस लुभावने स्थान ने इस अनुभव को वाकई खास बना दिया। मैं इस प्रक्रिया के माध्यम से एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में बहुत आगे बढ़ा हूं। मैं हर किसी को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हमने क्या बनाया है। फरहान पी जम्मा द्वारा निर्देशित और साल्ट मीडिया और आरवीसीजे द्वारा निर्मित फर्स्ट कॉपी दर्शकों को 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ले जाती है, जो डीवीडी युग के दौरान फिल्म पाइरेसी की दुनिया में ले जाती है।

फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

लखनऊ। नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।

इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

उत्तराखंड को मिली नेशनल विंटर गेम्स की मेजबानी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : 38 वें राष्ट्रीय खेलों के साथ ही उत्तराखंड को इस बार नेशनल विंटर गेम्स की भी मेजबानी मिल गई है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के अनुरोध पर 29 जनवरी से मौसम को देखते हुए विंटर गेम्स करवाने के लिए अनुमति दी है।

राज्य में विंटर गेम्स को लेकर लगातार उत्तराखंड विंटर गेम संगठन कई सालों से काम कर रहा है। उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के प्रेसिडेंट हर्ष मणि व्यास के मुताबिक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में अध्यक्ष शिवा केशवन द्वारा स्की एंड स्नो फेडरेशन इंडिया को उत्तराखंड में इस बार नेशनल विंटर गेम्स अलॉट हुए हैं। उम्मीद है कि इस साल अच्छी बर्फबारी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में विंटर गेम्स आयोजन की जो टेंटेटिव डेट्स उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह 29 जनवरी से 2 फरवरी तक दी गई हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मौसम और बर्फबारी पर निर्भर करता है।

- चमोली जिले के औली में 29 जनवरी से होगा आयोजन

विंटर गेम के क्षेत्र में उत्तराखंड देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। चमोली जिले के औली में पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम पर बना एसएस पांगती स्लोप इंटरनेशनल स्की एंड स्नो बोर्ड फेडरेशन (एफआईएस) से अप्रूव्ड स्लोप मौजूद है। ऐसा पूरे देश में केवल उत्तराखंड में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730*इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं।

अरबपति मलेशियाई का 86 वर्ष की आयु में निधन

कुआलालंपुर। मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है। फोर्ब्स पत्रिका ने आनंद को मलेशिया का छठा सबसे अमीर व्यक्ति बताया था जिनकी कुल संपदा 5.1 अरब डॉलर की है।

खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया।

ब्रिटेन की मंत्री ने धोखाधड़ी मामले में दिया इस्तीफा

लंदन। ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा। हेग के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले स्काई न्यूज और द टाइम्स ऑफ लंदन समाचार पत्रों में खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया है कि हेग पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। खबर के अनुसार हेग ने 2013 में कहा था कि उनका सेलफोन चोरी हो गया है।

ईरान यूरेनियम संवर्धन पर शुरू करेगा कार्य: संरा

दुबई। संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक निगरानी एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान अपने दो मुख्य परमाणु संयंत्रों (फोर्डो और नतानज) में हजारों उन्नत 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ यूरेनियम संवर्धन का काम शुरू कर देगा। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र के तहत कार्यरत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के नोटिस में कहा गया है कि केवल पांच प्रतिशत शुद्धता और नए 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ ईरान द्वारा यूरेनियम का संवर्धन किया जा रहा है, जो उसकी संवर्धन करने की मौजूदा क्षमता (60 प्रतिशत) से काफी कम है।

चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर 1,900 हुई

बीजिंग। कृत्रिम प्रजनन पद्धति के इस्तेमाल के बाद चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर लगभग 1,900 हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भालू के परिवार के ये सदस्य गोल चेहरे, मोटे शरीर और शरीर पर सफेद तथा काले बालों के विशिष्ट निशान के लिए पहचाने जाते हैं। इनकी आबादी बढ़ने के साथ ही ये लुप्तप्राय से संवेदनशील श्रेणी में आ गये हैं। चीनी विशेषज्ञों का कहना है कि विशाल पांडा का प्रजनन सबसे कठिन प्रक्रिया थी।

चक्रवात की आशंका

आईएमडी द्वारा समुद्र में न जाने की चेतावनी के बीच तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में मछुआरे अपनी नावों को समुद्र से दूर ले जाते हुए। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात फेंगल में तब्दील होने की आशंका है।

डेमोक्रेटिक सांसदों को बम विस्फोट की मिली धमकी

फ्लोरिडा। अमेरिकी के कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के कम से कम चार सांसदों को उनके घरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सांसदों एवं उनके कार्यालयों ने यह जानकारी दी। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों जिम हिम्स, जो कोर्टनी, जॉन लार्सन और जहाना हेस ने उन्हें धमकियां मिलने की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि उसे सांसदों की संपत्तियों पर विस्फोटक सामग्री से संबंधित कोई सबूत नहीं मिला।

राज्य से प्रतिनिधि सभा के पांचवें डेमोक्रेटिक सदस्य रोसा डेलाउरो और कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सीनेटर को भी धमकियां मिली हैं या नहीं। इससे एक दिन पहले, अमेरिका में कैबिनेट स्तर के कई मनोनीत और शीर्ष प्रशासनिक अफसरों को धमकी मिली थी।

भारत फिर चुना गया संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत

वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पीबीसी में 31 सदस्य देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत वर्तमान में भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।

शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हो रक्षा

भारत ने कहा- अंतरिम सरकार निभाए जिम्मेदारी, उग्र बयानबाजी व हिंसा की घटनाएं चिंताजनक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही, उसने पड़ोसी देश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जायसवाल ने कहा हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने पाया है कि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा जहां तक व्यक्तियों के खिलाफ मामलों का सवाल है, हमने पाया है कि कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। जायसवाल ने कहा हमें उम्मीद है कि ये प्रक्रियाएं मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाएंगी, जिससे सभी संबंधित लोगों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित होगा।

जानकारी देते रणधीर जायसवाल।

बांग्लादेश ने भारत से उसके राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

ढाका। बांग्लादेश ने कोलकाता स्थित उप उच्चायोग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत से देश में उसके सभी राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के दावा किया प्रदर्शन में बांग्लादेश का झंडा फूंका गया।

ब्रिटेन के सांसद ने हिंदुओं के उत्पीड़न का मामला संसद में उठाया

लंदन। ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की। ब्लैकमैन ने सांसदों को बताया उन्हें (दास) बांग्लादेश में गिरफ्तार किया गया है और पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की जा रही है, उनके घरों और मंदिरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा बांग्लादेश के उच्च न्यायालय में यह फैसला देने का प्रयास किया गया कि इस्कॉन को देश से प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए, जो हिंदुओं पर सीधा हमला है।

चिन्मय सहित 16 अन्य के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश

बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर जुटी भीड़।

ढाका। बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया और देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून ने बीएफआईयू के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और शुरुआत से लेन-देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। यह कार्रवाई हाल ही में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद की गई है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को भी इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

पाकिस्तानी महिला एजेंट को सात माह तक दी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार आरोपी के खाते में डालती थी पैसे

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि जय अंबे सोसायटी, तीसरे फाटक के पास, गांव आरभडा, ओखा मंडल, देवभूमि-द्वारका निवासी दीपेशभाई बटुकभाई गोहेल पिछले कुछ समय से व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी आर्मी या जासूसी एजेंसी आईएसआई के किसी अधिकारी या एजेंट के संपर्क में है।

सूचना के आधार पर दीपेशभाई गोहेल को पूछताछ के लिये गुजरात के अहमदाबाद एटीएस ऑफिस बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले तीन साल से ओखा जेट्टी पर कोस्ट गार्ड की नावों की मरम्मत का काम कर रहा है। आज से करीब सात महीने पहले वह साहिमा नाम की एक फेसबुक प्रोफाइल के संपर्क में आया। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने उसे बताया कि वह एक महिला है और पाकिस्तान नौसेना के लिये काम कर रही है। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने वाटसएप के माध्यम से भी उसका संपर्क किया। इसी बीच, उक्त साहिमा ने दीपेश गोहेल से उसके काम के बारे में पूछा तब उसने

गिरफ्तार आरोपी दीपेशभाई गोहेल।

बताया कि वह ओखा पोर्ट पर डिफेंस बोट में वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल तथा फर्नीचर संबंधी काम करता है। साहिमा ने तब उससे कहा कि वह उसे ओखा बंदरगाह पर तैनात किसी भी तटरक्षक जहाज का नाम और नंबर दे दें। वह उसे दो सौ रुपये रोज के हिसाब से हर महीने उसके बैंक खाते में पैसे जमा करेगी। इसलिए दीपेश गोहेल ने व्हाट्सएप के जरिये साहिमा को पैसे के लिये हर दिन ओखा जेट्टी जाकर वहां मौजूद नावों के नाम और नंबर और अपने दोस्तों के यूपीआई-लिंक्ड नंबर भेजे। इसके लिये साहिमा ने उसके दोस्तों के बैंक खाते में पिछले सात-आठ महीने के दौरान यूपीआई के माध्यम से 42,000 रुपये जमा किये हैं। जिस व्हाट्सएप अकाउंट पर साहिमा ने दीपेश गोहेल के साथ चैट की वह पाकिस्तान से संचालित होता पाया गया।

कैमरून में नाव पलटी, 20 की मौत

याउंडे। कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव पलट जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार शाम को बताया कि नाव उस समय पलट गई, जब वह लोगोने-एट-चारी डिवीजन के क्षेत्र में दारक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है, इससे और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं।

अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

वाशिंगटन, एजेंसी

- वायु सेना निरंतर परीक्षण के लिए 259 मिसाइलों का करेगा उपयोग

अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है।

जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है। सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है।

चीन ने ताइवान के राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर की आलोचना

ताइपे। ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते दक्षिण प्रशांत की अपनी यात्रा के दौरान हवाई और गुआम में ठहरेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है। लाइ शनिवार को ताइवान से मार्शल द्वीप समूह, तुवालु और पलाऊ की यात्रा के लिए रवाना होंगे जो ताइवान के तीन राजनयिक सहयोगी हैं। लाइ के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह अमेरिका के प्रांत हवाई और अमेरिकी क्षेत्र गुआम में रुकेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है।

वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण संधि पर सहमति बनाने के करीब पहुंचे

बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

- पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का मिला समर्थन

प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक संकट से निपटने के लिए काम कर रहे वार्ताकार शुक्रवार को एक संधि पर सहमति बनाने के और करीब पहुंच गए क्योंकि और भी देशों ने कहा है कि वे इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं। वार्ता का सबसे विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या प्लास्टिक के उत्पादन की सीमा तय की जाए।

पनामा ने प्लास्टिक उत्पादन के समाधान के लिए संधि के वास्ते एक मसौदे का प्रस्ताव किया। पनामा के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जुआन कारलोस मोंटेरी ने कहा कि संधि के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है और इसमें उत्पादन की सीमा शामिल नहीं की गई है। पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का समर्थन मिला है। वहीं, कुछ प्लास्टिक उत्पादक और सऊदी अरब सहित तेल एवं गैस उत्पादक देशों ने प्लास्टिक उत्पादन को संधि में शामिल किये जाने का विरोध किया।

युद्धविराम उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आह्वान

बेरूत। लेबनान के प्रधान मंत्री नजीब मिकाती ने गुरुवार को इजराइल पर हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया। लेबनान के मंत्रिमंडल की मंत्रिपरिषद के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मिकाती ने यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। इस दौरान उन्होंने बुधवार तड़के संघर्ष विराम लागू होने के बाद लेबनान में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

रूसी रक्षा मंत्री उ. कोरिया पहुंचे सैन्य विस्तार पर होगी बातचीत

सियोल, एजेंसी

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते

हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता। बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की।

उपराष्ट्रपति पर महाभियोग समय की बर्बादी : राष्ट्रपति

मनीला। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी। कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं। दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

खगोल विज्ञान | चकाचौंध कर देने वाली चमक है दूर की आकाशगंगा में

वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: ब्रह्मांड की खोज खबर में जुटी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक और कारनामा कर दिखाया है। इस बार 30 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की आकाशगंगा की तस्वीर कैमरे में कैद की है। यह आकाशगंगा चकाचौंध कर देने वाली चमक खुद में समाए हुए है, जो देखने में बेहद आकर्षक नजर आ रही है। जो महीन धूल से लेकर आंतरिक कोर क्षेत्र तारों के धब्बों को खुद मे समेटे है।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा (एम104) की नई तस्वीर को नासा ने दो दिन पहले जारी किया है। यह रोशनी से चकाचौंध कर देने वाली गैलेक्सी है। इसमें महीन धूल भरी पड़ी है। इसके आंतरिक कोर क्षेत्र में तारों को बखूबी देखा जा सकता है। नासा के अनुसार सोम्ब्रेरो आकाशगंगा विशेष रूप

से अत्यधिक सक्रिय तारों का निर्माण नहीं करती है। इसके केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल मौजूद है। यह प्रति वर्ष एक से भी कम सौर द्रव्यमान वाले तारे उत्पन्न करती है। मगर बड़ी संख्या में तारों का उत्पादन होता है। मगर इसकी तुलना स्टारबर्स्ट गैलेक्सी M82 से करें तो मिल्की वे और सोम्ब्रेरो की तुलना में प्रति वर्ष 10 से 20 गुना अधिक तारे पैदा होते हैं। सोम्ब्रेरो आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान लगभग 9 बिलियन सौर द्रव्यमान है। सोम्ब्रेरो गैलेक्सी में लगभग 2,000 तारों का गोलाकार समूह है, जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा गोलाकार झुरमुट में एक साथ बंधे होते हैं।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा कन्या राशि के निकट दक्षिणपूर्वी सीमा पर स्थित है। तस्वीरों में एम 104 एक आश्चर्यजनक आकाशगंगा नजर आती है। इसका परिमाण यानी चमक 8.3 मैनेट्यूट है। इसे छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। यह एक चमकदार कोर वाली सर्पिल आकाशगंगा है।

लगातार विस्तार की ओर ब्रह्मांड

नैनीताल: ब्रह्मांड का विस्तार निरंतर जारी है। यह कब तक जारी रहेगा, कहा नहीं जा सकता। खगोलविदों का कहना है कि जेम्स वेब की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अंतरिक्ष की दुनिया को समझने व देखने में काफी मदद मिली है। इस तरह की अभी कई दूरबीन अंतरिक्ष में स्थापित करनी होगी, तभी हम ब्रह्मांड को भलीभांति समझ पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में दुनिया के सभी देशों को एकजुट होना होगा और सूचनाओं का आदान प्रदान करना होगा।